You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-81 | मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



लीवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो पाचन, डिटॉक्सिफिकेशन और ऊर्जा भंडारण जैसे आवश्यक कार्य करता है। फैटी लीवर को रोका जा सकता है और स्वस्थ जीवनशैली और स्वस्थ खान-पान की आदतों को अपनाकर काफी हद तक इसे ठीक किया जा सकता है। जेपी नड्डा

झारखंड में पुलिस मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए 11

पंजाब की सीमा पर तीन ड्रोन, हेरोइन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार 12

## संक्षेप

### 2017 की नीति के तहत छूटे निवेशकों को मिलेगा अनुदान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग नीति-2017 को लागू होने से पहले आंशिक निवेश कर चुकी कंपनियों को भी रियायतें देंगी। यह फैसला राज्य के पारंपरिक वस्त्र उद्योग को बड़ी राहत देगा। प्रदेश सरकार के इस फैसले से करीब 26 औद्योगिक इकाइयों को सीधे तौर पर फायदा होगा। इन इकाइयों के लिए सरकार लगभग 60 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करेगी। इससे वे अपने उत्पादन को और बढ़ा सकेंगी। इसके लिए सरकार ने बकायदा शासनदेश जारी कर उन्हें योजना के दायरे में ले आने का निर्णय किया है। इन कंपनियों ने नियमानुसार निवेश तो किया था, लेकिन समय सीमा या तकनीकी कारणों से नीति का लाभ नहीं पा सके थे। 13 जुलाई 2017 से पूर्व अपना आंशिक निवेश करने वाली इकाइयों का वाणिज्यिक उत्पादन बाद में प्रारंभ हुआ, लेकिन अब उन्हें भी वर्ष 2017 की नीति का लाभ दिया जाएगा। यह निर्णय लघु, मध्यम, विस्तृत और मेगा श्रेणी की इकाइयों पर समान रूप से लागू होगा। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलेगी। ऐसे उद्यमियों का उत्साह बढ़ेगा, जिन्होंने पहले से अपनी पूंजी प्रदेश में लगाई है। अनुदान मिलने से उत्पादन क्षमता में इजाफा होगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश की सिल्क, टेक्सटाइल और गारमेंटिंग इकाइयों को एक स्थायी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को भी फायदा होगा।

### अयोध्या के छह प्रमुख प्रवेश द्वारों को पर्यटक केन्द्र बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रभु श्रीराम की राजधानी और सनातन सप्त पुरियों में विख्यात अयोध्या धाम में पर्यटक सुविधाओं में इजाफा करने जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अयोध्या के छह प्रमुख प्रवेश द्वारों को उत्तम पर्यटक सेवाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनाने की तैयारी है। प्रक्रिया के अंतर्गत श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, गरुण और जटायु द्वारों का गेट कॉम्पलेक्स के रूप में निर्माण व विकास होगा। इन सभी छह प्रवेश द्वारा के समीप पर्यटक सुविधा केन्द्रों का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त, बजट होटल, यात्री निवास पर्यटक केन्द्र व पर्यटन कार्यालय का विकास होगा। वहीं, आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, फूड कोर्ट, कैफ़ेटेरिया, रेस्तरां, एंफिथिएटर, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी कई सुविधाओं का यहां निर्माण व विकास किया जाएगा जो पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेंगे। इस विषय में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने खाका तैयार कर लिया है जिसके आधार पर सभी निर्धारित निर्माण व विकास कार्यों की पूर्ति में तेजी लायी जाएगी।

# हम पर संसदीय और कार्यपालिका के कार्यों में अतिक्रमण का आरोप लगाया गया है: न्यायालय

## सुप्रीम कोर्ट ने किया मुर्शिदाबाद में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग वाली याचिका पर निर्देश देने से साफ इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बी आर गवई ने न्यायपालिका को हाल में निशाना बनाए जाने का स्पष्ट जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि 'हम पर संसदीय और कार्यपालिका के कार्यों में अतिक्रमण करने का आरोप' लगाया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हाल में हुई हिंसा की जांच कराए जाने का अनुरोध करने वाली एक नयी याचिका पर न्यायालय की पीठ द्वारा विचार किए जाते समय न्यायमूर्ति गवई ने यह टिप्पणी की। इस पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। विधानसभा चुनावों के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने का अनुरोध करने वाले दो याचिकाकर्ताओं की ओर से 2021 में जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पीठ से नयी याचिका पर सुनवाई करने का मंगलवार को आग्रह किया। जैन ने कहा कि 2021 की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है तथा पश्चिम बंगाल में हिंसा की और घटनाओं को सामने लाने वाली नयी याचिका पर भी सुनवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''कल की सूची में मद संख्या 42 पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने से संबंधित है। यह याचिका मैंने दायर की है। उस याचिका में मैंने पश्चिम बंगाल राज्य में हुई हिंसा की कुछ और घटनाओं को सामने लाने संबंधी अभियोग और



निर्देश के लिए एक अंतर्वर्ती (इंटरलोक्यूटरी) आवेदन दायर किया है। अंतर्वर्ती (इंटरलोक्यूटरी) आवेदन एक औपचारिक कानूनी अनुरोध होता है जो अंतरिम आदेश या निर्देश प्राप्त करने के लिए न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दायर किया जाता है। जैन ने कहा कि अर्धसैनिक बल की तैनाती और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 355 का हवाला दिया, जो बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्यों की रक्षा करने के संघ के कर्तव्य से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत इस बारे में रिपोर्ट मांग सकती है कि राज्य में क्या हो रहा है। जैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने 2021 की याचिका पर पहले नोटिस जारी किया था। उन्होंने कहा, ''जब मामले पर सुनवाई होगी तो मैं बताऊंगा कि हिंसा कैसे हुई। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2021 में जनहित याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस याचिका में केंद्र को राज्य में सशस्त्र/अर्धसैनिक बलों को तैनात करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने याचिका पर केंद्र, पश्चिम बंगाल और निर्वाचन आयोग को नोटिस भी जारी किया था। हाल में शीर्ष अदालत में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गईं, जिनमें नए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की घटनाओं की अदालत की निगरानी में जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में वक्फ कानून से जुड़ी हिंसा की हालियां घटनाएं 14 अप्रैल को हुईं जबकि पुलिस ने दावा किया था कि पिछले दंगों के केंद्र मुर्शिदाबाद में कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है। मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में 11 और 12 अप्रैल को हुई सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम तीन लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग बेघर हो गए थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे ने पिछले सप्ताह न्यायपालिका ● शेष पेज 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के विवादित बयान के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए अटॉर्नी जनरल की अनुमति लेने को कहा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शीर्ष अदालत और मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की आलोचना करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए उसकी (शीर्ष अदालत की) अनुमति की नहीं, अटॉर्नी जनरल से उचित अनुमति लेने की जरूरत है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने श्री दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की गुहार लगाने वाले एक अधिवक्ता से कहा कि उन्हें इस मामले में याचिका दायर करने के लिए उसकी (शीर्ष अदालत की) अनुमति की नहीं, बल्कि अटॉर्नी जनरल से उचित अनुमति लेने की जरूरत है। पीठ ने इस मामले में एक वकील के (संबंधित मामले का) उल्लेख करने पर कहा कि वह अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से उचित सहमति लें। पीठ ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की आवश्यकता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें उससे अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, आप इसे (याचिका) दायर करें। दायर करने के लिए आपको हमारी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। श्री दुबे ने वक्फ कानून में हाल ही में लागू किए गए बदलावों के संबंध में शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश के लिए शनिवार को उन पर निशाना साधा। सांसद ने कथित तौर पर आरोप लगाया कि देश में हो रहे 'गृहयुद्धों' के लिए मुख्य न्यायाधीश जिम्मेदार हैं। आरोप है कि श्री दुबे ने एक्स पर पोस्ट किया, अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाता है तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए। श्री दुबे की इन टिप्पणियों के बाद उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग करते हुए कई याचिकाएँ दायर की गईं।

# आरएसएस भारत को हिन्दू राष्ट्र नहीं बना रहा, वह तो पहले से है: दत्तात्रेय होसबाले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने लखनऊ म में आयोजित शाखा में कहा कि संघ हिन्दू राष्ट्र नहीं बना रहा। हिन्दू राष्ट्र तो पहले से है। संघ हिन्दुओं को सेवाभावी हिन्दू बनाने एवं अकेले हिन्दू को शक्तिशाली कर रहा है। जातीय हिन्दू को राष्ट्रीय हिन्दू बना रहा है। हिन्दुओं को समरसता की धारा में लाने का काम संघ ने किया है। भले ही जन्म से वह हिन्दू है मगर उसके आचरण, स्वभाव और विचार से उसे सम्पूर्ण हिन्दू बनाने का कार्य संघ कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबने देश के लिए संकल्प लिया है। भारतवर्ष में जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। इसलिए यहां जन्म लेना हमारा सौभाग्य है। ऐसे में हमारा कर्तव्य भी बनता है कि हम समाज और देश के प्रति अपने संकल्पनिष्ठ कर्तव्यों का निर्वहन करें। भारत के साहित्यकारों, वैज्ञानिकों एवं समाजसेवकों आदि ने इसे संवार दिया है लेकिन इसे निरंतर उच्चता की ओर ले जाने के लिए हमें भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले एक वर्ष में संघ के पंच परिवर्तन के कार्य हर मंडल, हर शाखा, हर टोली तक पहुंचाना होगा। स्वयंसेवक होने के नाते हम सबको समय देना होगा, हमें अनुशासन में रहना होगा। संघ का कार्य एक दृष्टि से साधना है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपना मूल्यांकन करता रहे। वह जो भी गलती करता है, उससे सबक लेता है। उन्होंने कहा कि संघ के लोग आपदा के समय में प्रथम पंक्ति में खड़े रहते हैं। हमें कार्यकारिणी, अभ्यास वर्ग आदि की गुणवत्ता बढ़ानी चाहिए। हमारी गुणवत्ता की हर दिन परीक्षा होती है। यह आसान काम नहीं है। प्रतिदिन की शाखा देखने में तो आसान होती है मगर नियमित शाखा चलाना आसान नहीं है। जिंदगी भर संघ का कार्य करते हुए समाज का कार्य करने का हमने संकल्प लिया है। पूजा करने के समान ही संघ का कार्य भी पवित्र भाव से किया जाने वाला कार्य है। जब तक हिन्दू समाज है, हमें यह कार्य करना है। इससे पहले मैदान में ध्वजारोहण, प्रार्थना, प्रदक्षिणा, सामूहिक विषय प्रदर्शन, प्रदर्शन घोष, दंड योग, व्यायाम योग, आसन, गणगीत, सुभाषित, मंच परिचय, अमृत वचन व एकलगीत आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, सह ● शेष पेज 11 पर

# अनुराग श्रीवास्तव को मिला प्राइम मिनिस्टर अवार्ड




कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- जल जीवन मिशन परियोजनाओं में सोलर पावर के अभिनव प्रयोग के लिए पीएम ने किया सम्मानित
- मुरादाबाद के डीएम अनुज व बहराइच की डीएम मोनिका रानी को भी मिला पीएम अवॉर्ड

लखनऊ। 17वें सिविल सर्वेंट दिवस के मौके पर सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमामि गंगे विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित किया। उन्हें भारत सरकार द्वारा इनोवेशन स्टेट की कैटेगरी में वर्ष-2023 के लिए सम्मानित किया गया है। 1992 बैच के आईएएस अफसर अनुराग श्रीवास्तव को यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में सोलर पावर के इस्तेमाल के अभिनव प्रयोग के लिए दिया गया। नई दिल्ली में हुए कार्यक्रम के दौरान मुरादाबाद के डीएम अनुज सिंह को दिव्यांगों के लिए लाइब्रेरी बनाने और बहराइच डीएम मोनिका रानी को प्रशासनिक कार्यों के लिए प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार देश के ● शेष पेज 11 पर

## राहुल की नागरिकता पर हाईकोर्ट का सख्त रुख, केंद्र सरकार से दस दिन में स्पष्ट रिपोर्ट मांगी

लखनऊ। कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपना लिया है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह दस दिनों में इस सम्बन्ध में याची की ओर दाखिल प्रत्यावेदन को निस्तारित करें और नागरिकता को लेकर स्पष्ट रिपोर्ट दें। अगली सुनवाई के लिए 5 मई की तिथि नियत की गई है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। पिछली सुनवाई के दौरान डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने अदालत को बताया था कि याची के शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित मंत्रालय ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के बारे में विवरण मांगते हुए ब्रिटेन सरकार को पत्र लिखा है और इसलिए सरकार को शिकायत पर निर्णय लेने के लिए समय चाहिए। उल्लेखनीय है कि मामले में याची की ● शेष पेज 11 पर

# मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी कुशल बनें सैनिक : राजनाथ सिंह

एजेंसी




नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।

श्री सिंह ने सोमवार को राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में, हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।ङ्क उन्होंने जोर देकर कहा कि आजकल साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और मनोवैज्ञानिक मोर्चों पर युद्ध लड़े जा रहे हैं और सैनिकों को मानसिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है, क्योंकि राष्ट्र की रक्षा केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत व्यक्तित्व, प्रबुद्ध चेतना और जागरूकता से भी की जा सकती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक सैनिक के लिए शारीरिक शक्ति तो जरूरी है ही, साथ ही मानसिक शक्ति भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कठिन परिस्थितियों में सेवा करते हुए देश की रक्षा करते हैं और इन चुनौतियों का सामना एक मजबूत आंतरिक आत्मा से पैदा हुई ऊर्जा के जरिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक तनाव, अनिश्चितता और कठिन परिस्थितियों में काम करने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, जिसके लिए आंतरिक आत्मा को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए ब्रह्माकुमारी का अभियान इस दिशा में एक सराहनीय ● शेष पेज 11 पर

# पोप फ्रांसिस का निधन दुनिया भर में शोक

एजेंसी

वेटिकन सिटी। ईसाइयों के सर्वोच्च धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का ईस्टर के पवित्र त्योहार के अगले दिन सोमवार की सुबह कासा सांता मार्टा स्थित उनके निवास पर निधन हो गया। इस समाचार के साथ दुनिया भर में ईसाई जगत में शोक की लहर छा गयी।

वह 88 वर्ष के थे। सुबह पौने दस बजे अपोस्टोलिक चैंबर के कैमरलेंगो, कार्डिनल केविन फैरेल ने कासा सांता मार्टा से पोप फ्रांसिस की मृत्यु की घोषणा की। अपने वह मूलतः अर्जेंटीना के रहने वाले थे। पोप की पदवी हासिल करने के पहले उनका नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो था। कार्डिनल ने कहा, प्रिय भाइयों और बहनों, मुझे गहरे दुख के साथ हमारे पवित्र पिता फ्रांसिस के निधन की घोषणा करनी पड़ रही है। आज सुबह 7:35 बजे, रोम के बिशप, फ्रांसिस, परमपिता के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च की



सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने हमें निष्ठा, साहस और सार्वभौमिक प्रेम के साथ सुसमाचार के मूल्यों को, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए के लोगों के हित में जीना सिखाया। प्रभु यीशु के एक सच्चे शिष्य के रूप में उन्होंने जो उदाहरण पेश किया, उसके लिए अत्यधिक आभार के साथ, हम उनकी सराहना करते हैं। पोप फ्रांसिस की आत्मा एक और त्रिएक ईश्वर के असीम दयालु प्रेम के प्रति समर्पित है। वेटिकन न्यूज़ की एक रिपोर्ट के अनुसार कई दिनों तक ब्रोंकाइटिस से पीड़ित रहने के बाद पोप ● शेष पेज 11 पर

# प्रशासनिक सेवाओं में सुधार जरूरी, अधिकारियों के काम पर सबकी निगाह : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने प्रशासनिक सेवाओं में सुधार की जरूरत पर बल देते हुए सोमवार को कहा कि देश की बढ़ती आकांक्षाओं और ऊंचे लक्ष्यों को पूरा करने में प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी भूमिका और बहुत बड़ा दायित्व है तथा हर किसी की निगाह अधिकारियों पर है।

श्री मोदी यहां सत्रहवें लोक सेवा दिवस पर देश भर से एकत्रित प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ऊर्जा की सुनिश्चित से जुड़े लक्ष्य, स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े लक्ष्य, खेल-कूद के मैदान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र-... हर सेक्टर में देश का परचम और नई ऊंचाइयों पर लहराना है। ... जब मैं बात करता हूं तब और देश जब सोचता है तब, हर किसी की नजर आप पर है, भरोसा आप सभी पर है, बहुत बड़ा दायित्व आप सब मेरे साथियों पर है। श्री मोदी ने कहा, आपको जल्द से जल्द भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी भी बनाना है। इस काम में विलंब न हो, ये आप सभी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने



कहा, यह वक्त, लोक सेवकों के सुधार को नए तरीके से अभिकल्पित करने करने का है। हमें सुधारों की गति और पैमाना दोनों बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सहयोगी डॉ जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधान सचिव शक्तिकांत दास, कैबिनेट सचिव डॉ टीवी स्वामिनाथन और केंद्र सरकार के कुछ अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने कहा, इंफ्रास्ट्रक्चर हो, रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य हों, इंटरनल सेक्योरिटी हो, करप्शन ख़त्म करने का हमारा लक्ष्य हो, सामाजिक कल्याण की योजनाएं हों, ओलंपिक से जुड़े, खेल-कूद से जुड़े लक्ष्य हों, हर सेक्टर में हमें नए सुधार करने हैं उन्होंने यह भी कहा कि अपने काम करते हुए हमें सदैव यह याद रखना चाहिए, कि दुनिया में तकनीक का बोलबाला कितना भी हो जाए, मानवीय निर्णयों का महत्व कम नहीं होगा। उन्होंने कहा, संवेदनशील रहिए, गरीब की आवाज सुनिए, गरीब की तकलीफ समझिए, उनका समाधान करना अपनी प्राथमिकता बनाइए, जैसे अतिथि देवो भवः होता है, वैसे ही नागरिक देवो भवः इस मंत्र को लेकर के हमें चलना है। उन्होंने कहा, आपको सिर्फ भारत के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में ही नहीं, विकसित भारत के शिल्पकार के रूप में अपने आपको दायित्व के लिए तैयार करना है। अब वक्त बदल चुका है, साथियों, मैं जिस रूप में आने वाले भारत को देख रहा हूं, जिन सपनों को मैं हिन्दुस्तान के 140 करोड़ देशवासियों की आंखों में देख रहा हूं और इसलिए मैं अब कह रहा हूं कि आप सिर्फ सिविल सर्वेंट (प्रशासनिक अधिकारी) नहीं हैं, आप नए भारत के शिल्पकार हैं। शिल्पकार का उस दायित्व निभाने के लिए हम स्वयं को सक्षम बनाएं, हम समय को लक्ष्य के लिए समर्पित करें, हर सामान्य व्यक्ति के सपने को खुद के सपने बनाकर के जिएं, आप देखिए विकसित भारत आपकी आंखों के सामने आप देख पाएंगे। उन्होंने, मैं आज जब मैं यह भाषण कर रहा हूं, तब मेरी नजर एक छोटी सी गुड़िया पर गई, वहां बैठी है, हो सकता है, वह 2047 में शायद यहां कहीं बैठी होगी। ये सपने हमारे होने चाहिए, विकसित भारत का यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदल रही दुनिया में हमारा सरकारी अमला, हमारा कामकाज, हमारी नीति-निर्माण प्रक्रियाएं पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश में व्यवस्था परिवर्तन का एक बहुत बड़ा महायज्ञ शुरू हुआ है। हम इस तेज स्पीड के साथ खुद को ढाल रहे हैं। उन्होंने कहा, आज भारत का अकंाक्षाओं वाला समाज, भारत के युवा, भारत के किसान, भारत की महिलाएं, उनके सपनों की उड़ान आज जिस ऊंचाई पर है, वह वाकई अभूतपूर्व है। इन अभूतपूर्व ● शेष पेज 11 पर

# भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं व विद्यालय प्रबंधक के बीच छिड़ी जंग

## गणतंत्र दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा निकालकर फेंकने का मामला

## विद्यालय प्रबंधक समेत 9 लोगों पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने कराया एफआईआर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं व रामचरण इंटर कॉलेज कैथवल लेडियारी के प्रबंधक के बीच जंग तेज होती जा रही है। मामला यह है कि गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिव शंकर केसरी ने विद्यालय में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की लगी तस्वीर को निकाल कर फेंक दिया था। जिसका विरोध भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज दिनेश चौधरी के नेतृत्व में किया गया था। इतना ही नहीं एसडीएम को ज्ञापन देकर विद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया था। जिस पर विद्यालय प्रबंधक ने माफी मांगते हुए विद्यालय परिसर में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगवाने की बात कही थी। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी के मुताबिक प्रतिमा 20 हजार की बनकर आ गई है। लेकिन विद्यालय प्रबंधक के द्वारा लगवाई नहीं जा रही है। 20 अप्रैल रविवार को भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी के द्वारा खीरी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि प्रबंधक शिव शंकर केसरी के द्वारा प्रतिमा लगाए जाने को लेकर बातचीत के लिए बुलाया गया था। जब मैं डॉ कमलेश गौतम समेत कई अन्य साथियों के साथ बातचीत करने पहुंचा तो वहां पहले से ही 20 से 25 अन्य लोगों को बुला लिए थे, परिवार के भी कई लोग थे। जिन्होंने हम लोगों को गाली देते हुए अपशब्द कहते हुए कहा विद्यालय में तुम चमारों के लिए कोई स्थान नहीं है। इतना ही नहीं कहा कि अपने विद्यालय में अंबेडकर की प्रतिमा किसी सूरत में नहीं लगाऊंगा। इतना ही नहीं भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि जब मैं अपने अन्य साथियों के साथ बातचीत कर वापस लौट रहा था तो विद्यालय के प्रबंधक शिव शंकर केसरी समेत उनके परिवार के कई लोग मिलकर हम लोगों को लाठी डंडों से मारा पीटा कपड़े फाड़ दिए। मोबाइल नकद रुपए व अंगूठी इत्यादि छीन लिए। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी की तहरीर पुलिस ने विद्यालय के प्रबंधक समेत कुल नौ लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है। वही 20 से 25 अन्य अज्ञात के विरुद्ध भी मुकदमा लिखा गया है। हालांकि 21 अप्रैल सोमवार को विद्यालय के प्रबंधक की ओर से भी खीरी पुलिस को तहरीर दी गई है। जिसमें भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष समेत अन्य साथियों पर फर्नीचर की दुकान पर मारपीट करने व तोड़फोड़ कर छिनैती जैसे आरोप लगाए गए हैं। अगर देखा जाए तो डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का यह मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जंग इतनी तेज हो गई है कि भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष की ओर से विद्यालय प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। वही विद्यालय के प्रबंधक की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# राजस्व टीम ने गजाधरपुर आरआरसी सेंटर के रास्ते का किया सीमांकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। तहसीलदार कोरांव के नेतृत्व में गजाधरपुर पहुंची राजस्व टीम ने चकमार्ग संख्या 565 पर हुए अवरोध को हटाते हुए उसका सीमांकन कर दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ल अपने दल बल के साथ वहां मौजूद रहे। बता दें कि गजाधरपुर के डंडियां मजरे में आरआरसी सेंटर का निर्माण किया गया है। उसी के सामने से आने जाने के लिए चकमार्ग संख्या 565 है।

उक्त रास्ते पर अगल बगल के काश्तकारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से वाहनों को आने जाने में दिक्कत हो रही थी। इस समस्या के मद्देनजर ग्राम प्रधान चंपा देवी के प्रतिनिधि ब्रजभूषण पांडेय ने उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह से उक्त रास्ते का सीमांकन किए जाने के बाबत प्रार्थना पत्र दिया था। आवागमन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल के नेतृत्व में टीम गठित कर रास्ते का सीमांकन करने का आदेश निर्गत किया था। उक्त आदेश के निस्तारण के क्रम में सोमवार दोपहर बाद स्थल पर पहुंची राजस्व टीम ने चकमार्ग का सीमांकन कर दिया। चकमार्ग का सीमांकन किए जाने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई।

# गर्मी को दिखते हुए एसपी ने यातायात पुलिस जवानों को बांटे छाते तथा पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जिले में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिलेंगी गर्मीयों में बड़ी राहत, एसपी ने जवानों को बांटे छाते और पानी की बोतलें, अधिकारियों ने बढ़ाया हौसला। जहां पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए एक अनूठी पहल की है। तेज धूप में ड्यूटी कर रहे जवानों को गर्मी से राहत देने के लिए उन्होंने छाते और पानी की बोतलें वितरित कीं। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस, सिपाही और होमगार्ड को यह सामान दिया गया। एएसपी अखिलेश सिंह और सीओ सिटी सोनम सिंह ने भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जवानों को सामग्री वितरित किया ।एसपी दीपक भूकर ने कहा कि भीषण गर्मी में सड़कों पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए उन्हें राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी जवानों को और सुविधाएं दी जाएंगी। पुलिस विभाग सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है। जवानों की भलाई भी प्राथमिकता है। एसपी ने अन्य अधिकारियों से भी अपने क्षेत्र के पुलिसकर्मियों की जरूरतों का ध्यान रखने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने इस पहल की सराहना की। उनका कहना है कि यह सुविधाएं न सिर्फ शारीरिक राहत देंगी, बल्कि मनोबल भी बढ़ाएंगी। जल्द ही जिले के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह का वितरण किया जाएगा।

## समकालीन दौर में प्रिंट मीडिया की चुनौतियां '' विषयक संगोष्ठी

कुशीनगर । सोशल मीडिया के दौर में प्रिंट मीडिया के सामने चुनौतिया बढ़ गई हैं द्य विशाल वट वृक्ष के रूप में आज सोशल मिडिया पूरी दुनिया में फ़ैल चुकी हैद्य हालांकि सबसे पहले प्रिंट मिडिया ही विकसित हुआ लेकिन घबराने की जरूरत नही हैं दौर आते जाते रहेंगे द्य उक्त बातें कुशीनगर के पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय उ.र्फ गुड्डू भईया ने मुख्य अतिथि के रुप मे बौद्ध संग्रहालय में जर्नलिस्ट्स वेलफ़ेयर आर्गनाइजेशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय अवधेश तिवारी की 13 वीं पुण्यतिथि पर ज़े.डब्लू.ओ कुशीनगर एवं ''नवप्रभा'' शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय मंच कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर में आयोजित ''समकालीन दौर में प्रिंट मिडिया की चुनौतियां ''विषयक संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहाद्य कहा कि डिजिटल और प्रिंट दोनो मिडिया की अपनी महत्ता है द्य सुबह उठ कर हम टीवी नहीं देखते है बल्कि अख़बार खोल कर देखते है। टीवी समाचार हम अधिकांशतः शाम को ही देखते है द्य प्रिंट मिडिया को लांच करने के लिए बहुत सारी आवश्यकता होती हैं जबकि सोशल मिडिया को इसकी आवश्यकता नहीं होतीद्य प्रिंट मिडिया में आज की खबरें कल पढ़ने को मिलती है जबकि इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मिडिया पर तत्काल खबरें देखने और पढ़ने को मिल जाती है द्य प्रिंट मिडिया मे हमें विस्तार पूर्वक कला, संस्कृति, आर्टिकल आदि पढ़ने को मिल जाता है लेकिन डिजिटल मिडिया में नहीं मिल पाता है द्य डिजिटल मिडिया में खबरें केवल आंशिक रूप में ही पढ़ने को मिल पाता है द्य दोनों का महत्व भी है तथा चुनौतिया भी द्य विशिष्ट अतिथि बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि प्रिंट मीडिया का अस्तित्व कभी समाप्त नहीं होगा द्य आज भी प्रिंट मीडिया की खबरें पूरी तरह प्रासांगिक हैं।

# जनता को अब मिलेंगी यातायात से निजात हुआ भूमि पूजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। जनपद में जाम की समस्या होगी खत्म, बड़े चौराहे पर गाड़ियों की लेवल पार्किंग बनेगी, डीएम गौरांग राठी के साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया भूमि पूजनआपको बताते चलें कि उन्नाव शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। बड़े चौराहे के पास ओवर ब्रिज के निकट लेवल पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भूमि पूजन किया। बड़ा चौराहा शहर का सबसे व्यस्त इलाका है। यहां दिनभर यातायात का दबाव रहता है। ओवर ब्रिज के पास अवैध पार्किंग से अक्सर जाम लग जाता है। नई पार्किंग से व्यापारियों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। डीएम गौरांग राठी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस पार्किंग में 100 से अधिक चारपहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। पार्किंग का डिजाइन ऐसा है कि बारिश में भी यह सुविधा चालू रहेगी। यूएसडीए सचिव नवीन चन्द्र ने बताया कि पार्किंग का निर्माण दो महीने में पूरा होगा। निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। व्यापारियों और नागरिकों को कोई असुविधा न हो, इसका खास ख्याल रखा जाएगा। व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्किंग की समस्या से ग्राहकों को परेशानी होती थी।

# ग्यारह टीबी मरीजों को गोद लेकर टीबी उन्मूलन का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। कवियित्री और समाजसेवा डॉ सरिता सिंह की प्रेरणा से तीन लोगों ने संयुक्त तौर से ग्यारह टीबी मरीजों को गोद लेकर टीबी उन्मूलन का संकल्प लिया है। जिले में इस समय 3736 निक्षय मित्र 5405 टीबी उपचाराधीन रोगियों को गोद लेकर उनकी देखभाल कर रहे हैं। यह जानकारी जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी (डीटीओ) डॉ गणेश यादव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम नवागत सीएमओ डॉ राजेश झा की प्राथमिकताओं में भी शामिल है। उनके नेतृत्व में इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की जाएगी।डीटीओ डॉ यादव ने बताया कि महायोगी गुरू गोरखनाथ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ लाइब्रेरियन डॉ भारतेंदु सिंह, पूर्वांचल फिजियोवेलफ़ेयर से डॉ राकेश कुमार सिंह और अधिवक्ता पूजा गुप्ता ने ग्यारह टीबी मरीजों के बीच शनिवार शाम पोषण पोटली वितरित की। इन लोगों को डॉ सरिता सिंह द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया गया था। डॉ सिंह कुष्ठ रोग विभाग में कर्मचारी भी हैं, जिसकी वजह से वह राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को करीब से जानती हैं।

डॉ सरिता सिंह ने बताया कि उन्हें डॉ गणेश यादव और विभिन्न संचार माध्यमों से टीबी मरीजों के एडॉप्शन का महत्व पता चला । उन्होंने अपने परिचितों में इस बात का प्रचार प्रसार किया कि उपचाराधीन टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें इलाज चलने तक हर माह पोषण पोटली व मानसिक संबल एवं यथासंभव अन्य आवश्यक सहयोग देने से वह जल्दी ठीक हो जाते हैं। उनकी दवा नियमित रहती है तो जटिलताएं भी नहीं बढ़ती है। इससे संक्रमण की चेन भी टूट जाती है और समाज का टीबी से बचाव होता है। मरीजों को गोद लेने वाले तीनों निक्षयमित्रों ने बताया कि वह इलाज चलने तक सभी मरीजों की यथासंभव मदद करेंगे। साथ ही अन्य लोगों और गैर सरकारी संगठनों को भी निक्षय मित्र बन कर टीबी उन्मूलन में योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगे।इस अवसर पर पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्र, एसटीएस मयंक, गोबिंद और जिला क्षय रोग केंद्र के कई कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षकों की त्रिदिवसीय कार्यशाला शुरू

## 21 से 23 अप्रैल तक चलेगी कार्यशाला, प्रशिक्षकों में नवीनता व प्रवीणता के गुण होना आवश्यकः राकेश सैनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर । भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश गोरखपुर द्वारा संस्था के प्रशिक्षकों की त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन अयोध्या दास स्काउट कुटीर सिविल लाइंस गोरखपुर में जिला मुख्यायुक्त राम जन्म सिंह के निर्देशन आयोजित किया गया। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट गोरखपुर/देवीपाटन मंडल राकेश कुमार सैनी ने प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए तीन दिनों के पाठ्यक्रम से अवगत कराया। उन्होंने कहा इस कार्यशाला से लाभान्वित होकर प्रशिक्षकों को अधिक ऊर्जा के साथ विद्यालयों में जाकर स्काउट गाइड गतिविधि के उद्देश्यों की पूर्ति करनी होगी। इसके पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त राकेश कुमार सैनी द्वारा ध्वज फहराकर किया गया। इसके पूर्व स्काउट प्रार्थना व झंडा गीत हुआ।

प्रथम दिवस कार्यशाला में विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई जिसमें प्रमुख विषय क्रमशः टोली विधि, नियम,प्रतिज्ञा,झंडा गीत,प्रार्थना,स्काउट चिन्ह,सैल्यूट,संगठन,ध्वज शिष्टाचार,आधारभूत सिद्धांत,ड्यूटी चेंज, ध्वजावतरण की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स स्काउट ज्ञानेंद्र ओझा,जिला सचिव रंजना राय,जिला आयुक्त कब रामाशीष,प्रशिक्षण आयुक्त अजय सिंह,इशरत सिद्दीकी, प्रतिमा शुक्ला,सहायक लीडर ट्रेनर अजय गुप्ता बजरंगी,ओम प्रकाश उपाध्याय, राजेश चंद चौधरी,किरन देवी,जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशांक पांडे,राजू मौर्य,खुशबू गौड़,गौरी गुप्ता,लाजो रानी,सहित 50 प्रशिक्षकों की उपस्थिति रही।

# एक राष्ट्र–एक चुनाव कार्यक्रम आयोजित



उन्नाव। भगवंत नगर विधान सभा के अंतर्गत अचलगंज में,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' कार्यक्रम की बैठक को सम्बोधित किया जनपद के भगवत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला रहे मौजूद।''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' की अवधारणा हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेगी। भारत के लोकतंत्र को अधिक सशक्त, समृद्ध और प्रभावी बनाने में ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' अद्वितीय भूमिका सुनिश्चित करेगा। जिलाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी ,पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ,सिद्धार्थ दीक्षित ,अनिल कुशवाहा ,अजय बाजपेई ,विद्याभाषकर धीरज शुक्ला ,रमा गुप्ता , समीर शुक्ला ,जितेन्द्र पटेल , अवनीश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर एवं राजस्व की समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर, करेत्तर, राजस्व संग्रह एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी, राज्य कर, परिवहन, विद्युत देय एवं अलौह खनन वसूली आदि की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कर व राजस्व संग्रह बढ़ाने के निर्देश दिए।उन्होंने मंडी आय और आवक को लक्ष्यानुरूप सुनिश्चित करने पर बल देते हुए अवैध गेहूं खरीद में संलिप्त व्यापारियों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों, विशेषकर धारा 24 एवं 116 से संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही चक रोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु भी विशेष अभियान संचालित करने को कहा।डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन एवं टैबलेट का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने तथा जीएसटी संग्रह में जारी आरसी की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिन प्रकरणों में वसूली संभव नहीं है, उनमें राजस्व एवं राज्य कर की संयुक्त टीम गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।सहायक आयुक्त (राज्य कर) को लक्ष्य से कम वसूली के संबंध में आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिया।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय सीमा के भीतर आवेदनों का निस्तारण करते हुए डाटा फीडिंग का कार्य अपने पर्यवेक्षण में सुनिश्चित करें, ताकि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो।

# युवक के हत्या के तीन अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ढड़ौली में 18 अप्रैल को रात्रि को 9.30 बजे के करीब बदमाशो ने लाठी डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिया था। पुलिस यूट्यूबर शिल्पा यादव की तहरीर पर रामसिंह सिंह अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को थानेदार महेश कुमार चौबे,एसआई धनश्याम उपाध्याय,एसआई विनोद कुमार,एसआई संदीप चौधरी,एसआई रमेश यादव,एसआई मृत्युंजय कुमार कास्टेबिल विकास यादव,रुद्र सिंह,सुरेंद्र रावत,संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि हत्या में शामिल तीन अभियुक्त मुस्तफाबाद नहर पुलिया की पास मौजूद है।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। और तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान हिमांशु सिंह पुत्र सतेंद्र प्रताप सिंह निवासी मुस्तफाबाद उर्फ मलउर के खिलाफ सहजनवा और गीडा थाने में दो केस दर्ज है।

बृजेश यादव पुत्र जनार्दन यादव निवासी बस्तीदेवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीरनगर,,बृजेश पुत्र महेंद्र प्रसाद निवासी धर्मदासपट्टी थाना सहजनवा के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के निशानदेही पर तीन रक्तरंजित डंडा,बाइक पल्सर, बरामद किया है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बसंतकुंज, चारबाग समेत 20 स्थानों पर नए हेल्थ एटीएम लगेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, प्रभावी और किफायती बनाने के लिए हेल्थ एटीएम का विस्तार किया जाएगा। चारबाग, बसंतकुंज, हजरतगंज समेत 20 स्थानों पर नए हेल्थ एटीएम स्थापित किए जाएंगे। मंडलायुक्त कार्यालय में हुई इस बैठक में हेल्थ एटीएम की समीक्षा की गई। इस दौरान कमिश्नर ने मौजूदा समय हेल्थ एटीएम की स्थिति, मरीजों की संख्या और संचालन में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल की। बैठक में स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक परियोजना ने कमिश्नर को बताया कि कुछ केंद्र ऐसे हैं जो सही जगह स्थापित नहीं हुए। इनके स्थानांतरण की आवश्यकता है, ताकि उन स्थानों पर इनको लगाया जाए, जहां ज्यादा लोग पहुंचें। इसके साथ ही कुछ सेंटरों पर पानी एवं सीवर की समस्या है, जिससे संचालन में दिक्कत आ रही है। इस पर कमिश्नर रोशन जैकब ने ऐसे हेल्थ एटीएम के स्थान बदलने का निर्देश दिया। साथ ही बुनियादी समस्याओं जैसे हेल्थ एटीएम को ढंक रहे पेड़ों की कटाई-छंटाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य दीवारों पर साइनेज बोर्ड एवं व्यापक प्रचार-प्रसार की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के भी कमिश्नर ने निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने हेल्थ एटीएम केंद्रों पर कैनोपी लगाने, केंद्रों पर एक छोटी विंडो बनाने के साथ ही केंद्र संचालकों के आईडी कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, महाप्रबंधक परियोजना लखनऊ स्मार्ट सिटी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आज की बैठक में लगभग 20 नए हेल्थ एटीएम केंद्र बनाए जाने के प्रस्ताव पर कमिश्नर ने स्वीकृति दी। इनमें चारबाग, बोटैनिकल गार्डन, वसंत कुंज, हजरतगंज पार्किंग, वृंदावन योजना, ईदगाह, लोहिया पार्क, सीएसआई टावर, पुलिस लाइन, विकास भवन, कलेक्ट्रेट, एयरपोर्ट आदि उपयोगी स्थलों पर नए हेल्थ एटीएम केंद्र बनाए जाने के निर्देश दिए।

# विरोध के बीच अवैध अपार्टमेंट पर चली एलडीए की जेसीबी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ठाकुरगंज में कार्रवाई करते हुए पांच मंजिला अवैध अपार्टमेंट पर बुलडोजर चला दिया। एलडीए की इस कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों ने बिल्डर का पक्ष लेते हुए विरोध शुरू कर दिया किन्तु एलडीए की टीम ने अपनी कार्रवाई जारी रखी और बिल्डिंग का काफी हिस्सा ध्वस्त कर दिया। हालांकि घनी आबादी के बीच जहाँ इस अवैध निर्माण से सटे हुए कई अन्य भवन भी थे ऐसे में इस अवैध निर्माण पर सीधे सीधे जेसीबी चला कर इसको ध्वस्त किया जाना खतरे से खाली नहीं था शायद यही वजह रही की एलडीए की टीम आधी अधूरी कार्यवाही कर वहाँ से लौट गयी। उधर गोसाईंगंज में एक अवैध प्लाटिंग भी ध्वस्त की गयी, जबकि चिनहट में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण को टीम द्वारा सील कर दिया गया। आपको बता दे की एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवैध निर्माण व अवैध रूप से होने वाली प्लाटिंग के खिलाफ सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। जिसके चलते प्रवर्तन टीम द्वारा शहर भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने ठाकुरगंज के दौलतगंज क्षेत्र में कार्यवाही की। एलडीए के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि बिल्डर सज्जाद व अन्य द्वारा मिर्ज़ा अली खान मोहल्ले में लगभग 2000 वर्गफिट के प्लॉट पर अवैध रूप से पांच मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस निर्माण कार्य के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता संजय शुक्ला के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। इस बीच कुछ लोगों ने विरोध करते हुए कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस बल की उपस्थिति के चलते उन लोगों को पीछे हटना पड़ा। जोनल अधिकारी ने बताया कि अपार्टमेंट घनी आबादी के बीच बनाया जा रहा था, जिसके अगल-बगल कई मकान बने हैं। इसके चलते पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। आसपास खुली दुकानों को बंद करवाकर जेसीबी के माध्यम से अवैध स्ट्रक्चर तोड़ा गया।

## गोसाईंगंज में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि पंकज सिंह व राम रतन द्वारा गोसाईंगंज के चांद सराय में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। जिसमें डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

## चिनहट में भी अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि डॉ मनीष पटेल व अन्य द्वारा चिनहट के जुग्गौर में मां वैष्णो देवी एजुकेशनल लॉ कॉलेज के बगल में लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के प्लॉट पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस निर्माण कार्य को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया।

# कर्मचारी संघ ने की महापौर से मुलाक़ात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।नगर निगम कर्मचारी संघ ने महापौर सुषमा खर्कवाल का हालचाल जानने और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करने के लिए उनसे मुलाकात की। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष व सदस्यों ने महापौर के नेतृत्व और उनके द्वारा शहर के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शहर का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने महापौर को आश्वस्त किया कि वे उनके साथ शहर के विकास और नागरिकों तथा कर्मचारियों की सेवा के लिए काम करेंगे।महापौर ने कर्मचारी संघ के आनंद वर्मा व राम अंचल महामंत्री के साथ साथ सदस्यों का आभार व्यक्त किया और उन्हें शहर के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी का सहयोग और समर्थन आवश्यक है और वे कर्मचारी संघ के साथ मिलकर कर्मचारियों की मांगों की पूर्ति व शहर को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगी। महापौर जी ने आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों की लंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास करेंगी और शहर के विकास में कर्मचारियों का योगदान अहम होता है।इस मौके पर संरक्षक राम चंदर यादव, अध्यक्ष आनंद वर्मा, महामंत्री राम अंचल, हेमंत कुमार,शमील एखलाक, मो0 शोएब उपाध्यक्ष, मंत्री लक्ष्मी, रेखा यादव और मिर्ज़ा इरशाद बेग, कार्यालय मंत्री शत्रोहन, संगठन मंत्री अर्जुन यादव, निखलेश खरे, कोषाध्यक्ष यश विजय प्रकाश गुप्ता, संयुक्त मंत्री अनुज कुमार गुप्ता, सहायक मंत्री जाकिर अली, सुखदेव ,मनीष पाल सदस्य कार्यकारिणी सुखदेव और मनीष पाल अब्दुल तनवीर अर्क गौतम पवन पाल शमशाद सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंद्रानगर स्थित सिटी इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तीन दिवसीय इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 38 प्रतिष्ठित स्कूलों के लगभग 350 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

टूर्नामेंट में भारतीय वॉलीबॉल टीम के पूर्व कप्तान व अर्जुन अवार्डी रनवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में सिटी इंटरनेशनल स्कूल की चीफ मेंटर व सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की संस्थापक डा. भारती गांधी, सीआईएस की संस्थापक डा. सुनीता गांधी व सीआईएस के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉबर्ट गांधी समेत कई स्कूलों के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर डा. भारती गांधी ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल बेहद जरूरी है। वहीं सीआईएस की संस्थापक डा. सुनीता गांधी ने कहा कि खेल का मतलब टीम वर्क और छात्रों को अभी से टीम वर्क सिखाना बेहद जरूरी है। सीआईएस के मैनेजिंग डायरेक्ट रॉबर्ट गांधी ने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे सभी छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

## माधुरी भूषण तिवारी बने नाका हिंडोला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विशेष अधिवक्ता राजस्व लखनऊ मंडल और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केकेसी माधुरी भूषण तिवारी नाका हिंडोला अधिवक्ता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। अनुज बाजपेई महामंत्री, विजय कुमार द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सुधाकर औदिच्य उपाध्यक्ष बने। चुनाव अधिकारी चंद्र देव तिवारी ने बताया कि नाका के होटल मैक्स में प्रमोद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए। इस मौके पर विभिन्न बार एसोसिएशन के नेताओं सहित यज्ञमणि दीक्षित, आमोद श्रीवास्तव,अरविंद जायसवाल तेजू, आशीष राय, अमित मिश्रा, अंकित जायसवाल, राहुल मिश्रा और अभय श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी ने मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड गोसाईगंज सभागार में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के महत्वपूर्ण घटकों जल आपूर्ति योजनाओ का पंचायत को हैंड ओवर/टेक ओवर, संचालन रखरखाव एवं विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक व समूह की एक सक्रिय महिला मौके पर उपस्थित रही। प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल ने किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को किया जाएगा। एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला के साथ वरिष्ठ फैकल्टी रागिनी गिरी सह प्रबंधक डीपीआरसी रायबरेली उपस्थित रहे।

## भाकियू (अ ) में कुनबा बढ़ा, मंडल व मीडिया प्रभारी पद संभाला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गंगागंज निवासी अब्दुल फुरकान को मंडल मीडिया प्रभारी पद के लिए सुनील कुमार वर्मा (मंडल अध्यक्ष) की ओर से नियुक्त किया गया है तो मेड़ई का पुरवा के अजय को लखनऊ जिले का मीडिया प्रभारी पद लखनऊ जिला अध्यक्ष राजा कुमार यादव ने सौंप दिया है।नव नियुक्त दोनों पदाधिकारियों से उम्मीद की गई है कि वे अपने पद पर रहते हुए यूनियन से जुड़े सभी कार्य पूरी ईमानदारी से करेंगे। दोनों पदाधिकारियों की ओर से भी किसानों के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के करने की बात कही है।

## मास्टर्स ब्लास्टर ने जीता पहला एलबीसीएल कप



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्रिकेट के नए और रोमांचकारी अंदाज के दो दिन तक चले 16 टीमों के ज़बर्दस्त मुकाबलों में ब्लास्टर की टीम ने बाजी मारते हुए फाइनल में तैयब एलवन को एक रोमांचक मुकाबले में हराकर एलबीसीएल ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ ही 30 हजार रुपये इनाम मिला। लखनऊ के दो युवा खिलाड़ियों तेजस्वी पाठक और सुहेल ने बॉक्स क्रिकेट के इस आयोजन में शहर की बेहतरीन टीमों को एकजुट कर एक बेहतरीन टूर्नामेंट का आयोजन कर क्रिकेट के इस नए फार्मेट को पहचान देने का शानदार प्रयास किया है।

## सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिक की दवाओं की जांच दो माह बाद भी अटकी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के पांच सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिक से लिए गए आयुर्वेदिक दवाओं की जांच रिपोर्ट दो माह बाद भी नहीं आई है। आयुर्वेद दवाओं में स्टेरॉयड समेत दूसरे एलोपैथिक रसायन के मिलावट की शक में नमूने एकत्र किए गए थे। मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर 18 फरवरी को शिकायतें मिली थी। जिसमें शहर के पांच सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिकों की शिकायत थी। इन क्लीनिकों में आयुर्वेद के नाम पर स्टेरॉयड व दूसरे एलोपैथिक रसायन के मिलावट के आरोप लगाए गए थे। लोगों की सेहत से खिलवाड़ की शिकायत पर जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) जिला आयुर्वेद कार्यालय की टीम ने पांचों सेक्सोलॉजिस्ट क्लीनिक में 20 फरवरी 2025 को छापेमारी की थी। हजरतगंज स्थित एसके जैन, एपी सेन रोड स्थित डॉ. एके जैन, हुसैनगंज चौराहा बासमंडी स्थित डॉ. पीके जैन, लालकुंआ हुसैनगंज स्थित राणा डिस्पेंसी और चारबाग पानदरीबा स्थित डॉ. ताज की क्लीनिक में छापेमारी की थी। यहां से दवाओं का नमूना लेकर जांच के लिए मेरठ लैब में भेजा गया था। दो माह गुजरने के बाद भी रिपोर्ट नहीं आई है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार का कहना है कि जांच रिपोर्ट की जानकारी नहीं हो पाई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों की सेहत से खेलने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।

## मैच के दौरान शहीद पथ पर प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन

**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम में मंगलवार को होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था मैच शुरू होने से पहले से लेकर समाप्ति रात 12.00 बजे तक लागू रहेगी। मैच के दौरान शहीद पथ पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

# सीवर और बारिश के पानी के लिए करना होगा अलग-अलग इंतजाम

लखनऊ। राजधानी में अब भवन स्वामियों को बारिश, सीवर और किचन के पानी की निकासी के लिए अलग-अलग व्यवस्था करनी होगी। शासन के निर्देश पर यह नई पहल शुरू की जा रही है। ताकि जलभराव की समस्या को रोका जा सके और नालियों पर दबाव कम किया जा सके। शहर में सबसे पहले इसकी शुरुआत गोमती नगर से होने जा रही है। बाथरूम, किचेन तथा बारिश के पानी को अलग अलग करने की कार्ययोजना जलकल विभाग ने तैयार कर ली है। इसके अनुसार, बाथरूम, वाश बेसिन और किचन का पानी सीवर लाइन में जाएगा, जबकि छत, आंगन और खुले स्थानों का बारिश का पानी केवल नालियों में ही जाएगा। इसके लिए हर मकान में नई प्लंबिंग व्यवस्था करनी होगी। इस पर अमल के लिए शासन ने हर 5000 की जनसंख्या पर एक प्लंबर इंपैनल्ड करने का निर्देश दिया है। ताकि लोगों को इस कार्य के लिए कुशल श्रमिक उपलब्ध हो सकें।

# शिक्षकों के झगड़े में स्कूल में लटका ताला, गेट के बाहर बैठे रहे बच्चे

## सूचना पर पहुंचे एबीएसए ने कार्यवाही के लिए बीएसए को भेजी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र के भद्दी शिर्ष गांव के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के अक्सर विद्यालय देरी से आने से परेशान प्रधानाध्यापिका और अभिभावकों ने कार्यवाही न होने पर सोमवार को स्कूल गेट का ताला बन्द कर विरोध जताया।इस दौरान स्कूल पहुंचे बच्चे गेट के बाहर ही बैठे रहें। मामले का वीडियो भी प्रधानाध्यापिका का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें सहायक अध्यापिका पर कार्यवाही न होने से नाराजगी जताते हुए ताला बंद करने की बात कही।वहीं ताला बंद की सूचना होने पर एबीएसए मोहनलालगंज स्कूल पंहुचे जहां दोनों पक्षों पर नाराज़गी जताते हुए कार्यवाही की बात कही। हलांकि कुछ ग्रामीणों के कहने पर करीब आधे घंटे बाद ताला खोल दिया गया।

भद्दी शिर्ष गांव के प्राथमिक विद्यालय में इन दिनों सुर्खियों में है सहायक अध्यापिका संध्या देवी और प्रधानाध्यापिका के बीच स्कूल देर पहुचने की जंग छिड़ी हुई है। जहाँ प्रधानाध्यापिका ने आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमे प्रधानाध्यापिका रीना देवी ने आरोप लगाया कि उनके स्कूल की सहायक अध्यापिका स्कूल में अक्सर लेट आती है जिसकी शिकायत भी उन्होंने कई बार एबीएसए सहित अन्य अधिकारियों से की है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हुई आरोप है कि शिकायत के बाद सहायक अध्यापिका संध्या देवी ने स्कूल पहुचकर हाजिरी रजिस्टर के पन्ने फाड़ दिए और रजिस्टर को अपने कब्जे में लेकर स्कूल परिसर में टहलती रही दूसरे दिन भी अध्यापिका संध्या देवी ने रजिस्टर को अपने कब्जे में ले लिया अन्य अध्यापकों को हस्ताक्षर करने नही दिया। वहीं मामले को लेकर सोमवार सुबह नाराज प्रधानाध्यापिका रीना देवी ने कुछ अभिभावकों के साथ मिलकर स्कूल गेट का ताला बन्द कर विरोध जताया। इस दौरान स्कूल पहुंचे बच्चे गेट के बाहर ही बैठे रहें। मामले की वीडियो भी प्रधानाध्यापिका का सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें सहायक अध्यापिका पर कार्यवाही न होने से नाराजगी जताते हुए ताला बंद करने की बात कही।वहीं ताला बंद की सूचना पर आनन- फानन एबीएसए मोहनलालगंज स्कूल पंहुचे जहां दोनों पक्षों पर नाराज़गी जताते हुए कार्यवाही की बात कही। हलांकि कुछ ग्रामीणों कहने पर करीब आधे घंटे बाद ताला खोल दिया गया। एबीएसए सुशील कुमार कन्नौजिया ने बताया कि प्रधानाध्यापिका द्वारा सहायक अध्यापिका के देर आने की शिकायत मिली थी जिसे कार्यवाही हेतु बीएसए को रिपोर्ट भेजी गई थी जिस पर कार्यवाही भी हुई। लेकिन प्रधानाध्यापिका द्वारा स्कूल गेट में ताला बन्द किया गया जो कि गलत है इसको लेकर अधिकारियों को रिपोर्ट भेज कर कार्यवाही की जाएगी।

# संपत्ति और पारिवारिक विवाद पहुंचा थाने तक

❒ सिपाही ने जताई न्याय की उम्मीद, पुलिस कर रही जांच

लखनऊ (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। कैसरबाग थाना क्षेत्र में एक घरेलू विवाद ने कानूनी मोड़ ले लिया है, जब यातायात पुलिस में कार्यरत सिपाही फ़ज़ले अहमद ने अपनी पत्नी और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया है कि पारिवारिक मतभेद के चलते उन्हें घर से निकाल दिया गया और उनके साथ मारपीट की गई।

फ़ज़ले अहमद, निवासी बाईसी की मस्जिद, मनकागेटी फाटक, का कहना है कि उन्होंने अपनी पत्नी ज़ेबा के नाम 16 लाख रुपये का मकान खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री भी उनके नाम कराई गई थी। फ़ज़ले का दावा है कि कुछ समय बाद पत्नी का व्यवहार बदल गया और संबंधों में दूरी आने लगी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 6 अप्रैल को जब वे अपने घर कुछ जरूरी सामान लेने पहुँचे, तो उनके साथ कथित रूप से मारपीट की गई। इसमें पत्नी ज़ेबा, एक परिचित इकराम और दो किरायेदारों आसिफ अली व राहिल के नाम थाने पर तहरीर दी। फ़ज़ले का कहना है कि उन्हें भविष्य में वहां न आने की धमकी भी दी गई। हालांकि, जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उनकी ओर से अलग पक्ष सामने आया है। इकराम ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं और वह किसी भी अवांछित संबंध या घटनाक्रम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खबरें उनके सामाजिक सम्मान को ठेस पहुँचा रही हैं। इस संबंध में जब कैसरबाग कोतवाली के इंस्पेक्टर से बात की गई, तो उन्होंने बताया, ''यह दोनों मियां-बीवी का आपसी विवाद है। मामले की जांच अभी चल रही है। जांच उपरांत ही किसी निष्कर्ष पर पहुँचना संभव होगा। मामले में पत्नी ज़ेबा का पक्ष अब तक सामने नहीं आया है। लेकिन सूत्रों के अनुसार वह भी अलग से कानूनी सलाह ले रही हैं और परिस्थितियों को लेकर अपनी बात रखने की तैयारी में हैं। फिलहाल पुलिस ने फ़ज़ले अहमद की तहरीर के आधार पर मामला की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों से बातचीत और तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब की दुकान खोलने के विरोध में प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। शराब की दुकानें नागरिकों एवं व्यापारियों के लिए आफत बनती जा रही हैं। मनमाने तरीके से ठेकेदार आवंटित स्थान के स्थान पर जबरदस्ती दूसरे स्थान पर दुकानें खोल रहे हैं। आबकारी विभाग ना स्थान देख रहा है न मंदिर मस्जिद, देख रहा है पुराना किला रेलवे क्रॉसिंग,ओवरब्रिज के पास आवंटित दुकान को ठेकेदार द्वारा डायमंड टॉवर ,उदयगंज चौराहे पर खोलने का डायमंड टॉवर के निवासियों ,डायमंड डेरी के निवासियों एवं व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं सभासद अमित चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया।

डायमंड टॉवर अपार्टमेंट के निवासियों एवं व्यापारियों ने आरोप लगाया कि यह दुकान दूसरी जगह आवंटित हुई है लेकिन ठेकेदार दबंगई द्वारा डायमंड टॉवर उदयगंज पर जबरदस्ती खोली जा रही हैं। महिलाओं ने बताया खुल रही अंग्रेजी शराब की दुकान के ठीक सामने ही प्राचीन एवं प्रतिष्ठित मंदिर है। महिलाओं ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा शराब की दुकान खुलने से अपार्टमेंट में महिलाओं और बच्चों का निकलना दूभर हो जाएगा।

इन शराबियों के कारण सबकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में। जिलाधिकारी से भी मिला। जिलाधिकारी ने जांच कराकर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया तथा एसडीएम सदर को मौके पर जाकर जाँच करने को कहा डायमंड टॉवर अपार्टमेंट के फ्लैट मालिकों ने दुख पूर्वक कहा यदि शराब की दुकान बंद नहीं हुई तो मजबूरी में फ्लैट बेचने पडेंगे और द्बधन- पथद्यद्ग का बोर्ड लगाना पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन में अशोक शाह, संजय कुमार, सचिन केसरवानी श्रीमती सुमित्रा कैसरवानी, श्रीमती मनोरमा मिश्रा ,श्रीमती सुनीता चंद्रा ,श्रीमती नीलम साहू, श्रीमती मोहिनी सक्सेना, श्रीमती रश्मि जैस्वाल,श्रीमती सिंधुश्रीवास्तव ,श्रीमती अभिलाषा गुप्ता ,श्रीमती दिव्या केसरवानी, श्रीमती।गीता सिंह, श्रीमती निधि सिंह , सभासद अमित चौधरी, संदीप श्रीवास्तव डॉ? सोएब सहित बड़ी संख्या डायमंड टॉवर के निवासी, डायमंड डेयरी के निवासी एवं स्थानीय व्यापारी शामिल थे।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **13.05.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04102025 दिनांक 19.04.2025 |
| 2 | निविदा संख्या : 02-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 | |
| 3 | कार्य का नाम : वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव एवं सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के सेक्शन में TFR=15.056 TKM, CTR(S)=5.426 TKM, TRR(S)=35.392 TKM and TBR(LL)=3.600 TKM का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 6,33,32,189.23 | |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 4,66,700.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि : 29.04.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 13.05.2025, 15:00 बजे | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1171/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। श्री धर्मपाल सिंह ने सीतापुर जिला कार्यालय में अलग-अलग बैठकों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों, लहरपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ ही लहरपुर विधानसभा के अनुसूचित मोर्चा के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव की विजय रणनीति पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा अनवरत कार्य करने वाला राजनैतिक दल है।

जहां एक ओर सपा, बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नेता सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय होते है। वहीं भाजपा सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यों तथा जनसरोकार से जुड़े कार्यों के साथ अहर्निश जनता के बीच रहकर कार्य करती है। भाजपा विचार आधारित दल है।

जबकि सभी विपक्षी दल परिवार आधारित व जाति आधारित दल है। यही कारण भाजपा को अन्य दलों से अलग करते हैं और यही कारण भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाते है। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अथक परिश्रम का पर्याय है। यही कारण है कि भाजपा जनसरोकार व जन-जागरण के अभियानों को कार्यकर्ताओं के परिश्रम से लोकव्यापी बनाने में सफल होती है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव देश की आवश्यकता है, जो राष्ट्र को राजनैतिक स्थिरता के साथ आर्थिक समृद्धि और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान के माध्यम से हमें वक्फ कानून के नाम पर देश में कंाग्रेस द्वारा दी गई लूट की छूट का पर्दाफाश करना है। इसके साथ ही वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 से पासमांदा मुसलमानों, मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार का संकल्प भी अल्पसंख्यक वर्ग के साथ ही सभी वर्गों के बीच पहुंचाने का काम करना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर सम्मान अभियान के माध्यम से जिला स्तर पर गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। गोष्ठियों के माध्यम से हमें बाबा साहेब के प्रेरक जीवन के साथ ही भाजपा द्वारा बाबा साहेब के सम्मान में किए गए कार्यों तथा कंाग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों द्वारा बाबा साहेब के विरूद्ध षड़यंत्र को भी जनमानस के बीच पहुंचाने का काम करना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मजबूत बूथ संरचना किसी भी चुनाव जीतने में सक्षम है। भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य से केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जो अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुए गरीब और वंचित वर्ग की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मजबूत बूथ संरचना से मजबूत व्यूह रचना तैयार करना है। जो विपक्ष के हर भ्रम और झूठ को समाप्त करने के लिए बूथ पर लगातार सम्पर्क व संवाद करेगी और प्रत्येक बूथ पर भाजपा की विजय का परचम फहराएगी। उन्होंने कहा कि हमें सभी मोर्चो को भी बूथ पर मजबूत करते हुए मेरा बूथ-सबसे मजबूत के संकल्प के साथ काम करना है। इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह जिला अध्यक्ष राजेशशुक्ला नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु विधायक शशांक त्रिवेदी विधायक ज्ञान तिवारी विधायक निर्मल वर्मा कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने कराये लाखों के फर्जी भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**भ्रष्टाचार में लीन पंचायत सचिव फोन उठाना नहीं समझते मुनासिब**

सीतापुर । उत्तर प्रदेश योगी सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के पूरे प्रयास कर रही है वहीं ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव गठजोड़ नीति का पालन करते हुए बिना काम कराए ही लाखों रुपए डकार गए। इनको न ही सरकार से डर है ना ही अधिकारियों से क्योंकि अधिकारियों की मिली भगत से ही तो ऐसे काम संभव है मामला है विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सकरारा का शिकायत कर्ता राम अवध प/ध रामेशस्वरदयाल निवासी ग्राम पंचायत सकरारा विकास खण्ड मछरेहटा ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है की ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव द्वारा बिना काम कराए ही लाखों रुपए निकाल लिए गए हैं।

जैसे ग्राम पंचायत में नाली मरमत कार्य के नाम पर लगभग 113870 रुपयों का भुगतान कराया गया लेकिन कहीं पर भी कोई कार्य नही करवाया गया यही नही नल मरम्मत व रिबोर के नाम पर लगभग 418000 रुपयों का भुगतान कराया गया। जिसमें कुछ कार्य कराया गया और इस संबंध में प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया यह सब तो होता रहता है। और संदीप के मकान से दिनेश के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य के नाम पर लगभग 406060 रुपयों का भुगतान कराया गया मौके पर कोई भी कार्य नही हुआ है । हियूम पाइप क्रय के नाम से लगभग 90000 रुपयों का भुगतान कराया गया लेकिन कहीं पर डाले नही गए , वही *बाजपेई के मकान से छोटे सिंह के मकान तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य के नाम पर लगभग 1114824 रुपयों का भुगतान कराया गया है, लेकिन कही पर कोई कार्य नही हुआ है, वही नल चौकी मरम्मत व निर्माण कार्य के नाम पर लगभग 82675 रुपयों का भुगतान कराया गया है लेकिन कार्य नही कराया गया। शिकायतकर्ता ने जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में जब खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी को फ़ोन किया गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है फाइल मंगवाया है, जांच कर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

# भेड़ पूजन तथा नैगुला पूजन के उपरांत तीन दिवसीय चराईन मेला संपन्न

**बेबी अभिषेक गुप्ता द्वारा तीनों दिन लगातार करवाया गया विशाल भंडारे का आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद। नगर क्षेत्र से सटे ग्राम टक पुरवा में स्थित अति प्राचीन भुइंया ताली तीर्थ पर लगने वाला ऐतिहासिक चराईन मेला आज भेड़ पूजन तथा नेगुला पूजन के उपरांत विधि विधान से पूजा पाठ के दौरान संपन्न हो गया मेले में अंतिम दिन कई जनपदों से सैकड़ो श्रद्धालुओं ने आकर माता के मंदिर में माथा ठेका तथा मन्नतें मांगी। लगातार तीन दिनों से नगरपालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने सपरिवार विधि विधान से पूजन कर प्रसाद व भंडारे का वितरण करवाया। आज समापन के दिन कढ़ी चावल, छोला पूड़ी प्रसाद का वितरण करवाया गया। इस अवसर पर आयोजित सत्संग में महंत बजरंगमुनि ने कहा की माता पूर्वी देवी भूमि से स्वत निकली हुई देवी है तथा मान्यता है कि माता के दरबार में आने पर सभी भक्तजनों की मुरादे मां पूर्ण करती है पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिन में लगभग 12:00 बजे श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा पहले नेगुला पूजन किया गया उसके उपरांत विधि विधान से भेड़ पूजन किया गया तथा सभी श्रद्धालुओं ने भेड पूजन में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भुइंया ताली तीर्थ पर आयोजित विशाल मेले का आनंद उठाया महिलाओं ने खरीददारी की तथा बच्चों ने झूलो का आनंद उठाया इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजसेवी अभिषेक गुप्त ने माता पूर्वी देवी के दरबार में जाकर पूजा की तथा विश्व कल्याण हेतु प्रार्थना श्रद्धालुओं के द्वारा की गई मेला प्रबंधक बाबूराम बाथम ने बताया कि देर शाम मेले का समापन होने पर पुनः श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन मंडली लेकर निर्धारित मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा प्रमुख महतीन ममता बाथम के आवास पर जाकर शोभायात्रा रुक जाएगी तथा यहीं से ऐतिहासिक चराईन मेला समाप्त हो जाएगा इस अवसर पर संदीप मिश्र, बाबू राम बाथम, गौरव अग्रवाल,संदीप गुप्ता,राज कुमार गुप्ता, अनिल अवस्थी उपेंद्र अवस्थी शैली अवस्थी माधुरी अवस्थी डॉक्टर शैलजा अवस्थी, अभिजीत मिश्रा पीयूष बाथम श्रेया श्रेया तिवारी श्रुति तिवारी शिखा तिवारी अनामिका तिवारी आदि श्रद्धालु प्रमुखता से मेले में उपस्थित थे।

# अनीता देवी बनीं कोटेदार I86 मतों के अंतर से जीता कोटे का चुनाव

**अनीता देवी बनीं कोटेदार I86 मतों के अंतर से जीता कोटे का चुनाव**

**नोडल अधिकारी व प्रधान के समक्ष पंचायत सचिव ने की गिनती। थानाध्यक्ष सहित भारी पुलिस बल रहा मौजूद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद (सीतापुर)। सकरन विकास खण्ड की रेवान ग्राम पंचायत में कोटे का चुनाव आखिरकार तीसरी बैठक में सोमवार को सम्पन्न हो गया।भारी मतों के अंतर से अनीता देवी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सीमा देवी को परास्त कर कोटेदार बन गयीं। लगभग चार माह पूर्व सकरन विकास खण्ड की रेवान ग्राम पंचायत में स्थित कोटे की दुकान में राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत अधिकारियों द्वारा जांच में सही मिलने पर निरस्त कर दी गई थी। पहले यह कोटा खलीकुन के पास था। तब से अब तक दो बार कोटा चयन के लिए बैठकें बुलाई गयी किन्तु किन्हीं न किन्हीं कारणों से बैठकें निरस्त करनी पड़ीं। सोमवार को तीसरी बार रेवान ग्राम पंचायत की कोटे की दुकान के चयन के लिए बैठक बुलाई गई जिसमें भारी संख्या में ग्राम पंचायत की महिलाएं व पुरुष इकट्ठा हुये। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न 11 बजे नोडल अधिकारी (चुनाव) ए0डी0ओ0 पंचायत दिनेश कुमार यादव व ए0डी0ओ0 (आई.एस.बी.) विजय कुमार श्रीवास्तव एवं ग्राम विकास अधिकारी शशिकांत तिवारी व उनके एक अन्य सहयोगी ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार तथा ग्राम प्रधान अवधराम की उपस्थिति में कार्यवाही शुरू हुई।

निर्धारित समय में मात्र अनीता देवी पत्नी सुशील कुमार मौर्य तथा सीमा देवी पत्नी अनूप कुमार ने नामांकन किया। निर्धारित समय में किसी के नाम वापस न लेने पर गिनती शुरू हुई। सीमा देवी पत्नी अनूप कुमार को 430 महिलाओं और 568 पुरुषों सहित कुल 998 लोगों का समर्थन मिला जबकि अनीता देवी पत्नी सुशील कुमार मौर्य को 456 महिलाओं व 628 पुरुषों सहित कुल 1084 लोगों का समर्थन मिला। इस प्रकार 86 मतों के भारी अंतर से अनीता ने सीमा को परास्त कर कोटे का चुनाव जीत लिया। चुनाव अधिकारी व सचिव सहित ग्राम प्रधान ने नवनिर्वाचित कोटेदार अनीता देवी को जीत की बधाइयां दीं।

इस मौके पर थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान मनोज कुमार गौड़,दिनेश कुमार गौड़, बिंकटेश मौर्य,आकाश मौर्य, दयाराम,धीरज रेवनिया व तौफीक अहमद सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# मोटर चालित ट्राई साइकिल पर सवार दिव्यांग नारायणा का संकल्प, दुनिया को देना है जागरूकता का संदेश

**मोटर चालित ट्राई साइकिल पर सवार होकर 96,000 किमी की यात्रा कर चुके नारायणा, पहुंचे सीतापुर, समाज को दे रहे हैं जागरूकता का संदेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सोमवार 21/04/2025 सपनों की कोई सीमा नहीं होती, यह साबित कर दिखाया है कर्नाटक के दिव्यांग समाजसेवी बी.वी. नारायणा ने। मोटर चालित ट्राई साइकिल पर सवार होकर उन्होंने अब तक 96,000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है और 59 देशों का भ्रमण कर चुके हैं। उनका एक ही उद्देश्य है—समाज को दिव्यांगता, सड़क सुरक्षा, रक्तदान, अंगदान और जागरूकता के महत्व को समझाना। सोमवार को नारायणा अयोध्या से होते हुए सीतापुर पहुंचे, जहां जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने उनका आत्मीय स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से उनके लिए भोजन, विश्राम व आवास की उचित व्यवस्था की गई। जिलाधिकारी ने उनके अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नारायणा जैसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

## यात्रा नहीं, यह है एक मिशन

नारायणा ने बताया कि यह यात्रा उन्होंने महज भ्रमण के लिए नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश देने के उद्देश्य से शुरू की थी। वे स्वयं दिव्यांग हैं, लेकिन उन्होंने अपनी शारीरिक स्थिति को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। 18 वर्ष की आयु में उन्होंने यह यात्रा आरंभ की और 1978 से 1980 तक का पहला विश्व भ्रमण पूरा किया। अब तक वे गल्फ देशों, अफ्रीका, नॉर्थ अमेरिका, कनाडा,इंग्लैंड और अन्य कई देशों की यात्रा कर चुके हैं।

## बचपन से बचाव तक—हर मोड़ पर संदेश

नारायणा का कहना है कि यदि समाज सजग हो जाए तो कई प्रकार की दिव्यांगता को रोका जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिए कि—बच्चों को समय पर पोलियो ड्रॉप्स दी जाएं,विवाह से पूर्व रक्त समूह की जांच अवश्य कराई जाए,बच्चों को कम उम्र में वाहन न दें,नशे की स्थिति में वाहन चलाने से बचें,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

उन्होंने यह भी अपील की कि जो लोग पहले से दिव्यांग हैं, वे गुणवत्ता पूर्ण उपकरणों का ही प्रयोग करें और अनावश्यक सरकारी छूटों की अपेक्षा न करें। आत्मनिर्भरता ही सच्चे सम्मान की राह है। सीमित शिक्षा, असीम प्रेरणासिर्फ कक्षा 10 तक पढ़ाई करने वाले नारायणा ने यह सिद्ध कर दिया है कि सेवा, समर्पण और संकल्प के आगे शैक्षणिक डिग्रियां भी छोटी पड़ जाती हैं। वे कहते हैं, ल्लमैं चाहता था कि कोई और बच्चा अपंग न हो, इसी सोच ने मुझे दुनिया में संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। अब मेरा सपना धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। बी.वी. नारायणा की यह यात्रा पहियों पर चलती एक क्रांति है, जो हर उस व्यक्ति को झकझोरती है, जो समाज की भलाई को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानता। उनकी कहानी केवल दिव्यांगों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है।

# बीडीओ सकरन के कार्यकाल में लगा भ्रष्टाचार पर अंकुश, चहुओर लहरा रहा विकास का परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन में जब से खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) श्रीश गुप्ता ने कार्यभार संभाला है, तब से ब्लॉक में पारदर्शिता और जवाबदेही की एक नई मिसाल कायम हुई है। भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की उनकी सक्रिय कार्यशैली ने न केवल विभागीय कार्यसंस्कृति में अनुशासन लाया है, बल्कि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास भी और प्रगाढ़ किया है।हाँ टाल मटोल, अटकाओ भटकाओ नीति का अनुसरण करने वाले मातहत कर्मचारियों में एक अनुशासनात्मक खौफ जरूर देखने को मिल रहा जिससे पीड़ितों व फरियादियों का क़ानून के प्रति विश्वास बढ़ा है।बीडीओ श्रीश गुप्ता ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही ''काम में ईमानदारी और सिस्टम में पारदर्शिता'' को प्राथमिकता दी है।

सरकारी योजनाओं का लाभ अब सही लाभार्थियों तक सीधे पहुँच रहा है और शिकायतों का समाधान त्वरित गति से हो रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले जहाँ छोटे-छोटे कार्यों के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब समय पर, बिना रिश्वत या सिफारिश के, काम पूरा हो रहा है।बीडीओ गुप्ता ने ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली में भी उल्लेखनीय सुधार किए हैं। वे समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करते हैं और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं। विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उन्होंने डिजिटल सिस्टम को बढ़ावा दिया है, जिससे कामकाज में पारदर्शिता और निगरानी में सुविधा हुई है।सकरन ब्लॉक में आ रहे इन सकारात्मक बदलावों ने क्षेत्रीय विकास को गति दी है और यह ब्लॉक अब अन्य विकास खंडों के लिए एक आदर्श उदाहरण बनता जा रहा है।

विकास के मायने में ब्लॉक परिसर में स्थित अव्यवस्थित प्रेरणा कैंटीन हो या पेयजल की व्यवस्था आज समूचे जिले में अद्वितीय दिख रही, कार्यालयों में कर्मचारियों, अधिकारियों की अनिवार्य व ससमय उपस्थिति के साथ कार्यों की समीक्षात्मक जवाबदेही ने, गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्यों ने खंड विकास अधिकारी सकरन ने कार्यपालिका को सुद्रढ़ता प्रदान की है।

# निजी अस्पतालों में उड़ रहीं मानकों की धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। प्राईवेट अस्पतालों द्वारा सरकारी निर्देशों को दरकिनार कर मरीजों का शोषण तथा मानक विहीन चिकित्सा सेवाएं दिये जाने के संबंध एक ज्ञापन सौंपा गया है।सीतापुर में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के आह्वान पर आज जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा के नेतृत्व में सीतापुर में स्वास्थ्य सेवाओं के अत्यंत दयनीय स्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर आम जन के साथ की जा रही भारी लूट के खिलाफ जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर भारत की राष्ट्रपति के नाम सात सूत्रीय प्रत्यावेदन जिला अधिकारी कार्यालय सीतापुर में अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया।प्रत्यावेदन में कहा गया कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तत्काल कार्यवाही आवश्यक है।पार्टी द्वारा प्राइवेट चिकित्सालयों और निजी चिकित्सकों के खिलाफ आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रत्येक जिले में एक रिटायर्ड जिला जज की अध्यक्षता में स्वतंत्र स्वास्थ्य सेवा शिकायत आयोग बनाते हुए उनके द्वारा 15 दिनों में शिकायत का निस्तारण कर शिकायतकर्ता को सूचित किए जाने की मांग की गई।इसी प्रकार प्रत्येक प्राइवेट चिकित्सालय को यथासंभव पारदर्शी बनाने और अपनी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी दरों को सार्वजनिक किए जाने, प्रत्येक सरकारी डॉक्टर के संबंध में प्राप्त शिकायतों का 15 दिनों में निस्तारण किए जाने तथा विभिन्न इलाजों और दवाओं के संबंध में अधिकतम धनराशि की सीमा तय किए जाने की मांग की गई।पार्टी द्वारा आयुष्मान भारत योजना से संबंधित तथ्यों को प्रत्येक जिले में सार्वजनिक किए जाने की मांग भी की गई।विरोध प्रदर्शन के दौरान चन्द्र भान सक्सेना प्रदीप कुमार माथुर राजाराम सुशील कुमार मिश्रा विजय कुमार गुप्ता राज कुमार श्रीवास्तव लक्ष्मी कंात बाजपेई रजत शुक्ला भोलानाथ तिवारी पिंकी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान माह एवं आगामी माह में दिनांक 29 अप्रैल 2025 को परशुराम जयन्ती, दिनांक 09 मई 2025 को महाराणा प्रताप जयन्ती, दिनांक 12 मई 2025 को बुद्ध पूर्णिमा, दिनांक 07/08 जून 2025 ईदुज्जुहा (बकरीद) आदि पर्वों/त्यौहारों व विभिन्न आयोगों/भर्ती बोडों, विभिन्न विश्वविद्यालयों/तकनीकी बोडीं आदि द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी आदि परीक्षाओं के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163, के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में दिनांक-21.04.2025 से 10.06.2025 तक जनपद सीतापुर की सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किये हैं 1-05 (पाँच) से अधिक व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थल पर एक साथ इकठ्ठे होने की पूर्णतः मनाही रहेगी।2- कोई भी व्यक्ति ऐसे हस्तलिखित अथवा मुद्रित पर्चे, पम्पलेट्स आदि वितरित नहीं करेगा, न ही करायेगा, न ही मुद्रित करेगा और न करायेगा तथा न ही उत्तेजनात्मक भाषण देगा जिससे किसी जन साधारण अथवा किसी वर्ग विशेष की भावनाओं को ठेस पहुँचे, विद्वेष पैदा हो अथवा शांति भंग की संभावना में वृद्धि हो।

सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सऐप ग्रुप, फ़ेसबुक, ट्वीटर आदि पर उक्त प्रकार की कोई सामग्री न पोस्ट करेगा और न ही फारवर्ड करेगा। 3-सार्वजनिक स्थलों पर शराब, पान, गुटका, तम्बाकू का सेवन प्रतिबन्धित होगा।4-किसी भी प्रकार के जुलूस/सभा/रैली एवं सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही आयोजित किये जायेगें।5-सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात जुलूस/सभा/रैली व सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजक के लिए यह अनिवार्य होगा कि कोविड-19 के अद्यतन प्रोटोकाल का अनुपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित कराया जाये।6-कोई भी व्यक्ति शासकीय ड्यूटी पर रहे अधिकारी/कर्मचारियों को डराने, धमकाने अथवा किसी प्रकार की क्षति पहुँचाने वाला कार्य नहीं करेगा। 7-कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी पठन-पाठन सामग्री, सैल्युलर फोन, कैलकुलेटर, माचिस, ब्लूटूथ अथवा अन्य संचार संबंधी उपकरण एवं आई0टी0 गैजेट्स आदि नहीं ले जायेगा।

8-कोई भी मुद्रक एवं प्रकाशक/स्टेशनरी विक्रेता परीक्षार्थियों को गुमराह करने वाली सामग्री का मुद्रण, प्रकाशन, विक्रय अथवा वितरण नहीं करेगा।9 विभिन्न आयोगों/बोर्डों आदि की परीक्षा तिथियों पर परीक्षा केन्द्रों एवं कोषागार सीतापुर के 200 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट मशीन की दुकान, साइबर कैफ़े तथा पी0सी0ओ0 एवं पान मसाला गुटखा आदि ऐसी दुकानों को बन्द रखा जायेगा तथा किसी भी परिस्थिति में निर्धारित परिधि में व्यक्तियों को समूह को न तो एकत्रित करेगा और न ही एकत्रित होने के लिए प्रेरित करेगा। उक्त परिधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जायेगा।10- कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थल पर जनपद सीमा क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, लाईसेंसी शस्त्र धारक अपने शस्त्रों यथा रिवाल्वर, पिस्टल, बन्दूक, रायफल, एवं फरसा, बॉका, बल्लम, तलवार, चाकू आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही लाठी-डंडा धारण करेगा।अपवाद-यह प्रतिबन्ध डियूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों अथवा ऐसे व्यक्तियों जो कि लाठी अथवा डंडे का सहारा लेकर चलते हैं अथवा ऐसे सिख सम्प्रदाय के व्यक्ति, जिन्हें धार्मिक अनिवार्यता के कारण निर्धारित शस्त्र रखना आवश्यक है पर लागू नहीं होगा।

11- बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं डी0जे0 आदि का प्रयोग नहीं करेगा।12- मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के ओ0ए0 संख्या-118/2013 विक्रान्त कुमार तोगड़ बनाम भारत सरकार व अन्य में दिनांक 10.12.2015 को पारित आदेश के अन्तर्गत फसलों की कटाई के उपरान्त बचे हुए कृषि अपशिष्ट, पराली या अन्य कोई वस्तु को जलाने आदि से मानव जीवन, स्वास्थ्य या क्षेम को खतरा या लोक प्रशांति विक्षुब्ध होने का, न्यूसेंस, आशांकित खतरे का अर्जेन्ट मामला विद्यमान है, ऐसी स्थिति में पराली जलाये जाने से निषिद्ध किया जाता है।उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये यह संभव नही है कि जिन पर यह आदेश लागू होगा, को सूचित कर उन्हें सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाये, अतः यह आदेश तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है जो सम्पूर्ण जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी होगा।

यह आदेश जनपद सीतापुर में दिनांक 21.04.2025 से 10.06.2025 तक, यदि इसके पूर्व वापस न ले लिया जाये, लागू रहेगा। उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उक्त आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 एवं अन्य विधिक प्राविधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

# मण्डलायुक्त ने गेहूँ क्रय केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण,संजरपुर में कम खरीद पर व्यक्त की नाराजगी

## सम्बन्धित मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद मण्डलायुक्त विवेक ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपदों में चल रही गेहूँ खरीद की स्थिति जायजा लेने हेतु सोमवार को जनपद आजमगढ़ के पवई लाडपुर-सरायमीर एवं संजरपुर स्थित गेहूँ क्रय केन्द्रों का अकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनो गेहूँ क्रय केन्द्र क्रियाशील पाये गये। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से अब तक की गई खरीद की जानकारी प्राप्त की, जिसमें पाया गया कि गेहूँ क्रय केन्द्र बी पैक्स संजरपुर में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम खरीद की जा रही है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।मण्डलायुक्त विवेक के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी पवई लाडपुर द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर अब तक 52 कृषकों से 205.45 एमटी गेहूँ खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 184 एमटी गेहूँ का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम डिपो में किया जा चुका है। उक्त क्रय केन्द्र पर कृषक रामकिशोर यादव, ग्राम-फत्तनपुर के गेहूँ की तौल होते हुए पाया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित कृषकों से सीधे वार्ता की गयी, जिसमें कृषकों द्वारा बताया गया कि उन्हें केन्द्र पर गेहूँ विक्रय किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

इसी प्रकार बी पैक्स संजरपुर के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर 14 कृषकों से 79.30 एमटी गेहूँ खरीद की गयी है। मण्डलायुक्त ने इसे लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम पाते हुए सख्त नाराजगी व्यक्त किया तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ व अन्य के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।

इसके साथ ही उन्हों केन्द्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। संजरपुर क्रय केन्द्र पर ग्राम मैनपारपुर, रानी की सराय निवासी कृषक मणिराम यादव के गेहूँ की तौल की जा रही थी। मण्डलायुक्त ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गांवों में जाकर कृषकों से सम्पर्क कर उनकी सुविधा को ध्यान रखते हुए नियमानुसार मोबाईल केन्द्र के माध्यम से भी गेहूँ खरीद में तेजी लाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कृषकों को निर्धारित समयावधि में उनकी उपज का भुगतान किया जाये तथा किसानों के समक्ष किसी समस्या नहीं आनी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने केन्द्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान आदि की व्यवस्था के साथ ही समय से क्रय केन्द्रों का खुलना, मौके पर कर्मचारियों की उपस्थिति आदि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि केन्द्रों पर गेहूँ को सुरक्षित रखा जाय तथा समय से पीसीएफ को भेजा जाय।

# वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में पहुंची बलिया विधायक केतकी सिंह



## सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर बोला हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में आयोजित वन नेशन व इलेक्शन कार्यक्रम में पहुंची बलिया विधायक केतकी सिंह सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर बोला हमला कहा की अखिलेश यादव जी को पहले यह जानना पड़ेगा कि जब वह जिसको समर्थन देते थे कंाग्रेस पार्टी को ऊपर से अंदर से पता नहीं कहां-कहां से वह समर्थन दिया करते थे उस समय इस देश की क्या हालत थी आज इस देश में एक सर्तक के नेतृत्व श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के रूप में है और ऐसे कठोर निर्णय लेना यह अखिलेश बाबू के बस की बात नहीं है वह बबुआ है बबुआ बने रहे मुंह में जो चांदी का चम्मच लेकर पैदा होता है वह कठोर निर्णय नहीं कर सकता चाहे वह श्रीमान राहुल गांधी हो या अखिलेश यादव यह काम सिर्फ एक धरतीपुत्र नरेंद्र मोदी ने निर्णय लिया वह करके दिखाएंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए क्या किया। उनके पिता जी ने कठोर परिश्रम करके एक पार्टी खड़ी की और जिसका जैसे जिस पार्टियों में होता है।अगर सपा में है तो मुलायम सिंह के बाद अखिलेश यादव बनेंगे और अगर कंाग्रेस में है तो सोनिया गांधी के बाद राहुल गांधी बने बनेंगे तो यह बुबाआ लोग तो हैं। इन लोगों ने जब जमीन पर परिश्रम किया होता और यह जाना होता की जनता की नब्ज क्या है तो जनता इनको इस तरह हर बार हर चुनाव में इनका मुंह क्यों नहीं दिखाई।

# ब्राह्मणों के उत्पीड़न के विरुद्ध ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददात



कुशीनगर । योगी सरकार में ब्राह्मणों के उत्पीड़न व पूर्व विधायक पण्डित विनय शंकर तिवारी की अवैध गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को ब्राह्मण समाज के लोगों आदित्य कुमार दीक्षित के नेतृत्व में जिला मुख्यालय रविंद्रनगर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्राह्मण समाज ने सरकार विरोधी नारे लगाए और सरकार को चेतावनी दिया कि ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो 2027 का चुनाव भाजपा के लिए ठीक नहीं होगा।जिले के रविंद्रनगर धुस जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व विधायक पण्डित विनय शंकर तिवारी की अवैध गिरफ्तारी और वर्तमान सरकार में लगातार हो रहे ब्राह्मणों के उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सोमवार को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सरकार में ब्राह्मण सुरक्षित नहीं है, ब्राह्मणों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है, पूर्वांचल के लोकप्रिय नेता पंडित विनय शंकर तिवारी की गिरफ्तारी से सभी ब्राह्मण समाज नाराज है, उसी के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया गया है।जानकारी के मुताबिक बीते दिनों पूर्व मंत्री स्व हरिशंकर तिवारी के पुत्र पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को सत्ता के इशारे पर अवैध तरीके से ईडी द्वारा गिरफ्तार करने और वर्तमान सरकार में लगातार हो रहे ब्राह्मणों के उत्पीड़न के मामले को लेकर आज सोमवार को ब्राह्मण समाज के लोगो ने जिलाधिकारी कार्यालय कुशीनगर पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में ब्राह्मणों पर लगातार अत्याचार हो रहे है जिसके सन्दर्भ में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया है।उसमें ब्राह्मण समाज के लोगो ने मांग किया कि पूर्व विधायक पण्डित विनय शंकर तिवारी एक लोकप्रिय नेता व उत्तर प्रदेश सरकार में अनेकों बार मंत्री रह चुके स्व पण्डित हरिशंकर तिवारी जी के पुत्र हैं। बीते दिनों सरकार के इशारे पर राजनैतिक द्वेषवश ईडी की छापेमारी में पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को अवैध रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है जो वर्तमान सरकार में ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न और लगातार ब्राह्मणों के साथ अत्याचार हो रहा है, जिस सम्बन्ध में ज्ञापन के माध्यम से हम लोग महामहिम राष्ट्रपति से मांग किया गया कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करवा कर उनको रिहा कराया जाए और ब्राह्मणों का उत्पीड़न बंद किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से अजय शुक्ला, राजन शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, सुनील दीक्षित, मृत्युंजय दीक्षित, अमित शुक्ला, अजित दुबे, जितेंद्र दत्त पाण्डेय, अखिलेश तिवारी, दीपक मिश्र, हरिशंकर तिवारी, आशुतोष पाठक, शंभु मिश्र, अनिल पाण्डेय, प्रद्युम्न मिश्र, सर्वेश शुक्ल, धीरज तिवारी, सुधीर त्रिपाठी, अभय मिश्र, सर्वेश दुबे, अजय कुमार शुक्ल, संजीव शुक्ला, विशाल तिवारी, राजीव पाण्डेय,अजय पाण्डेय, रितिक शुक्ला, पवन मिश्रा, सचितानन्द उपाध्याय, महेंद्र दुबे, प्रिंस मिश्रा, केशवनाथ उपाध्याय, संदीप दुबे, अंशु पांडेय, शेखर शुक्ला, अंकुर मिश्रा, करन दुबे, राजा पाण्डेय, निहाल तिवारी, अनूप तिवारी, मनोज शर्मा, हिमांशु पाण्डेय सहित ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरा झुंगवा में किशोरियों संग स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । किशोरावस्था के दौरान किशोरियां विभिन्न प्रकार के शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों से गुजरती हैं और संकोच व झिझक के कारण इस दौरान हो रही दिक्कतों को साझा नही कर पाती। इन परिवर्तनों विशेषकर मासिक धर्म के प्रति किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को कसया विकास खण्ड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरा झुंगवा में अध्ययनरत किशोरियों संग स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें जागरूक करते हुए झिझक, संकोच और शर्म को छोड़कर खुलकर बोलने हेतु प्रेरित किया गया। उन्हें सेनेटरी पैड भी भेंट किया गया। कार्यक्रम लाडली शरण्या त्रिपाठी के जन्मोत्सव पर उनके परिजनों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। किशोरियों को जागरूक करते हुए बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में मनोविज्ञान की आचार्य एवं नयी दिशा अध्यक्ष डॉ0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि किशोरावस्था में बालिकाओं में बहुत से शारीरिक, मानसिक और भावात्मक परिवर्तन होते हैं। जैसे शरीर के आकार में परिवर्तन, मासिक धर्म का आना, तीव्र भावनाओं का महसूस होना आदि। यह परिवर्तन उनके जीवन में बहुत उथल पुथल मचाते हैं। सही जानकारी के अभाव में बालिकाएं इन परिवर्तनों के साथ समायोजन स्थापित नहीं कर पाती या फिर गलत तरीका अपनाती हैं। इस कारण आगे चलकर उन्हें बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से मासिक धर्म से जुड़ी हुई भ्रांतियां और उससे जुड़ी हुई झिझक उनके लिए हानिकारक हो जाती है। मासिक धर्म आने पर बच्चियों को कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आगे चलकर उन्हें कोई समस्या न हो। पहली बात है साफ सफाई। अनिवार्य रूप से प्रतिदिन हल्के गुनगुने पानी से नहीं, साफ सूत्र वस्त्र, विशेष रूप से अतः वस्त्र, धारण करें। हर आठ घंटे पर सैनिटरी पैड बदले। यदि कपड़े का प्रयोग कर रही हैं तो साफ धुले हुए और तेज धूप में 5 से 6 घंटे सूखे हुए सूती कपड़े का प्रयोग करे। वज़न उठाने और भरी कार्य करने से बचें, शरीर को पूरा विश्राम दें। साथ ही यदि पेट या कमर में बहुत दर्द है तो गरम पानी का सेंक लें। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है खान पान। इसका विशेष रूप से ध्यान रखें तथा पौष्टिक आहार लें।हरी सब्जी, फल और दाल को भोजन में शामिल करें।

## एसपी ने 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप जलाकर किया उद्घाटन



आजमगढ़। जनपद में स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा महिला मुख्य आरक्षीगण के प्रोन्नति उपरांत 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर एवं प्रशिक्षण किट वितरण कर शुभारम्भ किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उद्घाटन वक्तृत्व दिया गया। इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल द्वारा साइबर क्राइम पर प्रशिक्षण दिया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशान्तराज हुड्डा द्वारा डार्क वेब इंटरनेट पर वक्तव्य दिया गया। क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा द्वारा साइबर फोरेंसिक विषय पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संयोजन विवेक त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा किया गया।

# बहन की शादी के दिन भाई की दर्दनाक मौत, पूरे गांव में छाया मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जनपद के खड्डा थाना क्षेत्र के भजन छपरा गांव में एक दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया। बहन की शादी के अवसर पर टेंट में उतरे करंट ने उसके भाई की जान ले ली। मृतक की पहचान दरोगा पुत्र मुन्ना (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है। यह घटना रविवार की रात उस वक्त हुई जब शादी की रस्में चल रही थीं और परिवार समेत गांववाले खुशी में डूबे हुए थे।जानकारी के अनुसार, विवाह समारोह के लिए घर के आंगन और बाहर टेंट लगाया गया था। इसी टेंट में साउंड सिस्टम और लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। कहा जा रहा है कि बिजली की एक लाइन में लीकेज हो गया, जिससे टेंट के पाइप और अन्य हिस्सों में करंट दौड़ गया। इसी दौरान मुन्ना जैसे ही टेंट के पास पहुंचा, वह करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने जब तक कुछ समझा, तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।घटना के समय घर में बहन की विदाई की तैयारी हो रही थी। दूल्हा बारात लेकर आ चुका था और विवाह की रस्में पूरी हो चुकी थीं। घर में जश्न का माहौल था। तभी यह हादसा हुआ और शादी का घर एक पल में शोक में डूब गया। बहन की डोली उठने से पहले भाई की अर्थी उठी, जिसने हर किसी की आंखों को नम कर दिया।मृतक मुन्ना दो बच्चों का पिता था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी अचानक हुई मौत से न सिर्फ उसका परिवार बेसहारा हो गया, बल्कि गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। मां-बाप और बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।स्थानीय लोगों और परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि बिजली आपूर्ति के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए गए होते, तो यह हादसा टल सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने और दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही खड्डा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और तकनीकी कारणों की भी जांच की जाएगी।यह घटना न केवल एक परिवार की खुशियों को तबाह कर गई, बल्कि एक बार फिर बिजली आपूर्ति व्यवस्था की खामियों को उजागर कर गई है।

## शिक्षकों ने राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन



राजापाकड़ / कुशीनगर। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ कुशीनगर के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल राज्य सभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह से मिला और ज्ञापन सौंपकर बेसिक शिक्षा विभाग में वित्त एवं लेखाधिकारी के पद पर पदस्थापन की मांग की।जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अगुआई में शिक्षकों ने सांसद आरपीएन सिंह को अवगत कराया कि त्रिभुवन लाल के स्थानांतरण के बाद से वित्त एवं लेखाधिकारी के पद का प्रभार वरिष्ठ कोषागार अधिकारी के पास है। शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों के वेतन, एरियर आदि कार्यों में कठिनाई हो रही है। वित्त एवं लेखाधिकारी के पद पर पूर्णकालिक नियुक्ति वाले अधिकारी की तैनाती आवश्यक है। जिलामंत्री छेदी प्रसाद ने कहा कि मिड डे मिल कन्वर्जन कास्ट के भुगतान में दिक्कतें आ रही है।

# नमाज पढ़ने जा रहे अधेड़ को मारी गोली, घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा में सोमवार को अलसुबह फजर की नमाज पढ़ने जा रहे 55 वर्षीय सरफराज पुत्र हुसैन पर फायरिंग कर दी गई। आरोप है कि भूमि विवाद में उनके पटीदार अनीश पुत्र सगीर ने फायरिंग की। गोली सरफराज के कुल्हे में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सरफराज की तहरीर पर अनीश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों पटीदारों के बीच मुंबई और गांव में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। 2016 में भी मस्जिद में नमाज पढ़ते समय सरफराज पर गोली चलाई गई थी, जिसमें वह घायल हुए थे। बताया जाता है कि अनीश द्वारा बनाए गए एक मकान को सरफराज ने पूर्व में किसी अन्य को बेच दिया था, जिसके बाद विवाद और गहरा गया। गांव में चर्चा है कि सरफराज पर अब तक तीन बार जानलेवा हमला हो चुका है। जमीन बंटवारे का मसला अब तक अनसुलझा है, जिसके चलते दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 6 की मौत 2 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के शुक्ल भुजौली गांव के समीप रविवार की देर रात बारात मे जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दौरान कार में सवार आठ लोगो मे से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसे में कार के परखच्चे उड गये है।

स्थानीय लोगों ने गैस कटर की मदद से कार काटकर लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना के शिकार सभी कुशीनगर के रहने वाले हैं। खड्डा-पडरौना मार्ग पर पडरौना की तरफ से तेज रफ्तार में खड्डा की ओर जा रही कार शुक्ल भुजौली के समीप सड़क के दाएं तरफ पेड़ से टकरा गई। हादसे की आवाज सुनकर मौके पहुंचे लोगों और पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। गैस कटर और हथौड़े की मदद से कार को काटकर उसमें फंसे शव और घायल लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाकी तीन की सांसें चल रही थीं जिन्हे गंभीर हालत में जिला अस्तपाल ले जाया गया जहां तीन और लोगों की मौत हो गई। दो घायलों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है। बताया गया कि सभी लोग बारात में शामिल होने जा रहे थे। हादसे के कारण कुछ समय के लिए ट्रैफिक बाधित हो गया।

कार चालक की पहचान 33 वर्षीय ओमप्रकाश मद्धेशिया पुत्र राम किशुन नारायणपुर चरगहां विजयपुर थाना रामकोला के रूप में हुई।

दुर्घटना में हरेंद्र मद्धेशिया पुत्र शंकर मद्धेशिया, ओमप्रकाश मद्धेशिया पुत्र राम किशुन मद्धेशिया, रंजीत मद्धेशिया पुत्र राजेंद्र मद्धेशिया, मुकेश पुत्र रामानंद, भीम यादव पुत्र लक्ष्मण निवासी नारायणपुर चरगहां, रामकोला और एक अज्ञात की मौत हो गई। ओमप्रकाश मद्धेशिया कार का चालक था। वहीं राज किशोर पुत्र हरिश्चंद्र और बजरंगी पुत्र शंकर निवासी ग्राम अहिरौली गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### मरने वालो में एक ही परिवार के चार लोग है शामिल

पुलिस प्रशासन द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक मृतकों में नरायनपुर चरगहां गांव के हरेंद्र मद्धेशिया, रंजीत मद्धेशिया, ओमप्रकाश मद्धेशिया व मुकेश मद्धेशिया यह चारो एक ही परिवार के हैं। भीम यादव पड़ोसी हैं। एक की पहचान नहीं हो सकी है। घायल बजरंगी अहारौली बाजार थाना के अहिरौली भठही और राजकिशोर नरायनपुर चरगहां के रहने वाले हैं। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के वक्त मौके पर काफी अंधेरा था।

### मौके पर पहुंचे एसपी, दिये निर्देश

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होने घटना स्थल का निरीक्षण किया और घायलों को जिला अस्पताल भेजने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत और दो के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। इस घटना के बाद कुछ समय तक हाईवे पर ट्रैफिक भी बाधित रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को बहाल कराया।

### सीएम योगी ने व्यक्त की शोक संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिवारों को हर संभव सहायता देने की बात कही है।

# आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित 5 वी श्रीमद् भागवत का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। क्षेत्र के जिहवा गांव निवासी आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित पांचवी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शिवगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत (भवानी गढ़) देहली गांव में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत अमृत कथा का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। सभी ने सिर पर कलश रखकर गांव सहित आस पास के मुख्य मार्गो से होते हुए देवालयों में पहुंची जहां सभी ने मंदिरों में माथा टेका वहीं भक्ति भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके।बता दें कि आनंद मिश्रा द्वारा यह पांचवी श्रीमद् भागवत कथा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ विभिन्न मंदिर देवालयों से होते हुए कलश यात्रा पुनः कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान कथा व्यास पंडित वागीश रामचंद्र दास ने कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, कलश में देवताओं का वास होता है। और कलश यात्रा को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, तथा सिर पर कलश धारण करने से धरा सिद्ध होती है, और आत्मा पवित्र हो जाती है।इस मौके पर यज्ञशाला प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, आकाश मिश्रा, मुख्य यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा सपत्नीक श्रीमती राजेश्वरी मिश्रा सहित, सुमित मिश्रा,रुद्रेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, रामानुज मिश्रा, कनिक मिश्रा, अमित मिश्रा, आकाश मिश्रा, विकाश मिश्रा, कृष्ण मिश्रा, हर्षित मिश्रा, अरुण तिवारी, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिविल सेवा क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित हुई जिलाधिकारी मोनिका रानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं से असंतृप्त व्यक्तियों को संतृप्तिकरण, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदाय की सहभागिता के साथ अभिनव पहल के तौर पर जिले में संचालित किये गये श्सेवा से संतृप्तिकरण अभियानश के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा आकांक्षी जनपद बहराइच के चर्तुमुखी विकास के लिए निर्धारित सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने के लिए कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार, भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्ष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार दिया जाता है।प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना वर्ष 2023 के अन्तर्गत जिले के समग्र विकास श्रेणी के अन्तर्गत जनपद बहराइच के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भारत सरकार की 12 महत्वाकांक्षी योजनाओं यथा हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी, मिशन इन्द्रधनुष, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना,




प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना, मुद्रा ऋण योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के सभी पहलुओं को समग्र रूप से शामिल करते हुए उनके संतृप्तीकरण के दृष्टिकोण से उत्पादन चरण, गुणवत्ता नियन्त्रण, शासन एवं परिणामों की मात्रात्मक तुलना, क्षमता एवं कौशल विकास, निर्माण तंत्र एवं पारदर्शिता बढाने की प्रणाली के साथ गुणवत्तापूर्वक नियन्त्रण तन्त्र, जनभागीदारी एवं योजना के माध्यम से जनमानस में लाये गये व्यवहार परिवर्तन एवं फीडबैक तन्त्र के आधार पर प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 की जिले की समग्र विकास श्रेणी में जिलाधिकारी मोनिका रानी को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों हेतु 17वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार का चयन की बात की जाए तो यह 05 जटिल प्रक्रियाओं यथा प्रथम चरण में मंत्रालय / विभागों के पूर्व निर्धारित सकेंताकों के आधार पर आवेदन के पश्चात जनपदो द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा का मिलान सम्बन्धित विभागों के राष्ट्रीय पोर्टल पर उपलब्ध डाटा से किया जाता है, जिसके पश्चात अतिरिक्त सचिव स्तर के अधिकारियों की स्क्रीनिंग समिति द्वारा किये जाने के उपरान्त द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा शार्टलिस्ट किये गये जनपदों में लाभार्थी / हितधारको से दूरभाष के माध्यम से प्राप्त फीडबैंक के आधार पर पुनः शार्टलिस्ट करती है। तृतीय चरण में केन्द्र सरकार के अधिकारियों द्वारा स्थलीय भ्रमण कर किये गये नवाचारों का स्थलीय अध्ययन करती है। चौथे चरण में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में इम्पावर्ड समिति के सम्मुख सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुततीकरण के उपरान्त कैबिनेट की अनुमति के पश्चात देश के मा. प्रधानमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित जिलों की सूची को अन्तिम रूप दिया गया है।उल्लेखनीय है कि रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश भर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देने तथा पुरस्कृत करने के लिए भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की स्थापना की गई है। अवार्ड की विशेषता यह है कि देश के 750 से अधिक जनपदों में से ''जिले के समग्र विकास'' की श्रेणी के लिए 10 जनपद चयनित किये गये हैं। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किये गये देश के 10 जनपदों में प्रदेश का अकेला जनपद बहराइच है जिसे वर्ष 2023 हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त होने पर जिले के जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्रदान किये गये मार्गदर्शन, अधीनस्थ अधिकारियों के भागीरथ प्रयासों, जनपदवासियों के सहयोग तथा मीडिया प्रतिनिधियों के उत्साहवर्धन के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 'प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023' आकांक्षी जनपदवासियों को समर्पित किया है।

# डीएम ने बिना फायर एनओसी के चल रहे अस्पतालो से एक सप्ताह मे मांगी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में बिना अग्निशमन सुरक्षा प्रमाणपत्र (फायर एनओसी) के संचालित हो रहे चिकित्सालयों व पैथोलॉजी सेंटरों की शिकायत पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सालयों में फा यर सेफ्टी ऑडिट अभियान के रूप में तत्काल प्रारं भ किया जाए और एक सप्ताह के भीतर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।जिलाधिकारी ने कुछ मीडि या रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि चिकित्सा लयों में अग्निशमन के मानकों की अनदेखी, मरी जों और कर्मियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया,जो अ त्यंत खेदजनक है,खासकर जब हाल के दिनों में कुछ अस्पतालों में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घट चुकी हैं।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि जिन संस्था नों में अग्निशमन के मानक पूरे नहीं हैं,उन्हें लिखि त रूप से सूचित किया जाए और उनकी सूची मु ख्य चिकित्सा अधिकारी व जिलाधिकारी कार्याल य को तत्काल भेजी जाए।इस कार्रवाई के तहत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि कि सी भी आपात स्थिति में जानमाल की हानि से बचा जा सके

# आईजी साहब! खाता न बही, जो देहात कोतवाल कहे वही सही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। एसपी और डीएम से लेकर डीजीपी और सीएम तक के आदेश को ठेंगा दिखाने की हिमा कत करने वाले इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह एक बार जो कमिटमेंट कर दिए उससे डिगते नहीं हैं।पीड़ित अपनी फरियाद लेकर चाहे जहां जाए, आएगा तो कोतवाली ही।मामला जिले के कोतवा ली देहात क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे खेमकरन चंदवत पुर की रहने वाली महिला पत्रकार रूबी अवस्थी तथा उनके परिजनों को पिछले महीने गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।हद तो तब हो गई जब जिला अस्पताल में भर्ती घाय लों को देखने पहुंचने वालों को भी दबंगों द्वारा धमकी दी गई और कोतवाली देहात पुलिस मूकद र्शक बनी रही।इतना ही नहीं, दबंग हमलावरों ने महिला पत्रकार रूबी अवस्थी को यहां तक धमकी दे डाली कि दूसरा सीतापुर बना दिया जाएगा।पीड़ित महिला पत्रकार का कहना है कि आरोपियों की दबंगई और देहात पुलिस की शिथिल कार्य शैली से वह तथा उसका पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है।उसका कहना है कि उसे तथा उसके परि जनों को जान का खतरा है।इस मामले में आईजी अमित पाठक से भी

### इसे देहात कोतवाल का रसूख कहें,या निरंकुशता, सिस्टम की लाचारी कहें या फिर अफसरों की बेबसी...!

उसने न्याय की गुहार लगाई।महिला आयोग की सदस्य से भी मिली।एसपी विनीत जायसवाल से भी मिलकर पूरे प्रकरण और देहात कोतवाल की कार्यशैली से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। पुलिस की निरंकुशता की इंतिहा तब हो गयी, जब घटना के दूसरे दिन विपक्षी से भी तहरीर लेकर पीड़ित पत्रकार व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया।महिला पत्रकार रूबी अवस्थी कोतवाली से सीओ का चक्कर लगाती रही लेकिन इंसाफ की उम्मीद नहीं दिखाई दी।इस पर वह पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ आईजी अमित पाठक से मिली। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ को जांच सौंप दी,लेकिन यहां भी उम्मीदें टूट गयीं। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसे तथा उसके परिजनों को विपक्षियों द्वारा लगातार धमकियां और गालियां दी जा रही हैं। स्थानीय स्तर पर इंसाफ की उम्मीद टूटने के बाद



वह गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में पेश हुई और इंसाफ की गुहार लगाई। जनता दर्शन में दिए गए शिकायती पत्र में रूबी अवस्थी ने कहा कि विपक्षी शिवपूजन अवस्थी आदि उससे तथा उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। होली के दिन विपक्षी उसके घर पर चढ़कर मारपीट किए थे। आरोप लगाया कि इसी रंजिश को लेकर 21 मार्च को शाम करीब सात बजे उसकी छोटी नाबालिग बहन दुकान पर सामान खरीदने जा रही थी। विपक्षियों के घर के सामने पहुंची तो विपक्षी गण उसकी बहन को गलत नीयत से हाथ पकड़कर घसीटने लगे।जिससे उसका कपड़ा फट गया और वह अर्धनग्न अवस्था में हो गयी।इस संबंध में भी कोतवाली देहात में तहरीर दी गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीएम के जनता दर्शन में शिकायत को सुना गया और पीड़िता रूबी अवस्थी को न्याय का भरोसा देकर भेज दिया गया। इस मामले में एसपी गोण्डा को लिखा गया कि 'परीक्षणोपरांत कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है।'इतना ही नहीं, पीड़िता ने डीजीपी को भी शिकायती पत्र दिया और कार्रवाई की गुहार लगाई।उसने राज्यपाल से भी मामले में इंसाफ मांगा। वहां से भी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया,लेकिन यहां पहुंचने के बाद पहले से ही तैयार मनगढ़ंत स्क्रिप्ट लिखकर शासन-प्रशासन को गुमराह कर दिया गया जिससे एक पीड़ित महिला पत्रकार इंसाफ के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।इनसेट डीएम नेहा शर्मा ने सुनी पीड़िता की फरियाद सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पत्रकार रूबी अवस्थी को बुलाया और पूरे प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने तत्काल देहात कोतवाल से भी इस मामले में बात कर कार्रवाई का निर्देश दिया।डीएम ने इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से भी बात करने को कहा। उन्होंने महिला पत्रकार रूबी अवस्थी को न्याय का भरोसा दिलाया है।उन्होंने कहा कि दबंगों के खिला फ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पूरे प्रकरण की नये सिरे से जांच कराई जाएगी।

# महिला सुरक्षा को लेकर सख्त एंटी-रोमियो स्क्वॉड टीम, मनचलों को जारी किए 161 'रेड कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अब फुटबाल के रेफरी की तरह रेड कार्ड लेकर चल रही है।एंटी-रोमियो स्क्वॉड द्वारा जारी ये कार्ड उन लोगों को दिया जाएगा जो पब्लिक प्लेस या कालेजों में महिलाएं पर टिप्पणी या छेड़छाड़ करते पकड़े जाएंगे तो ये रेड कार्ड चेतावनी के तौर पर दिए जा रहें है और उन लोगों के खिलाफ जिन्हें पहले रेड कार्ड जारी किए जा चुके हैं वो अगर दोबारा कुछ ऐसा करते पकड़े गए तो उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की जाए गी।महिलाओं को छेड़छाड़ और सड़क पर उत्पीड़ न से बचाने के लिए,अपराध की अधिक संभावना वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए पुलिस लोगों से प्रतिक्रिया भी मांगेगी है ये कदम उन लोगों पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है जो पब्लिक प्लेस पर लड़कियों पर फब्तियां कसते हैं या अप मान जनक भाषा का प्रयोग करते हैं। वही छात्राओं के द्वारा अपने फीडबैक



में दिये गए सभी बिंदुओं को थानावार चिन्हित कर उनकी मैपिंग की गयी।जिससे सभी टीमों को शोहदों,मनचलो द्वारा छात्रा ओ महिलाओं के विरूद्ध छींटाकशी अपमानजनक टिप्पणी किये जाने वाले स्थानों की व्यापक जान कारी हुई।छात्राओं,महिलाओं द्वारा मिले फीडबैक के आधार पर सम्बन्धित स्थानों दुकानों,मॉल,गली मोहल्लों,पार्कों,मन्दिरों व स्कूल,कालेजों के आस पास के क्षेत्रो पर के आस-पास गोण्डा पुलिस की एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम मनचलो को पकड़ कर रेड कार्ड निर्गत किया गया तथा चेतावनी दी गयी कि निर्गत रेड कार्ड पाने वाले शोहदे दुबारा इस तरह की हरकत करते पाये गये तो गोण्डा पुलिस के द्वारा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।रेड कार्ड पाने वाले शोहदों का पूरा वि वरण एंटी रोमियो टीम द्वारा एक निर्धारित प्रारूप में नोट किया जा रहा है।इसे भविष्य के रिकॉर्ड के लिए थाने में सुरक्षित भी रखा जाएगा ताकि अव श्यकता पड़ने पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके उक्त अभियान के क्रम में चैत्र नवरात्रि से अब तक जनपद की सभी एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा कुल-268 स्कूल,कालेजों,आंगनबाडियों में पंहुचकर छात्रा,छात्राओं,महिलाओं से करीब 11,797 फीड बैक फार्म प्राप्त कर सुझाव लिए गए।प्राप्त सुझा वों के आधार पर अब तक जनपद में 291 स्थानों को चिन्हित कर एण्टीरोमियों स्क्वाड द्वारा छात्रों महिलाओं के विरूद्ध छींटाकशी अपमानजनक टिप्पणी करने वाले 161 शोहदों मनचलों के विरू द्ध रेडकार्ड जारी किया गया।तथा दो प्रकरणों में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी के विरुद्ध वैधानि क कार्यवाही की गई है।

# गन्ने के साथ भिण्डी, खीरा की सह फसली खेती कर मालामाल हो रहे किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र में गन्ने की उन्नत खेती और सह फसली खेती को लेकर उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा मिल के अधिशासी अधिकारी करन सिंह के निर्देश पर चलाए गए प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का लाभ देखने को मिल रहा है। गन्ने साथ भिण्डी, खीरा आदि की सह फसली खेती कर माला माल हो किसान हो रहे हैं। प्रगतिशील किसानों को मिल के अधिशासी अधिकारी करन सिंह ने सम्मानित करेंगे।ढाढ़ा चीनी मिल द्वारा ग्राम रामपुर कारखाना में किसान के खेत पर प्रशिक्षण गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने किसानों को सहफसली खेती का फोटो ग्राफ दिखाकर गन्ने के साथ आलू, प्याज, लहसून, गोभी, टमाटर, मूंग, मसूर, धनिया, गहुँ, तोरिया, पालक, मूली आदि की खेती का सुझाव दिया। जिससे किसानों को लाभ होगा। युवा किसान मुन्ना सिंह ने बताया कि पिता जी ने 5 कट्ठा पौधा गन्ना प्रगति को 0118 को फरवरी के प्रथम सप्ताह में ट्रेंच विधि से बोया गया। गोबर की सड़ी खाद दो पंक्तियों के बीच में भिंडी बोया गया। 35- 40 दिनों पर भिण्डी निकलना शुरू हुआ।

मार्च में 40 से 50 रूपया किलो बिका। आज भी 25 से 30 रूपया किलो बिक रहा है। तीसरे दिन तुड़ाई होती है। आज तक बीस हजार का बिका है। मई तक निकलेगा। गन्ने में लौकी खीरा 1.5 बीघा खेत में खीरा बोया है। प्रतिदिन 5 से 7 हजार रूपये का बिकता है।किसानों ने गन्ने के साथ लौकी, भिण्डी, खीरा की सह फसली खेती दर्जनो किसानों ने देखी।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान राजाराम पटेल ने की।संचालन करते हुए वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक रामदेव शर्मा ने किसानो को बताया कि पापरिला कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशक, गन्ना बुआई तथा निराई का यन्त्र अनुदान पर दिया गया है। इस गन्ना प्रजाति को 14201, को 15023, को. 0118 का वीज वितरण हुआ है। एक आंख से पौधा गन्ना तैयार कराया गया है। इस दौरान दिनेश सिंह, रामचन्दर अवधेश विदेशी, सतीश प्रजापति, गुलाव खरवार, अशोक सिंह रविन्द्र सिंह आदिमौजूद रहे।

# चिंगारी से लगी आग गेंहू की फसल राख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल, बहराइच। खेत के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन लाइन पर चिड़िया के बैठने से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत का आग पर काबू पाया।जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनराजपुर गुलरिया में हरि नाम वर्मा के खेत के ऊपर बिजली का हाई टेंशन लाइन का तार लगा हुआ है। दोपहर में हाई टेंशन लाइन पर किसी अज्ञात चिड़िया के बैठने से धडाम की आवाज हुई और चिड़िया जलकर जमीन पर गिर गई। इससे गेहूं के खेत में आग लग गई। आग की लफ्टे देख ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। किसान ने बताया कि उसका तीन बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है।

## धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि का आगमन आज

बहराइच । प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी.एम. अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति, भारत सरकार श्री धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. बहराइच पहुंचकर डी.पी.आर.ओ. के साथ वार्ता करेंगे। जिला विकास अधिकारी, डीपीआरओ, जिला समाज कल्याण विकास, लोक निर्माण, विद्युत व सिडकों, जल निगम के अधि.अभि., डीएसओ, सचिव मण्डी के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के सम्बन्ध में तथा अधि.अधि. नगर पालिका व नगर पंचायत के साथ एम.एस. एक्ट 2013 का जनपद में पालन कराने के सम्बन्ध में बैठक। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त श्री बाल्मीकि प्रस्थान कर जायेंगे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नामांकन बढ़ाने पर जोर

राजापाकड़ / कुशीनगर। परीषदीय विद्यालयों में छात्र नामांकन बढा़ने के लिए उमंग सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाटक दल) लखनऊ की ओर से विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।प्राथमिक विद्यालय गंगुआ में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को अपने बच्चों का नामांकन परीषदीय विद्यालयों में कराने की अपील किया। इस टीम में श्रुति गुप्ता, मंगल, प्रियांश, कृष्ण, जितेन्द्र आदि रहे। इस अवसर पर दीपक यादव, ग्राम प्रधान अख्तर अली, प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिकेश पांडेय, महावीर पांडेय आदि रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामनगर तरहर विकास खण्ड झंझरी,जनपद-गोण्डा

पत्रांक :/निविदा 2024-25 दिनांक: 10/03/2025

निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदया गोण्डा द्वारा प्रदत्त स्वीकृति दिनांक 12.03.2025 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अंत्येष्टि स्थल विकास हेतु अनुदान संख्या 14 में ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत रामनगर तरहर में निर्माण होना है। अंत्येष्टि स्थल के विकास योजना/केंद्रीय वित्त,राज्य वित्त के अंतर्गत इच्छुक फर्मों से सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध कराई जा सकती हैं,जिसके अंतर्गत अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु शासनादेशानुसार निम्न अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाना है:-

1- अंत्येष्टि स्थल शेड (12m × 6m)
2- शवदाह का प्लेटफार्म 02 अदद।
3- आफिस (6m × 3m)
4- नागरिकों के बैठने के लिए शांति स्थल (9m × 6m)।
5- इंडिया मार्का-2 हैंडपंप की व्यवस्था एवं जल निकासी आदि।
6- हॉटी कल्चर एवं प्लान्टेशन आवश्यकतानुसार।
7- शौचालय एवं स्नान घर (9.86m × 1.5m)।
8- बाउंड्री वॉल का निर्माण।
9- इंटरलॉकिंग (200 square meter)।
10- लकड़ी का स्टोर (9m × 6m)।
11- आंतरिक इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य (693.12 वर्गमीटर)।

उक्त निविदा दिनांक 21.03.2025 से 27.03.2025 तक समय 12:00 बजे से जमा की जा सकती है,जो उसी दिन 2:00 बजे खोली जाएगी।अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में ग्राम प्रधान से संपर्क किया जा सकता है।निविदाएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित है।

ग्राम प्रधान सचिव
कमला देवी अरुण कुमार सिंह


# पेपर लीक मामले में एलबीएस कॉलेज के प्रोफ़ेसर पर लटकी कार्यवाही की तलवार

**एलबीएस डिग्री कालेज के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ.बैजनाथ पाल को यूपी एसटीएफ ने फर्जी पेपर बेचने के आरोप में गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के प्रतिष्ठित लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की छवि को गहरा आघात पहुं चा है।महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र प ढ़ा रहे असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ.बैजनाथ पाल को यूपी एसटीएफ ने असिस्टेंट परीक्षा का फर्जी पेपर बेचने के आरोप में गिरफ्तार कि या है।गिरफ्तारी के बाद एलबीएस कॉलेज में हड़कंप मच गया है।महाविद्यालय के प्रधाना चार्य रविंद्र कुमार ने इस प्रकरण पर गहरी ना राजगी जताते हुए प्रबंधक समिति के सचिव को पत्र लिखकर डॉ.पाल के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।प्रधानाचार्य के अनु सार आरोपी प्रोफ़ेसर 17 अप्रैल से बिना सूच ना के अनुपस्थित चल रहे हैं।उन्होंने कहा- यह घटना महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के लिए बड़ा धक्का है।अब सभी अध्यापकों की गति विधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और भ विष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए कार्य शालाएं और विशेष बैठकें आयोजित होंगी।

### तीस से पैतीस लाख में किया था सौदा

पुलिस सूत्रों के अनुसार,डॉ.बैजनाथ पाल ने अपने भाई विनय पाल और एक अन्य सहयो गी के साथ मिलकर 16 और 17 अप्रैल को होने वाली परीक्षा का पेपर लीक किया था। इस पेपर की डील मामले में तीस से पैतीसलाख रुपए में की गई थी।डॉ.पाल की नियु क्ति जुलाई 2022 में हुई थी और वे तब से राजनीतिक शास्त्र पढ़ा रहे थे।

### सवालों के घेरे में कालेज प्रशासन,कैसे नहीं लगी भनक

डॉ.बैजनाथ पाल अयोध्या जिले के निवासी हैं और वहीं एक महाविद्यालय का भी संचाल न करते हैं। इस पूरे मामले ने शिक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।छात्रों ने भी दबी जुबान में कहा कि ''ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि शिक्षा के पवित्र पेशे को कलंकित करने वा लों के लिए यह नजीर बने।सरकारी सेवा में रहकर शिक्षा से विश्वासघात इस घटना ने ए क बार फिर यह साबित कर दिया है कि सर कारी सेवा में रहकर भी कुछ लोग निजी ला भ के लिए पूरे तंत्र को दांव पर लगाने से नहीं हिचकते।अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्र शासन इस मामले में कितनी सख्त कार्रवाई करता है और क्या वाकई ऐसा उदाहरण पेश किया जाता है जो भविष्य में नकल माफिया के खिलाफ एक कठोर संदेश दे सके।

# यातायात पुलिस को एसएसबी के जवानों ने दिखाया आईना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर क्षेत्र में हर तरफ जाम की समस्या को लेकर नागरिक जूझ रहे हैं। नगर क्षेत्र के शेरपुर कला रोड, कोतवाली रोड, कस्बा चौकी के पास, मेन मार्केट, नेशनल हाईवे सहित माधोटाडा रेलवे फाटक पर रेलगाड़ी जाने के बाद अक्सर जाम लग जाता हैं। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन रविवार को यातायात पुलिस नदारत थी। जाम खुलवाने का जिम्मा सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने संभाला उन्होंने रेलवे क्रॉसिंग पर लगे जाम को कुछ ही मिनट में खुलवाने का सराहनीय कार्य किया है। इस सरहनीय कार्य के लिए एसएसबी के जवानों की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है।

## चेयरमैन की पत्नी के सहयोग से शिविर का हुआ आयोजन

# बालिकाओं को किया प्रशिक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता





पूरनपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की पत्नी कल्पना गुप्ता के सहयोग से नारी शक्ति क्लब द्वारा पूरनपुर के फिरोजपुर चांट देहात की बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सौंदर्य निखार शिविर चलाया गया जिसमें बालिकाओं ने उत्साह एवं मनोयोग से भाग लेकर शिविर को सफल बनाया शिविर पकड़िया पर नगर पालिका परिषद द्वारा बनवाए हॉल में लगाया गया।

नगर की सौंदर्य निखार प्रशिक्षिका श्री मती मंजू मिश्रा एवं रुचि शर्मा द्वारा 21 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया । इस पूर्ण कार्यक्रम का संचालन 2024 -25 की कार्यकारणी एवं नारी शक्ति क्लब के सभी सदस्यों की सहभागिता से हुआ प्रारंभ निःशुल्क सौन्दर्य निखार शिविर का समापन समारोह था। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर एवं नगर पालिका अध्यक्ष की पत्नी कल्पना गुप्ता ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं सौंदर्य निखार में जरूरत सामान की किट देकर सम्मानित किया गया।सभी बच्चियों का आत्मविश्वास देखते ही बनता था। निश्चित रूप से इस प्रशिक्षण से बच्चियाँ आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षिका मंजू शर्मा जी एवं रुचि मिश्रा जी को भी उनके अथक परिश्रम के लिए स्मृति चिन्ह एवं सम्मानित किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष का विशेष आभार व्यक्त किया।इस आयोजन में नारी शक्ति क्लब की अध्यक्ष रानो माटा, कोषाध्यक्ष सलोनी गुप्ता, सचिव अंजली गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष सविता खण्डेलवाल, प्रभा गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मीरा गुप्ता, डॉ नीता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, सुधा गुप्ता, दीपिका गुप्ता, डॉ सुगंध अग्रवाल, स्मिता गुप्ता,अनुराधा गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे। आगे नारी शक्ति द्वारा इसी प्रकार के अन्य निःशुक्ल शिविर भी लगाने की योजना है।

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा जिलाधिकारी पीलीभीत को ज्ञापन देकर छति पूर्ति की मांग की व दोषी नलकूप आपरेटर तथा अवर अभियन्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग के साथ-साथ बीसलपुर तथा ब्लाक बिलसण्डा के ग्राम सिन्धौरा खरकपुर के पीड़ित किसान रामकिशोर मिश्रा के खेत संख्या 318 में सरकारी नलकूप विभाग के आपरेटर हरद्वारी लाल ने अवर अभियन्ता के साथ मिलकर उक्त पीड़ित किसान की तीन एकड पकी खड़ी गेंहूँ की फसल में नलकूप चला कर गेंहूँ के खेत में पानी भर दिया जिससे पीड़ित किसान तैयार गेंहू की फसल को कंमबाइन मशीन से नही काट पा रहा है। तथा पालतू जानवरों के भूसे की किल्लत हो गई है जिससे किसान को काफी छति हुई है।इन सब परेशानियों को देख कर किसान हित में पीड़ित किसान रामकिशोर मिश्रा को नलकूप विभाग के अवर अभियन्ता व नलकूप आपरेटर से छति पूर्ती दिलाने की मांग ज्ञापन देकर की गई है।अगर पीड़ित किसान के नुकसान की भरपाई नलकूप विभाग ने नही की तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक नलकूप विभाग का घेराव कर पीड़ित किसान को न्याय दिलवाने से पीछे नही हटेगी।

## हीट बेब के बारे में छात्राओं को जागरूक कर किताबें व ओआरएस के पैकेट किए वितरित

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंडियन रेड क्रास सोसायटी ने सोमवार को कंपोजिट कन्या विधालय में पहुचकर छात्राओं को हीट बेब के बारे में जानकारी दी और उस से बचाव को लेकर भी जागरूक किया। इस दौरान सीमित के जिला सचिव कौशलेंद्र भदोरिया ने बच्चों से गर्मी में कम से कम निकले तथा दोपहर में 12 से 3 बजे तक का समय जितना हो सके उतना गर्मी से और धूप से दूर रहे और निरंतर मटके का पानी पीते रहे व सूती और हल्के रंग के कपड़े पहने जब भी धूप में जाएं अपना सर ढक कर जाएं। इस दौरान ओआरएस के पैकेट व बच्चों को पुस्तके और विद्यालय में कार्यरत 4 रसोईयों को सोसाइटी ने साड़ी प्रदान की है।

## अलग अलग सड़क हादसों में 6 लोग घायल

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव लालपुर के रहने वाले रामसनेही अपनी पत्नी रामकृति के साथ सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव में रिस्तेदारी में आए हुए थे। सोमवार को बाइक सवार दंपति घर बापस लौट रहे थे,तभी कार ने टक्कर मार दी। वही दुसरे हादसों में पिपरिया मझरा निवासी ओमप्रकाश, नवदिया थाना खुटार निवासी कृष्ण कुमार, पोकरापुर थाना बंडा निवासी सुमित्रा देवी और कढैर चौरा निवासी सावित्री देवी सड़क हादसों में घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए 108 एबुलेंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बाघिन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, लोगों में दहशत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव हरिपुर किशनपुर गांव के पास में बड़ी नहर स्थित हैं। नहर में बैठी बाघिन का वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर लोगों को सतर्क किया है। बताया जा रहा है कि यह गन्ने के खेतों में रहने वाली बाघिनों में से एक है। जिन्हें शुगरकेन टाइगर्स के नाम से जाना जाता है। वाइल्डलाइफ कंटेंट क्रिएटर हरविंदर मान ने इस बाघिन को मिठ्ठी नाम दिया है। बताया जा रहा है कि मिठ्ठी कुछ दिन पूर्व 50 किलोमीटर की दूरी तय कर लखीमपुर क्षेत्र में पहुंच गई थी। पर अब दोवारा फिर मिठ्ठी 50 किलोमीटर की दूरी तय कर बापस अपने पुराने इलाके में लौट आई हैं। हालांकि गन्ने के खेत में रहने वाली मिठ्ठी का स्वभाव बेहद शांत बताया जा रहा है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम निगरानी में जुटी हैं और लोगों में दहशत का माहौल है।

## रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज पर दो युवकों की बेहरमी से पिटाई

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर खुलेआम गुंडागर्दी कर दो युवकों की पिटाई की जा रही हैं। जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रेलवे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती नजर आ रही हैं। दरअसल 6 अप्रैल को दबंग लोगों के द्वारा दो युवकों के साथ रेलवे स्टेशन पर बने ओवर ब्रिज पर मारपीट की गई। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। जीआरपी और आरपीएफ की सुरक्षा व्यवस्था के दावों की भी पोल खुल गई। हैरानी की बात यह कि आरोपियों ने खुद मारपीट की और खुद ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है।

## पांच परियोजनाओं का होगा पर्यटन विकास

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पर्यटन सूचना अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनपद अमेठी में पांच परियोजनाओं का 1400.5 लाख की लागत से पर्यटन विकास कराया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति दी गई है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि बासठ लाख रुपये की लागत से हिंगलाज भवानी मंदिर दादरा मुसाफिरखाना का पर्यटन विकास कराया जाएगा, 59.16 लाख की लागत से श्री मुकुट नाथ मंदिर ग्राम ताला, 1086.21 लाख की लागत से मलिक मोहम्मद जायसी स्मारक का निर्माण, 99.10 लाख की लागत से परम संत सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सौंदर्यीकरण एवं जीणोद्धार, 94.03 लाख की लागत से बाबा दुर्लभ दास ग्राम धर्मे का पर्यटन विकास योजना के अंतर्गत कार्य कराये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने एवं श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य पर्यटन स्थलों का विकास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त स्थलों के चयन के लिये जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया था जिसके क्रम में उपरोक्त स्थलों का पर्यटन विकास योजना अंतर्गत कार्य कराए जाने को लेकर पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत दी गई है।

## अम्बेडकर सम्मान अभियान में शामिल होगे कृषि मंत्री

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश सरकार के कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम बाइस अप्रैल को होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री बाइस अप्रैल को पौने तीन बजे जनपद के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा आयोजित डॉ अम्बेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तदोपरान्त साढ़े चार बजे जनपद अमेठी से जनपद लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

## एसडीएम ने मंगौली गेहूं क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुसाफिरखाना के उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने सोमवार को उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड मंगौली गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण के समय केंद्र प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित मिले गेहूं क्रय केंद्र पर कुल छह सौ पचास कुंतल चार किसानों से खरीद किया गया था खरीद में तेजी लाने के निर्देश केंद्र प्रभारियों को दिए गये साथ ही स्टाक रजिस्टर में अंकन पूर्ण नहीं था जिसे तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही खरीद में किसानों से संपर्क कर तेजी लाने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिये गये।

# 12 घण्टे के अंदर हत्या का खुलासा

## मृतक के मोबाइल फोन के साथ एक युवक को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस ने बारह घण्टे के अंदर हत्या का खुलासा कर दिया है और हत्या के अभियोग में प्रकाश में आये युवक को मृतक के एक अदद मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना क्षेत्र के कस्बा गौरीगंज में बीस अप्रैल को धुलाई सेंटर के पास चन्द्र कुमार उर्फ बब्बन पुत्र रामलखन निवासी ग्राम दूंदीपुर कस्बा व थाना गौरीगंज का शव मिला था।चन्द्र कुमार उर्फ बब्बन उपरोक्त की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या करने के संबंध में बीस अप्रैल को मृतक के भाई द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना गौरीगंज पर अज्ञात में अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर उक्त घटना के अनावरण एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के क्रम में सोमवार को निरीक्षक जिलेदार यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर उक्त मामले में प्रकाश में आये विशाल कनौजिया उर्फ छोटे पुत्र रामसुख निवासी ग्राम अमिया थाना गौरीगंज को मनीपुर तिराहे के पास से समय करीब पौने पांच बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि बीती उन्नीस अप्रैल को मैं और चन्द्रकुमार उर्फ बब्बन (मृतक) ने वाशिंग सेंटर के पास देशी शराब की दुकान से शराब खरीदकर पिये थे। मैने चन्द्र कुमार उर्फ बब्बन को पूर्व में उधार दिये गये एक हजार रुपयों को वापस मांगा तो चन्द्रकुमार उपरोक्त ने कहा कि कार वाशिंग सेन्टर के पास चलो वहीं पैसों की बात करते हैं जब हम लोग वहां गये तो चन्द्रकुमार उपरोक्त ने मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट करना शुरू कर दिया तो मैंने भी चन्द्रकुमार उर्फ बब्बन को थप्पड़ मारा व वाशिंग सेन्टर के पास में पड़े नुकीले ईंट से जान से मारने की नियत से उसके गले पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाया जिससे वह घायल होकर गिर गया मैं थोड़ी देर वहीं रूका रहा जब उसकी मृत्यु हो गयी तो मैं वहां से भाग गया था।शराब पीने से पहले मैंने चन्द्र कुमार उर्फ बब्बन का मोबाइल फोन ले लिया था व सिम कार्ड निकाल कर दे दिया था। मोबाइल फोन को एक पालीथीन में रखकर अरगवां गांव के पास स्थित तालाब के पास फेंक दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवक की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन अरगवां गांव के पास स्थित तालाब के पास से बरामद किया गया।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

# अंडर पास लोगों के लिए बना मुसीबत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। शाहगड़ रेलवे स्टेशन के पास हरदोई ब्रांच नहर के पास में अंडर पास बना हुआ है। जिसमें कई दिनों से पानी भरा हुआ जिससे किसानों ,स्कूल जाने वाले छात्रों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती हैं। उसके साथ-साथ भारी आर्थिक नुकसान भी झेलने को मजबूर हैं।साथ ही मैं आप को यह भी बताना चाहता हूं कि जब बड़ी रेलवे लाइन के काम की शुरुआत हुई थी तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने रेल विभाग को लिखित मांग पत्र भेज कर समस्त अंडर पासों को सम्पार फाटक रेलवे क्रासिंग बनाने की मांग की थी।लेकिन किसानों की मांगों को नजरअन्दाज कर लगभग सभी रेलवे क्रासिंगों पर अंडर पासों का निर्माण करा दिया जो कि अब किसानों व आम पब्लिक को दुखदाई हो गये ।रेल विभाग द्वारा बनाये गये सभी अंडर पास फ़ेल है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूरनपुर रेलवे-स्टेशन पर भाकियू ने जनवरी 2024 को 34 दिन कड़ाके की ठंड में दिन- रात अनिश्चतकालीन आंदोलन किया था। स्थानीय प्रशासन व बरेली मंडल से आये रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन पर आंदोलन इस शर्त पर समाप्त किया था। कि सभी अंडर पासों की जल भराव व अधिक ढाल को भी कम कर समस्या से निजात दिलाया जाएगा। पर रेल विभाग के अधिकारी व प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## सड़क दुर्घटना में अध्यापक की मौत

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटकौली मोड के पास विद्यालय जा रहे एक अध्यापक की ट्रक के चपेट में आने से धटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज थाने की पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए जिला मुख्यालय भिजवाया जहां पर उनका शव मर्चुरी में रखवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरभ सिंह 31 वर्ष वैदहा जूनियर विद्यालय में कार्यरत थे जोकि सुल्तानपुर की तरफ से आ रहे थे, जैसे ही इटकौली मोड के पास पहुंचे ही थे कि ट्रक की चपेट में उनकी मोटरसाइकिल आ गई और उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। वही ट्रक चालक मंगनगंज गांव के पास ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। सौरभ सिंह पूरे दरबार (गांव) अंबेडकरनगर के मूल निवासी थे, इनके पिता समर बहादुर सिंह एडेड जूनियर विद्यालय में कार्यरत थे, उनकी मृत्यु के पश्चात इनकी नियुक्ति हुई थी।

## हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए एक अहम जानकारी सामने आई है। इस वर्ष हज यात्रा पर रवाना होने वाले सभी यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आज 22 अप्रैल मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जामिया इस्लामिया खैराबाद में संपन्न होगा। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था की गई है, जिसमें वैक्सीनेशन का कार्य सरकार द्वारा नामित चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर हज यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ हज के सभी अरकान (अनिवार्य धार्मिक क्रियाएं) सिखाए जाएंगे, ताकि वे मक्का और मदीना में धार्मिक विधियों को सही तरीके से अदा कर सकें। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जिला हज ट्रेनर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी निभाएंगे, जो जामिया इस्लामिया खैराबाद के प्रबंधक और मरकज मस्जिद के पेश इमाम भी हैं। उनकी देखरेख में यह संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त हज यात्रियों की सुविधा हेतु टीकाकरण की दूसरी व्यवस्था मदरसा जामिया अरबिया में भी की गई है। मौलाना उस्मान कासमी ने हज यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय पर प्रशिक्षण व टीकाकरण स्थल पर उपस्थित होकर सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करें। यह प्रशिक्षण यात्रियों को न केवल धार्मिक दृष्टि से सक्षम बनाएगा, बल्कि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई से भी बचाएगा।

## संदिग्ध हालात में गेहूं के खेत में लगी आग

**गोसाईगंज/सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज दोपहर करीब 1 बजे थाना गोसाईगंज के द्वारिकागंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत धनऊ का पुरवा गांव में माइनर के किनारे कटे गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज़ थी कि कुछ ही मिनटों में खेतों में फैल गई। गांव के स्वामी नाथ तिवारी और शौकीन के खेतों में आग लगते ही ग्रामीण तुरंत सक्रिय हो गए। माइनर में पानी होने की वजह से लोगों ने बाल्टियों से पानी डालना शुरू किया। साथ ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी सूचना दी गई।चौकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी, सिपाही शिवम तिवारी, पीआरबी और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## गौभक्त विकास ने गोबर से तैयार किया धूपबत्ती, मोबाइल स्टैंड

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के सीताकुंड निवासी गौभक्त अधिवक्ता विकास यादव ने देसी गाय के गोबर से ऐसे अनोखे उत्पाद तैयार किए हैं, जो न सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल हैं,बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत उन्होंने गोबर से धूपबत्ती, अगरबत्ती, मोबाइल स्टैंड और दीवाली की सजावटी सामग्री जैसे उपयोगी और धार्मिक वस्तुएं तैयार की है। यह सभी उत्पाद पूरी तरह से जैविक हैं और प्लास्टिक या केमिकल युक्त विकल्पों का सुंदर और टिकाऊ विकल्प बनकर उभरे हैं।

## 'धार्मिक उपयोग और पर्यावरण संरक्षण एक साथ...'

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने बताया कि संगठन के सक्रिय सदस्य गौभक्त अधिवक्ता विकास यादव निवास शहर के सीताकुंड पर एक कार्यक्रम के तहत पहले गौमाता की भव्य आरती उतारी गई। तदुपरांत गौमाता के गोबर से निर्मित उत्पाद को बारी बारी सभी ने देखा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता विकास यादव का गौमाता के प्रति असीम लगाव देखकर हम सभी अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि गौमूत्र और गोबर से बनी धूपबत्तियां और अगरबत्तियां न केवल शुद्ध वातावरण प्रदान करती हैं, बल्कि पूजा-पाठ के दौरान धार्मिक महत्व भी निभाती हैं।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की नई पहल-उमंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बीआरसी बल्दीराय के कम्पोजिट विद्यालय हैंधनाकला में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आई ए एस सुश्री गामिनी सिंगला उपजिलाधिकारी बल्दीराय के निर्देशानुसार उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्व का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं की प्रतियोगिता ब्लाक स्तर पर दिनांक 22 अप्रैल 2025 को कम्पोजिट विद्यालय हैंधनाकला में आयोजित की जाएगी जिसमें क्रमशः विद्यालय एवं न्याय पंचायत स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं को ब्लाक स्तरीय उमंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के अवसर दिए जाएंगे । इसके पश्चात ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्र-छात्राओं को तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को ज्वाइन मजिस्ट्रेट आई ए एस सुश्री गामिनी सिंघला उपजिलाधिकारी बल्दीराय द्वारा प्रशस्ति पत्र मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय रोजी सिंह ने अवगत कराया कि इस तरह की प्रतियोगिताऐं से बच्चों में छुपी प्रतिभाओं की खोज होती है, यह हमें नए विचारों को तलाशने, गंभीरता से सोचने और मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि जब आप प्रतिस्पर्धा करते है तो याद रखें कि हर सवाल कुछ नया खोजने का अवसर है। आपका उत्साह और सीखने की उत्सुकता ही सबसे ज्यादा मायने रखती हैं।

# संदिग्धावस्था में लगी से मासूम की मौत, माँ भी झुलसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। थानाक्षेत्र बल्दीराय के पूरे लाला मजरे सोनबरसा गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। आग लगने से दो वर्षीय मासूम बच्ची की जलकर मौत हो गई और उसकी मां भी आग के चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गई।

थानाक्षेत्र के पूरे लाला मजरे सोनबरसा गांव में रविवार रात लगभग बारह बजे हरीश वर्मा के छप्परनुमा घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से हरीश वर्मा की लगभग दो वर्षीय मासूम पुत्री पूनम की जलकर मौत हो गई और पत्नी गीता (35) गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के समय हरीश के चारों बच्चे मनीष (11), सुजीत (6), सुनीता (4) और पूनम घर में सो रहे थे। आग की लपटें उठते ही अन्य बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन मासूम पूनम को नहीं बचाया जा सका। आग में पीड़ित की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मकान के पास स्थित ट्रांसफार्मर से चिंगारी उठने के बाद आग लगी थी। वहीं, प्रशासन ने अभी तक आग के कारणों की पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलने पर पाराबाजार चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूचना पर नायब तहसीलदार गुलाब सिंह और हल्का लेखपाल अरुण कुमार तिवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि विधिक कार्यवाही बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# पुरानी पेंशन मुद्दे पर पार्टियों पर लगाया भेदभाव का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आज पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष व गख्रग्घ्ट्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु का जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा के आवास पर उनकी पत्नी के स्वास्थ्य लाभ जानने हेतु परिवार सहित सुलतानपुर आगमन हुआ, जो कि विगत दिनों दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। शहर में पहुंचते ही जिला प्रवक्ता मनोज दुबे और देशराज कुड़वार अध्यक्ष के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। बंधु जी का स्वागत गौरा के घर पहुंचने पर जिले के समस्त पदाधिकारियों, विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष व सैकड़ों शिक्षकों और कर्मचारियों के द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों/सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली का भरोसा दिया और साथ ही सरकार से पेंशन विकल्प के मुद्दे पर नई पेंशन योजना और एकीकृत पेंशन योजना के साथ-साथ पुरानी पेंशन योजना का भी विकल्प देने का सुझाव दिया। पुरानी पेंशन योजना को बहाल न करने के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि सांसदों , विधायकों के पेंशन व भत्ते बढ़ाने के प्रस्ताव पर सभी पार्टियों के नेता एकजुट हो जाते हैं जैसा कि हाल ही में उनके भत्तों में चौबीस प्रतिशत की एकमुश्त वृद्धि मेज थपथपाकर की गई । लेकिन जहाँ कर्मचारियों के हित की बात आती है तो सरकार पर आर्थिक बोझ का दबाव आ जाता है जो कि शिक्षकों कर्मचारियों से भेदभाव मात्र ही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों से आगामी एक मई को दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन प्रस्तावित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया और उसके बाद लखनऊ चढ़ाई के लिए तैयार रहने के लिए भी कहा गया। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और उनके सम्मान में उपस्थित सैकड़ों कर्मचारियों, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अटेवा जिला महामंत्री मोहम्मद हसीब,कोषाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य, आई टी सेल प्रभारी चंद्रपाल राजभर,जिला प्रवक्ता मनोज दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष कुड़वार देशराज, सौरभ राजभर, रामजीत, नवीन श्रीवास्तव, अनिल लाला, संजय सिंह, विजय बहादुर सिंह, राम सिंह, रश्मिबाला सिंह, नीतू सिंह, अरविन्द सिंह, जनार्दन राय, बृजेश सिंह, गिरिजेश सिंह, पतिराम, बृजेश कुमार, प्रवीण सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, रामानंद के साथ सैकड़ों अन्य शिक्षक कर्मचारी साथी भी उपस्थित रहे।

# एक गर्म लहर बना देती है आगे के लिए भी आधार

जलवायु परिवर्तन का असर दुनियाभर में लोगों को परेशान कर रहा है। चरम मौसमी घटनाओं के कारण कई तरह की आपदाएं आए दिन सामने आती हैं। इसलिए इसका पैटर्न समझने की कोशिश की जा रही है। इस क्रम में आइआइटी बांबे और जर्मनी के जोहान्स रटेनबर्ग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की एक टीम ने इस बात की पड़ताल की है कि मार्च और अप्रैल 2022 के दौरान दक्षिण एशिया में एक के बाद एक अत्यधिक गर्मी की क्यों पड़ी। भारत और पाकिस्तान सहित पूरे क्षेत्र में उस समय के लिए तापमान असाधारण स्तर पर पहुंच गया, जो लगातार औसत से 3-8 डिग्री सेल्सियस अधिक था। गर्म मौसम की लंबी अवधि मई में भी जारी रही। इस संबंध में हुए इस अध्ययन में बताया गया है कि एक हीटवेव (गर्म लहर या लू की स्थिति) वातावरण में अगले हीटवेव के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा कर सकती है, जिससे एक सिलसिला चल पड़ता है। और फिर गर्मी का मौसम लंबा खिंचने की संभावना बन सकती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि जर्नल आफ जियोफिजिकल रिसर्च एटमास्फियर में प्रकाशित अध्ययन के निष्कर्षों में शोधकर्ताओं ने बताया है कि यह एक ''चिंताजनक पैटर्न'' दिखाता है, जिसके अनुसार अगली हीटवेव अधिक तीव्र होती है। पहली हीटवेव की अत्यधिक गर्मी मिट्टी से नमी को हटा देती है, जिससे यह सूख जाती है। अत्यधिक सूखापन वायुमंडलीय प्रक्रियाओं के एक चक्र को चालू कर सकता है, जिससे अगली अवधि और भी खराब हो सकती है। अध्ययन की सह-लेखिका आइआइटी बांबे की एसोसिएट प्रोफ़ेसर अर्पिता मंडल के मुताबिक, जब मिट्टी में नमी होती है तो साफ आसमान की स्थिति में सूर्य की कुछ ऊर्जा हवा को गर्म करने के बजाय उस नमी को वाष्पित करने में चली जाती है। लेकिन जब मिट्टी पहले से ही सूखी होती है तो वह सारी ऊर्जा सीधे हवा को गर्म करने में लगती है। मार्च और अप्रैल की हीटवेव की तुलना करते हुए टीम ने पाया कि प्रत्येक हीटवेव एक अलग वायुमंडलीय प्रक्रिया द्वारा संचालित थी। पहली उच्च ऊंचाई पर हवाओं द्वारा और दूसरी शुष्क मिट्टी की स्थिति द्वारा, जो पूर्व के परिणामस्वरूप बनी थी। अध्ययन के प्रमुख लेखक आइआइटी बांबे के रोशन झा का कहना है कि हमारा विश्लेषण दिखाता है कि मार्च की हीटवेव मुख्य रूप से अल्पकालिक वायुमंडलीय रास्बी तरंगों के आयाम में अचानक वृद्धि से जुड़ी थी, जो उच्च ऊंचाई वाली हवाओं में बड़े पैमाने पर घुमावदार हैं, जो घुमावदार नदी में मोड़ की तरह हैं। आगे लहरें और अधिक शक्तिशाली हो गईं, क्योंकि ध्रुवों के निकट उच्च ऊंचाई वाली पश्चिमी हवाओं (एक्स्ट्राट्रापिकल जेट स्ट्रीम) ने ऊर्जा को भूमध्य रेखा के निकट आने वाली पश्चिमी हवाओं (सबट्रापिकल जेट स्ट्रीम) में स्थानांतरित कर दिया, क्योंकि वे हीटवेव के दौरान करीब आ गईं। हालांकि, अप्रैल की गर्मी की लहर अलग तरह से शुरू हुई, जो मुख्य रूप से बहुत शुष्क मिट्टी की स्थिति और पाकिस्तान और अफगानिस्तान के उत्तर- पश्चिमी भूमि क्षेत्रों से भारत में गर्मी के आने के कारण हुई। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये शुष्क परिस्थितियां आंशिक रूप से मार्च की पिछली गर्मी की लहर से बनी थीं, जिसने पहले ही उच्च तापमान और साफ आसमान के कारण भूमि को सुखा दिया था। अध्ययन के निष्कर्ष संकेत देते हैं कि भूमध्य रेखा की ओर एनर्जी ट्रांसफर के साथ वेबगाइड इंटरैक्शन मार्च में शुरुआती गर्मी को बढ़ाता है, जिसके बाद मिट्टी की नमी के स्तर को कम करके अगले हफ्तों में और अधिक गर्मी के लिए आधार तैयार होता है। आइआइटी बांबे के चेयर प्रोफ़ेसर सुबिमल घोष का कहना है कि हाल के दिनों में गर्म भविष्य के अधिक निश्चित होने के साथ हवा के पैटर्न प्रभावित होते रहते हैं और इन परिवर्तनों की पहचान करने से भविष्य की गर्मी की लहरों के प्रभावों का बेहतर अनुमान लगाने और उन्हें कम करने में मदद मिलती है।

# मानव सभ्यता को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी

**विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष**

**आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है।**

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह', जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। 190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निर्माता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके। आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढ़ंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है। आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिग का बड़ा कारण है। देश में प्रतिवर्ष लाखों पशु-पक्षी पॉलीथीन के कचरे से मर रहे हैं। हमें वर्षा के जल को पुनः उपयोग में लाने वाली प्रणाली को विकसित करना होगा। हमें बिजली की बर्बादी को भी रोकना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं है जब हम अंधेरे में ही अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो जायेंगे। हमें कागज के उपयोग को सीमित करना होगा, क्योंकि कागज पेड़ों की लकड़ी से बनता है जिसके लिए हमें बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। प्रकृति से सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। अन्यथा निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है। **–ललित गर्ग**

# स्ट्रीट डॉग और बंदरों को लेकर बने ठोस नीति

**योगेश कुमार सोनी**

स्ट्रीट डॉग्स और बंदरों की वजह से कई लोगों बेमौत मारे जा रहे हैं। गली-मोहल्लों में लावारिस कुत्तों के हमला करने से अलग-अलग जगह पर कई लोगों की जान जा चुकी है। आश्चर्य की बात यह है कि इस तरह के हादसे को लेकर किसी भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सकता है। चूंकि जानवर ने हमला किया है तो किसको जिम्मेदार माना जाए? महत्वपूर्ण यह है कि हर राज्य का नगर निगम इसके लिए बजट पारित करता है। इस पैसे से ही कुत्तों की नसबंदी और उन्हें अन्य प्रकार के इंजेक्शन लगाए जाते हैं, जिससे वह अगर किसी इनसान को काटे भी तो मौत न हो लेकिन इस क्षेत्र का संबंधित विभाग बिलकुल भी काम नहीं करता। पूर्व में हुई घटनाओं के यदि वीडियो देखें तो मन विचलित और दुखी हो जाता है। इस तरह के कुत्तों की वजह से देश के अलग-अलग हिस्सों में सालाना हजारों मौतें हो रही हैं और कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। आखिर इस तरह से किसी मौत होने पर उस परिवार को कितना दुख होता होगा यह बताना बहुत मुश्किल है। लावारिस कुत्तों को पकड़ने और नियंत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे वह और भी आक्रामक होते जा रहे हैं। राज्य सरकारों को आदेश है कि रेबीज के खतरे से बचने के लिए लावारिस कुत्तों का इलाज करना चाहिए लेकिन पशु विभाग इस मामले को लेकर कहीं भी गंभीर नजर नही आता। 'द लैंसेट इन्फ़ेक्शियस डिजीज जर्नल' में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में रेबीज के कारण हर साल लगभग 6000 लोगों की मौत होती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से मार्च, 2022 से अगस्त, 2023 तक देशभर के 15 राज्यों के 60 जिलों में एक सर्वे किया गया था। और यह वो आंकड़े हैं जो रजिस्टर्ड हुए हैं इसके अलावा बहुत सारे ऐसे केस हैं जो सरकार की निगाह में ही नहीं आते। इसके अलावा यदि बंदरों की बात करें तो बीते दशक में बंदर हिंसक होते जा रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर के अलावा तमाम राज्यों खासतौर पर महानगरों में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। लोगों की जान जाने का कारण तो बनते हैं लेकिन आर्थिक नुकसान भी बहुत कर रहे हैं। घरों की छत पर जो सामान रखा होता है उसको नष्ट कर देते हैं। इसके अलावा जिन घरों में घुस जाते हैं वहां खाने का सारा सामान चट कर जाते हैं और भारी नुकसान भी कर देते हैं। इसके अलावा सड़कों पर दोपहिया वाहनों पर जा रहे लोगों पर हमला कर देते हैं जिससे वह गिर जाते हैं। जब भी कोई वाहन से गिरता है तो उसको काटते भी हैं। बंदरों के काटने से बचाव के प्रयास में कुछ लोग छत से गिरकर भी मर जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बंदरों की वजह से हर वर्ष लगभग 55,000 लोग मारे जाते हैं। यह बड़ा व चिंताजनक आंकडां है। इसके अलावा करोड़ों रुपये का नुकसान भी होता है। इस समय उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बंदरों का आतंक सबसे ज्यादा बढ़ा हुआ है और स्वास्थ्य विभाग ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उससे तो यह एक संपूर्ण आपदा लगती है चूंकि हर घंटे में एक व्यक्ति बंदर के काटने का शिकार हो रहा है। सोचिए, हर घंटे एक नया मामला सामने आ रहा है। बीती फरवरी और मार्च में शहर के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में हर महीने करीब 600 बंदर काटने के नए मामले आए। अगर निजी अस्पतालों के आंकड़े भी जोड़ लिए जाएं, तो ये संख्या 750 तक पहुंच गया। हालांकि देश में ऐसे और भी उदाहरण दिए जा सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि महानगरों में विकास के चलते जंगलों का काटा जा रहा है। इससे कई प्रजाति के पक्षी और जीव लुप्त हो रहे हैं। मगर बंदरों ने गांवों, कस्बों और शहरों का रुख किया। राज्यों के पशु विभाग के अधिकारियों के अनुसार बंदरों को कहीं दूसरी जगह शिफ्ट नहीं किया जा सकता। यदि दिल्ली के परिवेश की बात करें तो जो बंदर दूसरे राज्यों से अपनी मर्जी से आते हैं और यदि विभाग उनको पकड़कर अपने वाहन में वहीं छोड़ना चाहे तो नहीं छोड़ सकता। वाहनों को सीमा पर ही रोक दिया जाता है और वापस भेज दिया जाता है। इन सब बातों के आधार पर यह तो तय हो जाता है कि शासन-प्रशासन के पास अभी तक लावारिस कुत्तों और बंदरों को लेकर कोई ठोस रणनीति नहीं है। यदि ऐसा ही चलता रहा और इनकी जनसंख्या बढ़ती रही तो निश्चित तौर पर यह मानव जीवन पर एक बड़ा खतरा बन सकता है और लावारिस जानवरों को लेकर यह एक अप्रत्याशित लड़ाई मानी जाएगी।

## सेहत मंत्र

# मोटापा और डायबिटीज से छुटकारा दिलाती है भिंडी

ओकरा यानी भिंडी मधुमेह के खतरे और वजन घटाने वाले लोगों के लिए ''सुपरफूड'' के तौर पर लोकप्रिय हो रही है। यह आमतौर पर लेडीफिंगर्स के रूप में जानी जाती है। भिंडी कई स्वास्थ्य लाभों के बीच रक्त शर्करा नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कई रिसर्च में यह साबित हुआ है कि भिंडी डायबिटीज में काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर काफी हद तक नियंत्रित रहता है। इसके अलावा भिंडी काफी लो कैलोरी वाली सब्जी है और इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा है जिसके कारण यह वजन कम कर मोटापा दूर करती है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किस प्रकार से भिंडी मोटापा और डायबिटीज में फायदेमंद है। भिंडी में तनाव को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि डायबिटीज के दौरान होने वाला तनाव शुगर लेवल को बढ़ाता है। भिंडी खाने से तनाव कम होता है। इसके अलावा भिंडी में मौजूद यूगेनॉल डायबिटीज से बचाने में मदद करता है। यह फाइबर रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने का काम करता है। यह अंडकोशों में शर्करा के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर डायबिटीज को दूर रखने अथवा नियंत्रित करने का काम करता है। जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए भिंडी में मौजूद फाइबर से अच्छा और कोई उपाय नहीं है। भिंडी में कैलोरी की मात्रा बिलकुल भी नहीं होती , इसलिए यह वजन कम करने का अच्छा उपाय माना जाता है। भिंडी कब्ज को भी दूर करती है। यह डायटरी फाइबर का सबसे अच्छा स्रोत मानी जाती है, जो हमारी पाचन क्रिया के लिए काफी लाभकारी होती है। यह घुलनशील फाइबर शरीर में मौजूद पानी में घुल जाते हैं, जिससे हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त हो जाती है। भिंडी में मौजूद आयरन तत्व हमारे शरीर के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं, जिससे आप अनीमिया से बचे रहते हैं। इसके साथ ही भिंडी में मौजूद विटामिन के रक्त स्राव को रोकने में मदद करता है, जिससे किसी विकट परिस्थिति में शरीर से रक्तस्राव बहुत कम होता है।

## धर्म मंत्र

# आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन्?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

## पर्यटन



# स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्जा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पाकरें की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं बाजारों में सीसीटीवी अनिवार्य : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनपद बाराबंकी में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में नवागत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बड़ा कदम उठाने के संकेत दिए हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायतों के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, प्रमुख बाजार तथा नगरों के प्रवेश द्वार अब सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से लैस करना आज की आवश्यकता है। अपराधों पर अंकुश लगाने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे एक प्रभावी उपकरण हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने से न सिर्फ अपराधियों के हौसले पस्त होंगे, बल्कि आम नागरिकों में भी सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

सुरक्षा को लेकर सख्ती का संकेत एसपी ने यह भी संकेत दिया कि नगर निकायों को इस दिशा में जल्द ही आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में भीड़ अधिक होती है, वहां पर निगरानी की सख्त जरूरत है। विशेष रूप से प्रमुख बाजारों, यातायात चौराहों, बस अड्डों और नगरों की सीमाओं पर कैमरे लगाए जाने से संदिग्ध गतिविधियों की पहचान में सुविधा होगी।

जनभागीदारी पर भी दिया ज़ोर : पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि दुकानदार, व्यापारी संगठन और स्थानीय निकाय आपस में तालमेल बनाकर यदि अपने-अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी लगवाते हैं, तो पुलिस की कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी। साथ ही अपराधियों को भी आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

> सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से लैस करना आज की आवश्यकता है। अपराधों पर अंकुश लगाने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे एक प्रभावी उपकरण हैं ।
>
> **अर्पित विजयवर्गीय, एसपी बाराबंकी**

### एक कदम, कई उम्मीदें

नवागत एसपी की इस पहल को लेकर शहरवासियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है। लोगों का मानना है कि यदि इस योजना को ईमानदारी से लागू किया गया, तो शहर में अपराध की घटनाएं निश्चित रूप से कम होंगी और आमजन अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे।

# सीडीओ साहब : डीपीआरओ का बाबू नियम, कायदे कानूनों पर भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 20 साल से बाराबंकी में जमे ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र रावत पर फिर उठे सवाल

## बहराइच मूल तैनाती के बावजूद नहीं हुए कार्यमुक्त, उपनिदेशक ने दोबारा लिखा पत्र, प्रशासनिक संरक्षण और ढिलाई बनी चर्चा का विषय

## बीस वर्षों से बाराबंकी में जमे ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र रावत, स्थानांतरण आदेशों की अनदेखी जारी

बाराबंकी। जनपद में दो दशक से संबद्ध ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र कुमार रावत को लेकर प्रशासनिक स्तर पर फिर हलचल तेज हो गई है। बहराइच में मूल रूप से तैनात रावत को वर्ष 2004 में बाराबंकी में अस्थायी रूप से संबद्ध किया गया था, लेकिन वह तब से यहीं कार्यरत हैं। अब उपनिदेशक पंचायत, देवीपाटन मंडल ने एक बार फिर मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी को पत्र भेजकर महेंद्र रावत को तत्काल कार्यमुक्त कर बहराइच भेजने का निर्देश दिया है।

महेंद्र प्रताप रावत की लंबी संबद्धता को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। पूर्व जिलाधिकारी आदर्श सिंह के समय की गई जांच में भी इनके विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। इसके पश्चात उन्हें डीपीआरओ कार्यालय से हटाकर ब्लॉक में स्थानांतरित किया गया था, लेकिन कुछ समय बाद वे पुनः उसी स्थान पर नियुक्त हो गए।

सूत्रों की मानें तो महेंद्र रावत पर एरियर भुगतान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा लंबित वेतन मामलों में 'निश्चित दर' तय करने जैसे गंभीर आरोप हैं। साथ ही यह भी कहा जाता है कि वे वरिष्ठ अधिकारियों के करीबी माने जाते हैं, जिसके चलते उनके विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। अब जबकि उपनिदेशक द्वारा पुनः निर्देश जारी किए गए हैं, इसके बाद भी कार्यमुक्ति न होने से जनपद में महेंद्र रावत के प्रभाव और 'प्रशासनिक संरक्षण' को लेकर कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। पहले भी इस प्रकरण में उन्हें निलंबित किया गया था, किंतु माननीय न्यायालय ने उस आदेश पर स्थगन दे दिया था। सूत्र बताते हैं कि डीपीआरओ कार्यालय द्वारा पत्राचार की प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है, ताकि कार्यमुक्ति में देरी होती रहे और मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाए। जनपद में प्रशासनिक पारदर्शिता की दृष्टि से यह मामला एक बड़ी चुनौती बन चुका है। अब देखना यह होगा कि शासन स्तर से इस दिशा में क्या प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

# नगर निकायों द्वारा चलाए जा रहे तीन दिवसीय अभियान के तहत दूसरे दिन भी हटाई गई अवैध होर्डिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नगर निकायों द्वारा मुख्य मार्गों पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल पर विभाग की अनुमति के बिना लगाए गए होर्डिंग बोर्ड को उतारने का तीन दिवसीय अभियान के तहत दूसरे दिन भी नगर पालिका नवाबगंज और जिले की सभी नगर पंचायतों के कर्मचारियों ने सैकड़ों पोल पर लगे होर्डिंग बोर्ड को हटाकर अपने कब्जे में ले लिए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज श्री संजय शुक्ला ने बताया कि पिछले कई दिनों से निरंतर आम जनता की शिकायतें मिल रही थी कि स्टेट हाईवे के अलावा मुख्य मार्गो पर जितने भी स्ट्रीट लाइट व बिजली के पोल लगे हुए हैं। उन पर अधिकांश लोगों ने विभाग की अनुमति के बिना ही अपने प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग बोर्ड लगाए हुए हैं और इन होर्डिंगों के कारण दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है जिसको शासन व जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही करने के लिये जिले भर में रविवार से चल रहे तीन दिवसीय अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स हटवाने के निर्देश दिए । जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों द्वारा रविवार से इस अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद नवाबगंज और जिले की सभी 13 नगर पंचायतों में एक साथ की गई। अभियान में नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की नगर पंचायतों के सभी ईओ और अन्य कर्मचारीगण अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहे।

# साईकिल पाकर खुशी से खिले बेटियों के चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- चौकी इंचार्ज के प्रयास से किसान नेताओं ने गरीब छात्राओं को भेंट की साईकिल



बाराबंकी। कोतवाली नगर अंतर्गत बस अड्डा स्थित सिविल चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव अपनी जनहित की भावना के चलते एक बार फिर लोगों की वाहवाही के चलते चर्चाओं में हैं। तो वही भाकियू दशहरी जिलाध्यक्ष निहाल सिद्दीकी के सहयोग से दूर से जनेस्मा महाविद्यालय शिक्षा के लिए आने वाली दो गरीब छात्राओं को नई सायकिल मिलने पर जो खुशी नजर आयी उससे तमाम लोग वर्दी और किसान संगठन की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

बताते चलें कि रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित जवाहर लाल महाविद्यालय की बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं की सायकिल परीक्षा के दौरान कहीं गुम हो गई थी। जिससे दोनों छात्राओं की परेशानी पर आसपास के लोगों ने भी ढूंढ़ने का प्रयास किया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे सिविल चौकी इंचार्ज संजय यादव ने जब छात्राओं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत जरहरा ग्राम निवासी कोमल पुत्री लखन्दर व थाना व बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ग्राम जहांगीराबाद निवासिनी सीता पुत्री सुरेश को सायकिल खोने के चलते विह्वल देखा व गरीब होने की भी जानकारी मिली तो समाजसेवियों से गरीब छात्राओं की मदद के लिए प्रयास किया। जानकारी होते होते जब युवा समाजसेवी व भाकियू दशहरी जिलाध्यक्ष निहाल सिद्दीकी को हुई तो उन्होंने मदद का आश्वासन दिया। जिसके बाद सोमवार को अपराह्न भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन, प्रदेश सचिव/जिलाध्यक्ष बाराबंकी निहाल अहमद सिद्दीकी, अयोध्या मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद जुनेद, एडवोकेट आसिफ सभासद, नजर (समाजसेवी) के तरफ से दोनो गरीब छात्राओं को नई सायकिल खरीद कर प्रदान की। नई सायकिल मिलने पर जो असीम खुशी छात्राओं को हुई उसे देखकर निहाल सिद्दीकी ने कहा कि छात्राओं की खुशी से हो फीलगुड का अहसास उन्हें हुआ है उसको शब्दों में बयान करना मुश्किल है। मौके पर चौकी इंचार्ज संजय यादव, भाकियू दशहरी अयोध्या मंडल महामंत्री सुशील कुमार यादव, अयोध्या मंडल प्रवक्ता गुलजार वारसी, रंजीत कुमार, मोहम्मद हारुन, मोहम्मद दानिश के साथ साथ सिविल चौकी स्टाफ व तमाम समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

# सीएम की बेहतर कानून व्यवस्था के कारण यूपी बना उद्योगों की पहली पसंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- हैंडलूम, बॉटलिंग, एग्री बिजनेस, सीमेंट और टेलीकॉम सेक्टर में होंगे नए निवेश, मिलेंगे लाखों रोजगार
- राम सनेही घाट औद्योगिक क्षेत्र में देश की बड़ी कंपनियों ने दिखाई रुचि
- देश की प्रमुख कंपनियां कारोबार के लिहाज से उत्तर प्रदेश को मानती हैं सबसे बेहतर
- इस वर्ष टेक्निकल एजुकेशन के युवाओं को मिलेगा सबसे ज्यादा अवसर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मजबूत कानून व्यवस्था, औद्योगिक नीतियों और निवेशकों के अनुकूल वातावरण के चलते देश की दिग्गज कंपनियां अब उत्तर प्रदेश का रुख कर रही हैं। सिर्फ राम सनेही घाट औद्योगिक हब, बाराबंकी की ही बात करें तो यहां देश की कई प्रमुख कंपनियां आगे आई हैं, जिससे प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने वाले हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को भेजे गए प्रस्तावों के मुताबिक विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने यूपी में अपने नए कारोबार की नींव रखने का निर्णय लिया है। इनमें हैंडलूम, एग्री बिजनेस, बॉटलिंग, सीमेंट, टेलीकॉम और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर प्रमुख हैं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बेहतर कानून व्यवस्था को व्यापार के लिए काफी अनुकूल बताया है।आईआईए अयोध्या मंडल के अध्यक्ष प्रमित कुमार सिंह ने बताया कि गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड ने राम सनेही घाट में 25 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए रुचि जताई है। कंपनी 102 करोड़ रुपये से चावल भूसी तेल निष्कर्षण और रिफाइनरी परियोजना शुरू करेगी, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। त्रिवेणी आलमारी प्राइवेट लिमिटेड ने 40 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक आलमारी विनिर्माण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया है। 250 करोड़ की लागत से लगने वाले इस प्रोजेक्ट से रोजगार के 1000 प्रत्यक्ष और 6000 अप्रत्यक्ष अवसर मिलेंगे। सिंघानिया सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड भी 200 करोड़ के निवेश से 25 एकड़ क्षेत्र में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट की स्थापना करने जा रही है। इससे रोजगार के 300 प्रत्यक्ष और 2000 अप्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध होंगे। आर.के. हैंडलूम एसेसरीज प्राइवेट लिमिटेड ने स्टॉल, स्कार्फ और गारमेंट्स से संबंधित उत्पादन के विस्तार के लिए 30,000 स्क्वायर मीटर भूमि की मांग की है। यह कार्य होने पर 300 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। शालीमार ग्रुप की दो कंपनियां (शालीमार कंक्रीट प्रोडक्ट्स और शालीमार वाटर टैंक) 25-25 एकड़ भूमि पर दूरसंचार परियोजना संयंत्र और बॉटलिंग प्लांट लगाएंगी। प्रत्येक प्लांट से 225 प्रत्यक्ष और 1000 अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। राजस्थान लिकर लिमिटेड भी 40 एकड़ भूमि पर 400 करोड़ के पूंजीगत व्यय से 200 किलो लीटर प्रति दिन (केएलपीडी) अनाज आधारित डिस्टिलरी और बॉटलिंग प्लांट की स्थापना करेगी। इससे करीब 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा। व्यापार के लिहाज से उत्तर प्रदेश इन कंपनियों की पहली पसंद बन चुका है। औद्योगिक विकास विभाग के अनुसार, किसी भी उद्योग के लिए मजबूत कानून व्यवस्था सबसे जरूरी होती है। ऐसा वातावरण जहां कानून व्यवस्था दुरुस्त हो, ताकि निवेशक अपनी क्षमता के आधार पर आगे बढ़ सकें। ऐसा वातावरण देने में उत्तर प्रदेश अग्रणी प्रदेश बनकर उभरा है। इन सभी निवेश प्रस्तावों के पीछे का कारण सीएम योगी की मजबूत कानून व्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और उद्योगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य न केवल निवेश आकर्षित करना है, बल्कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसी वजह से इस वर्ष टेक्निकल एजुकेशन प्राप्त युवाओं को बड़े पैमाने पर अवसर मिलने वाले हैं। आईआईए के अनुसार सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाई की ओर अग्रसर है, जहां हर युवा को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और राज्य आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएगा।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी सोमवार धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से टीम युवा शक्ति द्वारा पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के अनेक गावों मे एक पेड़ अपने लिए लगाने की मुहीम की शुरुआत करते हुए दो सौ वृक्ष रोपित किये गए.कार्यक्रम के प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने बताया की लगातार हो रहे पर्यावरण दोहन से साल दर साल भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है जिससे आम जनमानस की जीवनशैली व दिनचर्या काफ़ी प्रभावित हो रही इन सब चीजे से बचने का एक मात्र उपाय धरती पर हरियाली बढ़ाओ ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाओ जिससे निकट भविष्य समस्याए ना हो.उक्त कार्यक्रम मे सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ज्यादा से लोगो को कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम मे प्रयास एवं लक्ष्य फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग किया जा रहा है इस अवसर पर आदर्श अवस्थी,अरमान कुरैशी, लवकुश कुमार, राघवेंद्र त्रिवेदी, अमरेंद्र सिंह, मेराज राईन मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे.

# जन, जल और जमीन के जीवन के लिए प्राकृतिक खेती पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मिट्टी में भारी धातुओं की लगातार बढ़ती मात्रा कृषि क्षेत्र के लिए बड़ा संकट है। एक वैश्विक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 15 फीसदी खेती लायक जमीन भारी धातुओं से प्रदूषित हो चुकी है। इसका सीधा प्रभाव करीब 1.4 अरब उन लोगों पर पड़ रहा है जिनका ऐसे क्षेत्रों में अधिक एक्पोजर है। स्ट्डी के मुताबिक ऐसे कई क्षेत्रों की मिट्टी में आर्सेनिक, कैडियम,कोबाल्ट,क्रोमियम, कॉपर,निकल, लेड जैसी खतरनाक धातुओं की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। यूनिवर्सिटी ऑफ यार्क के जीव वैज्ञानिकों के मुताबिक ये धातुएं भोजन,पानी और हवा के जरिए इंसानों, जानवरों और जलीय जीवों में भी पहुंच रही हैं। इससे लंबे समय में इनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।

उल्लेखनीय है कि जमीन में भारी धातुओं के पहुंचने के सोर्सेज खनन,औद्योगिक उत्सर्जन,कचरे का अनियोजित निस्तारण के अलावा खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का बेतहाशा प्रयोग भी है। खासकर फास्फेटिक उर्वरकों का। इसका एक मात्र हल है जैविक या प्राकृतिक खेती। ऐसी खेती जो विष रहित हो। पर्यावरण के अनुकूल हो। साथ ही अप्रत्याशित मौसम अधिक गर्मी, सूखा और जलजमाव और पानी के प्रति भी सहनशील। यही वजह है कि डबल इंजन की मोदी और योगी सरकार लगातार इस जैविक एवं प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। यह जन, जमीन और जल के अनुकूल है। बुंदेलखंड और गंगा के तटवर्ती इलाकों के बाद गंगा की सहयोगी नदियों के दोनों किनारों पर भी ऐसी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा। इस खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए प्रति माह 5000 रूपये के मानदेय पर कृषि सखियों की नियुक्ति की जाएगी। इनको संबंधित जिले के कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। प्राकृतिक खेती के लिए हर जिले में दो बायो इनपुट रिसर्च सेंटर (बी आरसी) भी खुलेंगे। सरकार की मंशा 282 ब्लाकों, 2144 ग्राम पंचायतों की करीब 2.5 लाख किसानों को इससे जोड़ने की है। खेती क्लस्टर में होगी। हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर का होगा। सरकार इस योजना पर अगले दो वर्ष में करीब 2.50अरब रुपए खर्च करेगी। इसी तरह योगी सरकार बुंदेलखंड (झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट) में गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन चला रही है। किसान गोबर व गोमूत्र से ही खाद और कीटनाशक (जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत) जैसे मिश्रण बनाने के तरीके सिखा रहे हैं। किसान इसे बनाकर उनका खेत और फसल में प्रयोग करें, इसके लिए उनको प्रशिक्षित किया गया है। यह कार्यक्रम अभी जारी है। प्राकृतिक खेती मिशन के पहले और दूसरे चरण के लिए सरकार ने 13.16 करोड़ रुपए जारी भी किए हैं। अब तक 470 क्लस्टर गठित कर 21934 किसानों को इससे जोड़ा गया है। हर ग्राम पंचायत में 50 हेक्टेयर का एक क्लस्टर बनाया जा रहा है। किसानों को दो हेक्टेयर तक के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। फार्मर्स फील्ड स्कूल के 2535 सत्र आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोवंश के प्रति जगजाहिर है। इसी नाते उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में ही गोतस्करी और अवैध बूचड़खानों पर पूरी सख्ती से रोक लगाई। साथ ही निराश्रित गोवंशों के लिए गो आश्रयों का भी बड़ी संख्या में निर्माण कराया। अब उनकी मंशा बतौर मॉडल इन्हीं गो आश्रयों के जरिए लोगों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित करने की है। इसी पहल के तहत अब तक प्रदेश में योगी सरकार 7700 से अधिक गो आश्रय बना चुकी है। इनमें करीब 12.5 लाख निराश्रित गोवंश रखे गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत करीब 1 लाख लाभार्थियों को 1.62 लाख निराश्रित गोवंश दिए गए हैं। योजना के तहत हर लाभार्थी को प्रति माह 1500 रुपये भी दिए जाते हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुसार गो आश्रय केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संबंधित विभाग कृषि विभाग से मिलकर सभी जगहों पर वहां की क्षमता के अनुसार वर्मी कंपोस्ट इकाई लगाएगा। गोबर और गोमूत्र को प्रसंस्कृत करने के लिए उचित तकनीक की जानकारी देने के बाबत इन केंद्रों और अन्य लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें चारे की उन्नत प्रजातियों के बेहतर उत्पादन उनको फोर्टीफाइड कर लंबे समय तक संरक्षित करने के बाबत भी प्रशिक्षत किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय चारा अनुसंधान केंद्र झांसी की मदद ली जाएगी। पशुपालक गोवंश का पालन करें, इसके लिए सरकार उनको लगातार प्रोत्साहन दे रही है। 25 प्रजाति की देशी नस्ल की गायों के संरक्षण, संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने नायाब पहल की है। इसके लिए शुरू की जाने वाली ''नंदनी कृषक समृद्धि योजना'' के तहत बैंकों के लोन पर सरकार पशुपालकों को 50% सब्सिडी देगी। इसी क्रम में सरकार ने अमृत धारा योजना भी लागू की है। इसके तहत दो से 10 गाय पालने पर सरकार बैंकों के जरिये 10 लाख रुपये तक अनुदानित ऋण आसान शर्तों पर मुहैया कराएगी। योजना के तहत तीन लाख रुपये तक अनुदान के लिए किसी गारंटर की भी जरूरत नहीं होगी। हाल ही प्रस्तुत बजट में सरकार ने छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। इसके पहले अनुपूरक बजट में भी इस बाबत 1001 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। यही नहीं बड़े गो आश्रय केंद्र के निर्माण की लागत को बढ़ाकर 1.60 करोड़ रुपये कर दिया है। ऐसे 543 गो आश्रय केंद्रों के निर्माण की भी मंजूरी योगी सरकार ने दी है। मनरेगा के तहत भी पशुपालकों को सस्ते में कैटल शेड और गोबर गैस लगाने की सहूलियत दी जा रही।

> प्राकृतिक खेती की बुनियाद बन रहे गोवंश
>
> डबल इंजन की सरकार जैविक एवं प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों की खेती को दे रही प्रोत्साहन
>
> प्राकृतिक खेती के लिए किसान सखियां करेंगी किसानों को जागरूक
>
> बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती मिशन को और गति देगी योगी सरकार





# लखनऊ के खिलाफ दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

एजेंसी

लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है। दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी



खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी। दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर अभी तक बहुत गौर नहीं किया गया है क्योंकि उसकी टीम ने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और केएल राहुल की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन लखनऊ की टीम में दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल गेंदबाज हैं जिनके सामने दिल्ली के बल्लेबाजों को संभलकर खेलना होगा। आवेश खान की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊ ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उसकी टीम का मनोबल बढा होगा। इससे उसकी टीम ने दिखा दिया कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत दर्ज कर सकती है। इसके विपरीत लखनऊ की टीम के पास मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मार्करम के रूप में शीर्ष क्रम में तीन धाकड़ बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक अपने अच्छे प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। दिल्ली और लखनऊ अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके 10-10 अंक हासिल कर चुके हैं लेकिन दोनों टीमों के कप्तानों का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। ऋषभ पंत का रन बनाने के लिए संघर्ष करना लखनऊ के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने अभी तक आठ मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। दिल्ली के खिलाफ पंत को मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, विपराज निगम और मुकेश कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई से निपटना होगा। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 159 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं लेकिन उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय है। वह अभी तक सात मैच में केवल एक विकेट ले पाए हैं और उनका इकोनॉमी रेट 9.36 है।

# अब हर मुक़ाबला हमारे लिए करो या मरो जैसा: पोंटिंग

एजेंसी

चंडीगढ़। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में बेहतरीन लय में नजर आ रही पंजाब किंग्स की रफ्तार रविवार को नई चंडीगढ़ के महाराजा वाईपी सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में थम गई। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 7 विकेट से मात देकर टूर्नामेंट की बेहद अहम जीत अपने नाम की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन बनाए। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दी, लेकिन मध्य क्रम के बल्लेबाज़ बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु की टीम ने विराट कोहली के नाबाद 73 रनों की शानदार पारी की बदौलत 7 गेंद शेष रहते यह मुक़ाबला अपने नाम कर लिया। मुक़ाबले के बाद



पंजाब किंग्स के मुख्य प्रशिक्षक रिकी पोंटिंग ने हार की वजह बल्लेबाज़ी को बताया। उन्होंने कहा, ''हमने इस मैच में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। पिच 157 रन से कहीं बेहतर थी। हमारे कई बल्लेबाज़ों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। यही टी20 क्रिकेट में अंतर पैदा करता है। पावरप्ले में हम 62 रन पर 1 विकेट थे, वहाँ से स्कोर 180 या 200 तक पहुँचाना चाहिए था, लेकिन हमने विकेट झुंड में गंवा दिए। पोंटिंग ने कहा कि अब टीम के सामने हर मुक़ाबला करो या मरो जैसा होगा। उन्होंने कहा, ''हम हाफवे मार्क तक पहुँच चुके हैं। अब हर मैच अहम है। हमें अगले मुक़ाबलों में जीत दर्ज कर प्लेऑफ़ की दौड़ में अपनी स्थिति मज़बूत करनी होगी। कोलकाता के ख़िलाफ़ अगला मुक़ाबला बड़ा है। फिर धर्मशाला में होने वाले घरेलू मुकाबले भी हमारे लिए निर्णायक रहेंगे।

उन्होंने कहा, धर्मशाला शानदार मैदान है। वहाँ की पिच अच्छी होती है, गेंद बल्ले पर तेज़ी से आती है और मैदान छोटा है। इस बार हमारे वहाँ तीन मुकाबले हैं। हमें कोशिश करनी होगी कि वह मैदान हमारे लिए भाग्यशाली साबित हो। पंजाब किंग्स अब 26 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ ईडन गार्डन्स में भिड़ेगी, जबकि 4 मई को धर्मशाला में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ घरेलू मुक़ाबला खेलेगी।

# होल्गर रून ने कार्लोस अल्कारेज को हराकर जीता बार्सिलोना ओपन का खिताब

एजेंसी

बार्सिलोना। डेनमार्क के टेनिस स्टार होल्गर रून ने रविवार को बड़ा उलटफ़ेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कराज को हराकर बार्सिलोना ओपन 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। रून ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-6 (8/6), 6-2 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने करीब एक साल बाद कोई खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला खास इसलिए भी रहा क्योंकि अल्कराज अपने पिछले 23 क्ले कोर्ट मैचों में सिर्फ दूसरी बार हारे हैं। होल्गर रून ने जीत के बाद कहा, ''ये एक पागलपन भरा एहसास है। करीब एक साल बाद खिताब जीतना मेरे लिए बेहद खास है। कार्लोस जैसे खिलाड़ी और अच्छे दोस्त को फाइनल में हराकर ये पल मेरे लिए खास है। मैंने पूरे मैच में संयम बनाए रखा और रणनीति के साथ खेला। फाइनल मुकाबले की शुरुआत में कार्लोस अल्कराज ने पांचवें गेम में ब्रेक लेकर बढ़त बनाई थी, लेकिन रून ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद रूने ने 10वें गेम में दो सेट पॉइंट बनाए, हालांकि अल्कराज ने उन्हें बचा लिया। पहला सेट टाई-ब्रेक तक गया, जहां रून ने मौके का फायदा उठाते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। यह इस हफ्ते अल्कराज का पहला सेट था जो उन्होंने गंवाया। दूसरे सेट में अल्कराज ने शुरुआत में दो ब्रेक प्वाइंट जरूर बनाए, मगर रून ने उन्हें बचाया। तीसरे गेम के बाद अल्कराज ने मेडिकल टाइमआउट लिया और फिर कोर्ट पर लौटे। हालांकि तब तक होल्गर रून ने मैच की पकड़ मजबूत कर ली थी। रून ने दो बार अल्कराज की सर्विस ब्रेक करते हुए दूसरा सेट 6-2 से अपने नाम कर खिताब जीत लिया।

# बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध: रोहित, विराट शीर्ष श्रेणी में बरकरार, अय्यर और किशन की वापसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सोमवार को जारी की गई अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष श्रेणी में बरकरार रखा गया है जबकि श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने इस सूची में वापसी की है। बीसीसीआई ने इस बार 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। इनमें रोहित और कोहली के साथ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी ए प्लस श्रेणी में रखा गया है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस सात करोड रुपए है। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के नायक अय्यर की अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में वापसी हुई है। उन्हें ग्रुप बी में शामिल किया गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस तीन करोड़ रुपये है। पिछले सत्र में कथित तौर पर आईपीएल के लिए घरेलू क्रिकेट को



नजरअंदाज करने के कारण अय्यर को बाहर कर दिया गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी इसी कारण से सूची से हटा दिया गया था। उनकी अब श्रेणी सी में वापसी हुई है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस एक करोड़ रुपये है। ऋषभ पंत, जिन्हें 2023-24 सत्र के दौरान ग्रुप बी में खिसका दिया गया था, उन्हें सन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के स्थान पर ए श्रेणी में वापस रखा गया है। श्रेणी ए में सालाना पांच करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। श्रेणी सी में खिलाड़ियों की अधिकतम संख्या, कुल मिलाकर 19 है, जिसमें हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा और नितीश कुमार रेड्डी के रूप में चार नए खिलाड़ी शामिल हैं। एक बड़ा नाम जो सूची में जगह नहीं बना पाया वह मुंबई का ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर है जिन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेला था। तेज गेंदबाज आवेश खान, विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत और जितेश शर्मा को सूची से बाहर कर दिया गया है।

**बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध सूची:**

ए प्लस श्रेणीः रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जड़ेजा

ए श्रेणीः मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत

बी श्रेणीः सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर

सी श्रेणीः रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# भले ही हम क्वालिफाई न करें, अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करेंगे: धोनी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं तथा उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने संकेत दिया कि खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप की पहचान करने के करीब हैं। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, ''हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये से लेकर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,440 रुपये से लेकर 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना



97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# फ़ेडे वॉल्वरडे ने 93वें मिनट में किया कमाल, एथलेटिक क्लब पर जीत से रियल मैड्रिड ने जलाई खिताबी उम्मीदें

एजेंसी

मैड्रिड। ला लिगा में खिताबी दौड़ में बने रहने के लिए रियल मैड्रिड ने आखिरी पलों में शानदार जीत दर्ज की। रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फ़ेडे वॉल्वरडे ने 93वें मिनट में गोल दागकर एथलेटिक क्लब को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही मैड्रिड ने टाइटल रेस में बार्सिलोना से फासला चार अंक पर कायम रखा। चैंपियंस लीग में आर्सेनल से हारने के बाद रियल मैड्रिड के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था। लंबे समय तक गोल के लिए जूझने के बाद लग रहा था कि टीम एक और निराशाजनक नतीजा झेलेगी, लेकिन उरुग्वे के स्टार खिलाड़ी वॉल्वरडे ने स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर में जबरदस्त गोल कर टीम को जीत दिला दी। एथलेटिक क्लब ने इस मुकाबले में अपने कई स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया था, जबकि रियल मैड्रिड काइलियन एम्बाप्पे के बिना उतरा। एम्बाप्पे निलंबन और टखने की चोट से जूझ रहे हैं। इस बीच, विनीसियस जूनियर ने शानदार खेल दिखाया और लेफ्ट फ्लैंक पर लगातार दौड़कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। हालांकि उन्होंने एक गोल किया, लेकिन एंड्रिक के ऑफसाइड होने से वह गोल मान्य नहीं हो सका। दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रामक तेवर दिखाए। रोड्रिगो और कैमाविंगा ने कोशिशें कीं, लेकिन एथलेटिक के गोलकीपर उनाई सिमोन ने शानदार बचाव किए। विनीसियस ने भी शानदार क्रॉस दिया, जिसे बेलिंघम ने हेड किया, लेकिन सिमोन ने उसे भी बचा लिया। अंतिम पलों में बेलिंघम ने पेनल्टी की अपील की, लेकिन रेफरी ने नकार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय महिला हॉकी टीम पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु।** सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। टेटे ने टीम की रवानगी से पहले कहा, ''हमने बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में वास्तव में कड़ी मेहनत की है और हर कोई इस चुनौती का सामना करने को लेकर उत्साहित है। ऑस्ट्रेलिया ए और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ खेलने से हमें अपनी रणनीतियों को परखने और एक टीम के रूप में मजबूत बनने का मौका मिलेगा।''

### इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स को टायर विनिर्माता कंपनी से लगभग 300 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

**नयी दिल्ली।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को एक टायर विनिर्माण कंपनी से लगभग 300 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर मिला है। इंटरआर्क ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, इंटरआर्क बिल्डिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड ने भारतीय पीईबी (प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग) उद्योग में अब तक का सबसे बड़ा एकल पीईबी ऑर्डर हासिल किया है, जिसकी कीमत 300 करोड़ रुपये से अधिक है। यह संयंत्र गुजरात स्थित एक प्रमुख टायर विनिर्माण कंपनी के लिए स्थापित किया जा रहा है। इंटरआर्क को इस सुविधा के शुरू से अंत तक के निष्पादन का काम सौंपा गया है, जिसमें डिजायन, विनिर्माण और प्री-इंजीनियर्ड संरचनाओं को मौके पर स्थापित करना शामिल है। प्रस्तावित संयंत्र को चालू वित्त वर्ष (2025-26) के भीतर पूरा किया जाना है। इंटरआर्क बिल्डिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंद नंदा ने कहा, ़हमें भारतीय पीईबी उद्योग में सार्वजनिक डोमेन में अब तक का सबसे बड़ा एकल पीईबी ऑर्डर प्राप्त करने पर गर्व है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो हमारे ग्राहकों को इंटरआर्क की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विनिर्माण और निष्पादन क्षमताओं में विश्वास को दर्शाता है।

### रेवंत रेड्डी ने जापान यात्रा के दौरान 'ओसाका एक्सपो' में 'तेलंगाना जोन' का उद्घाटन किया

**हैदराबाद।** जापान की यात्रा पर गए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सोमवार को 'ओसाका एक्सपो' में 'भारत मंडप' में 'तेलंगाना जोन' का उद्घाटन किया। यहां जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि तेलंगाना 'ओसाका एक्सपो' में शामिल होने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है। 'ओसाका एक्सपो' पांच साल में एक बार आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से आने वाले आगंतुकों के लिए अपनी कला, संस्कृति, व्यापार और पर्यटन क्षमता का प्रदर्शन करेगा। निवेशकों को आकर्षित करने के अलावा, राज्य के मुख्यमंत्री ने जापान यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में तेलंगाना के विकास के लिए जापानी एजेंसियों से सहयोग मांगा। रेड्डी ने 17 अप्रैल को हैदराबाद मेट्रो रेल चरण-2 परियोजना के लिए जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से लगभग 11,700 करोड़ रुपये का ऋण मांगा था।

### एलआईसी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 7.05 फीसदी की

**नई दिल्ली।** देश और सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) में अपनी हिस्सेदारी करीब दो फीसदी बढ़ाकर 7.05 फीसदी कर ली है। एलआईसी ने सोमवार को नियामकीय फाइलिंग में शेयर बाजार को बताया कि जीवन बीमा कंपनी ने डेढ़ साल की अवधि के दौरान खुले बाजार से 10.45 करोड़ अतिरिक्त शेयर खरीदें हैं, जिससे बैंक ऑफ बड़ौदा में हिस्सेदारी 5.03 फीसदी से बढ़ाकर 7.05 फीसदी हो गई है। इस तरह कंपनी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी हिस्सेदारी करीब दो फीसदी बढ़ाई है। बीमा कंपनी ने जारी बयान में बताया कि 20 नवंबर, 2023 और 16 अप्रैल, 2025 के बीच किए गए अधिग्रहण के साथ मुंबई स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में एलआईसी की हिस्सेदारी 5.03 फीसदी से बढ़कर 7.05 फीसदी पर पहुंच गई है।

# एयरटेल ने अवांछनीय कॉल से निपटने के लिए 'अलर्ट' का दायरा अंतरराष्ट्रीय कॉल, एसएमएस तक बढ़ाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारती एयरटेल ने स्पैम (अवांछनीय कॉल या एसएमएस) के खिलाफ अपने जारी अभियान में सोमवार को दो नए फीचर की घोषणा की। कंपनी ने स्पैम की पहचान के लिए ग्राहकों को सतर्क करने का दायरा अंतरराष्ट्रीय कॉल और एसएमएस तक बढ़ा दिया है और दस भारतीय भाषाओं में 'स्पैम अलर्ट डिस्प्ले' की सुविधा शुरू की है। एयरटेल ने उम्मीद जताई है कि पिछले छह महीनों में इस तरह के प्रयासों में 12 प्रतिशत की वृद्धि के बीच अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से भारत में आने वाले स्पैम कॉल की बढ़ती और खतरनाक प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा। कंपनी ने बयान में कहा, अपने कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित 'स्पैम डिटेक्शन टूल (पहचान उपकरण) की पेशकश के बाद, एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण फीचर शुरू करने की घोषणा की। स्पैम डिटेक्शन टूल ने एयरटेल ने ग्राहकों के लिए 27.5 अरब से अधिक कॉल को स्पैम के रूप में चिह्नित किया है। ग्राहकों को अब अपनी पसंदीदा भारतीय भाषाओं में कॉल और एसएमएस संदेशों के लिए स्पैम अलर्ट प्राप्त होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है, यह नई सुविधा नौ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। भविष्य में और भी भाषाएं जोड़ने की योजना है। इसके अलावा, एयरटेल का एआई-संचालित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से आने वाले सभी स्पैम कॉल और एसएमएस की जांच करेगा और ग्राहकों को सचेत करेगा।

# भारत को इस साल अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा होने की उम्मीद : सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को इस शरद ऋतु तक भारत का अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पहला भाग सकारात्मक रूप से संपन्न होने की उम्मीद जताई है। वह दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका के दौरे पर हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, ''अमेरिका के साथ बातचीत का उद्देश्य केवल पारस्परिक टैरिफ संबंधी मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के हित में है, जिसके साथ हमें समझौता करने की जरूरत है।'' सीतारमण ने



कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में इंडिया कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक सामुदायिक सभा में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। सीतारमण ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया, लेकिन 2021 में हमने स्पष्ट संकेत दिया कि हम अपने राजकोषीय घाटे को कैसे प्रबंधित करना चाहते हैं। हमने साल-दर-साल लक्ष्य निर्धारित किए और 2026 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हर साल बिना चूके इसी का पालन कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पांच दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर हैं, जहां वह अंतरराष्?ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों तथा जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक में शामिल होंगी। इसके अलावा उनका अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट से भी मिलने का कार्यक्रम है तथा संयुक्त राज्य अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों से भी बात करने की उम्मीद है।

# नड्डा ने की मोटापे के बारे में जागरूकता की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने खाने के तेल के इस्तेमाल में 10 प्रतिशत तक की कमी लाने और मोटापे के बारे में जागरूकता फैलाने की अपील करते हुए कहा कि फैटी लीवर को रोका जा सकता है तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर इसे काफी हद तक ठीक किया जा सकता है।




श्री नड्डा ने सोमवार को यहां आयोजित 'लीवर स्वास्थ्य शपथ कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए कहा कि लीवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो पाचन, डिटॉक्सिफिकेशन और ऊर्जा भंडारण जैसे आवश्यक कार्य करता है। अगर लीवर स्वस्थ नहीं है तो हमारा शरीर कई बीमारियों से प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि फैटी लीवर न केवल लीवर के कार्य को प्रभावित करता है, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और यहां तक कि कैंसर के जोखिम को भी काफी हद तक बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि फैटी लीवर को रोका जा सकता है और स्वस्थ जीवनशैली और स्वस्थ खान-पान की आदतों को अपनाकर काफी हद तक इसे ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) अतुल गोयल, लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) एसके सरीन, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव भी उपस्थिति रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने खाना पकाने में तेल के इस्तेमाल को कम से कम 10 प्रतिशत तक कम करने की अपील की थी। ??यह छोटा लेकिन शक्तिशाली कदम बेहतर लीवर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और देश में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। श्री नड्डा ने सभी से 'लीवर के स्वास्थ्य का ख्याल रखने, नियमित रूप से इसकी जांच करवाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने' का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के तहत एफएसएसएआई ने एक प्रदर्शनी लगाई जिसमें मिलेट्स और लीवर अनुकूल आहार को प्रदर्शित किया गया, जो इस वर्ष की थीम 'भोजन ही औषधि है' के अनुरूप है। मिलेट्स के पोषण मूल्य को दर्शाते हुए, स्टॉल में लीवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने में उनके लाभों को प्रदर्शित किया गया।

# नए क़ानूनों को छत्तीसगढ़ में शत–प्रतिशत लागू करें : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली /रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत-प्रतिशत लागू करने पर बल दिया।

श्री शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नयी दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में श्री अमित शाह से मुलाकात की।

श्री शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को तथा अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। श्री साय ने बैठक में बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53,981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं। बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। श्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा।

# दिल्ली को मिलेगा भाजपा का महापौर, बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकार : सचदेवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी को जल्द ही भाजपा का महापौर मिलेगा और ट्रिपल इंजन की सरकार मिलेगी तथा निगम की सेवाएं पुनः सुचारू रूप से प्रारम्भ होंगी।

श्री सचदेवा ने सोमवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव ना लड़ने की आम आदमी पार्टी (आप) की घोषणा राजनीतिक त्याग नहीं, बल्कि निश्चित हार की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि 'आप नेताओं सौरभ भारद्वाज तथा पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की ओर से संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करके भाजपा पर पार्षदों की खरीद-फरोख्त करके सत्ता पाने का आरोप लगाना ना सिर्फ हास्यास्पद है, बल्कि 'आप' नेतृत्व द्वारा अपनी राजनीतिक तथा प्रशासनिक गलतियों का परिणाम भाजपा पर थोपने जैसा है। उन्होंने कहा कि 2022 में 'आप' के टिकट पर जीत कर आये अधिकांश निगम पार्षद जनता के प्रति अपनी जवाबदेही पूरी करना चाहते थे, लेकिन 'आप' नेताओं ने ढाई वर्ष तक नगर निगम का गठन ही नहीं होने दिया, जिसके चलते निगम के विकास, रखरखाव तथा प्रशासनिक कार्य ठप हो गये। जनता के प्रति जवाबदेही समझने वाले 'आप' पार्षदों ने अपने नेतृत्व द्वारा दिल्ली नगर निगम गठन को ठप करने से निराश होकर पार्टी छोड़ी है। श्री सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में पहली बार सातों लोकसभा सांसदों के साथ केन्द्र, विधानसभा तथा नगर निगम में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार आई है और 'आप' नेतृत्व इसी से नाराज़ है और हताश है।

# अक्षरधाम मंदिर पहुंचे वेंस, भारतीय कला सांस्कृतिक विरासत देख हुए प्रभावित

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के चार दिवसीय दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी उषा और तीन बच्चों, इवान, विवेक और मिराबेल के साथ यहां स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर पहुंचे।

श्री वेंस सोमवार हवाई अड्डे से सीधे स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। उन्होंने इस दौरान मंदिर में प्रदर्शित भारतीय कला, वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत का अवलोकन किया। गौरतलब है कि स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर पारंपरिक हिंदू वास्तुकला, आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक समृद्धि और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों का अद्वितीय संगम है। श्री वेंस के इस दौरे को आस्था, शांति और एकता के साझा मूल्यों का प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है, भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत रखते हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने यहां अतिथि पुस्तिका में अपना अनुभव साझा करते हुए लिखा, ल्लइस खूबसूरत जगह पर मेरा और मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए, आपके आतिथ्य और प्रेम के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह भारत के लिए बहुत बड़ा श्रेय है कि आपने सटीकता और देखभाल के साथ एक सुंदर मंदिर बनाया है। हमारे बच्चों को विशेष रूप से यह बहुत पसंद आया। भगवान भला करे। श्री वेंस और उनके परिवार ने मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों, कलात्मक छतों और अन्य वास्तुशिल्पीय तथा सांस्कृतिक विशेषताओं को देखकर काफी प्रभावित हुये। वे स्वामिनारायण अक्षरधाम में समाहित विश्व शांति के सार्वभौमिक संदेश से भी काफी प्रभावित हुये। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी में स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम एक पारंपरिक हिंदू मंदिर है और विश्व शांति को समर्पित एक भव्य स्मारक है। यह कला, संस्कृति और आध्यात्मिक शिक्षा का जीवंत केंद्र है, जो भारत की कालातीत कला, सीमाहीन संस्कृति और स्थायी मूल्यों की अनमोल भावना को दर्शाता है। इस मंदिर का निर्माण 2005 में प्रमुख स्वामी महाराज की प्रेरणा से किया गया था, और तब से यह 191 से अधिक देशों के लाखों लोगों को उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित कर चुका है। इस मंदिर का संचालन बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था द्वारा किया जाता है, जो एक वैश्विक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था है और भारतीय संस्कृति, मूल्य और आध्यात्मिकता को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए समर्पित है। बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था अमेरिका के रॉबिंसविल में स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर जैसे सांस्कृतिक स्थलों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है।

# भीषण गर्मी से राहत दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: रेखा गुप्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि दिल्लीवासियों को गर्मी और लू से बचाने के लिए एक वैज्ञानिक और जन-उन्मुख योजना के तहत 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान 2025' शुरू किया गया है।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि दिल्ली की जनता को आगामी दिनों में भीषण गर्मी से राहत दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लू के खतरे को देखते हुए दिल्ली सरकार ने 'हीट एक्शन प्लान' को आज लांच कर दिया है, जिसके अंतर्गत पूरे शहर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, निर्माण स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सावधानियां बरती जाएंगी। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं, शीतल पेयजल की उपलब्धता, शेड्स और ठहराव स्थलों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि लू के दौरान कोई भी नागरिक गर्मी की मार से बीमार न हो। सभी सम्बंधित विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि 'हीटवेव अलर्ट' समय पर लोगों तक पहुंचे, और बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से दिल्ली में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है, जो सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि जनजीवन के लिए एक गंभीर चेतावनी है। जब गर्मी इतनी विकराल होती है, तो हमारी तैयारी भी उतनी ही ठोस होनी चाहिए। हीटवेव अब सिर्फ मौसम की स्थिति नहीं, बल्कि एक जानलेवा संकट बन चुकी है। इसी चुनौती का समय रहते मुकाबला करने के लिए दिल्ली सरकार ने आज 'हीट एक्शन प्लान 2025' लॉन्च किया है। यह केवल एक सरकारी दस्तावेज नहीं है, बल्कि हर दिल्लीवासी की सुरक्षा के लिए सरकार और जनता की साझी ज़िम्मेदारी का प्रतीक है।

## झारखंड में पुलिस मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए

**रांची।** झारखंड के बोकारो जिले के लुगू पहाड़ की तलहटी में आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 8 नक्सली मारे गये। बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि कई अत्याधुनिक हथियार भी बरामद हुए हैं।पुलिस ने बताया है कि बोकारो जिले के ललमटिया से सटे चोरगांवां में लुगू पहाड़ की तलहटी में सोसो टोला के निकट यह मुठभेड़ हुई है। सोसो टोला के निकट लुगू पहाड़ की तलहटी में पुलिस नक्सलियों के बीच अभी भी रुक–रुककर गोलीबारी जारी है। बोकारो के एसपी मनोज सावर्गियारी ने कहा कि पुलिस ने नक्सलियों को घेर रखा है. लगातार फायरिंग चल रही है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन भी चल रहा है। डीआईजी श्री झा ने कहा कि जंगल में जितने भी नक्सली होंगे, हम सभी से कहेंगे कि वे सरेंडर कर दें। अगर वे गोलीबारी करते रहेंगे, तो हमारे जवान सभी को मार गिरायेंगे।

## ममता हिंदुओं से 'नफरत' करती हैं: भाजपा ने लगाया आरोप

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सोमवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित इलाकों का अभी तक दौरा नहीं किया है क्योंकि वह हिंदुओं से 'नफरत' करती हैं। भाजपा ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की आलोचना करते हुए कहा कि वामपंथी पार्टी ने हिंसा में मारे गए दो लोगों को अभी तक अपना कार्यकर्ता नहीं माना है क्योंकि वे दोनों हिंदू थे। नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, ममता बनर्जी के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा नहीं किए जाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में पार्टी सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ''वह हिंदुओं से नफरत करती हैं। मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य घायल हो गए और कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर इस तरह का अत्याचार 'मुस्लिम भाइयों' पर किया गया होता तो बनर्जी वहां आंदोलन कर रही होतीं। पात्रा ने कहा, ''हिंसा में मारे गए लोग कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता थे। न तो कम्युनिस्ट पार्टी और न ही ममता बनर्जी उन्हें कार्यकर्ता मान रही हैं। उनका एकमात्र दोष यह है कि उनका नाम हरगोबिंद और चंदन है।

## सीसीटीवी एमएसएमई निर्माताओं ने सरकार से मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** देशभर में कार्यरत सीसीटीवी निर्माण क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने सरकार से मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन (एसटीक्यूसी) को लागू करने के लिए अधिक समय और वित्तीय सहायता की मांग की है।
एमएसएमई का कहना है कि बिना सरकारी सहायता के इस मानक का तत्काल अनुपालन करना 1000 से अधिक इकाइयों को बंदी के कगार पर ला सकता है। साथ ही चार लाख से अधिक नौकरियों पर संकट मंडरा सकता है।
अखिल भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संघों के महासंघ एफएआईआईटीए ने सोमवार को संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में कहा कि वर्तमान में एमएसएमई पहले से ही उत्पादन लागत में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और सख्त अनुपालन आवश्यकताओं जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में एसटीक्यूसी जैसे जटिल मानकों को बिना किसी तकनीकी या वित्तीय सहायता के लागू करना न केवल उनके लिए अव्यवहार्य है बल्कि ''मेक इन इंडिया'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' जैसी पहलों को भी प्रभावित कर सकता है।द एफएआईआईटीए ने पत्र में अनुरोध किया है कि जब तक आवश्यक सहायक उपाय लागू नहीं होते, तब तक एमएसएमई पर एसटीक्यूसी अनुपालन अनिवार्य न किया जाए। एसोसिएशन ने अनुपालन की समय–सीमा को बढ़ाया जाने, परीक्षण और प्रमाणन लागत के लिए वित्तीय सहायता या प्रतिपूर्ति तंत्र बनाए जाने, एमएसएमई को प्रक्रिया समझाने के लिए केंद्रीकृत हेल्पलाइन और मार्गदर्शन ढांचे की स्थापना करने और एमईआईटीवाई अधिकारियों एवं एमएसएमई प्रतिनिधियों के बीच हितधारक परामर्श बैठक आयोजित किए जाने का सुझाव दिया। एसोसिएशन का मानना है कि यदि एमएसएमई को आवश्यक समर्थन नहीं मिला तो छोटे निर्माता बाजार से बाहर हो जाएंगे। इससे कुछ बड़ी कंपनियों का एकाधिकार हो सकता है और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एफएआईआईटीए ने कहा, ''हम राष्ट्रीय हितों और नियामक अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन यह आवश्यक है कि एसटीक्यूसी जैसे कदम एमएसएमई की वास्तविकताओं को समझते हुए लागू किए जाएं ताकि आत्मनिर्भर भारत की भावना जमीनी स्तर पर भी साकार हो सके।''

# पेज एक का शेष

## हम पर संसदीय और...

के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। धनखड़ ने राष्ट्रपति के फैसला करने की समयसीमा तय करने और ''सुपर संसद'' के रूप में काम को लेकर न्यायपालिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर ''परमाणु मिसाइल'' नहीं दाग सकता। इसके कुछ समय बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय को ही कानून बनाना है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने भारत में ''धर्म के नाम पर हिंसा'' के लिए भी प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को जिम्मेदार ठहराया था।

## आरएसएस भारत...

प्रांत संघचालक सुनीत खरे, प्रांत प्रचारक कौशल, सह प्रांत प्रचारक संजय, इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय, संयुक्त क्षेत्र के कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख ओमपाल सिंह आदि थे।

## अनुराग श्रीवास्तव...

उन चुनिंदा आईएएस अफसरों को दिया जाता है, जो उत्कृष्ट कार्य करते हैं। इस पुरस्कार की शुरूआत भारत सरकार द्वारा असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए की गई है। इसमें तहत कम से कम पांच प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को पुरस्कार के लिए चुना जाता है। प्रदेश में जल जीवन मिशन की 80 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं सोलर पावर पर आधारित हैं। जल जीवन मिशन परियोजना में इतने बड़े पैमाने पर सोलर पावर का इस्तेमाल करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत यूपी में कुल 41539 परियोजनाएं हैं जिसमें से 33,157 में सोलर एनर्जी का उपयोग किया जा रहा है। इससे रोजाना 900 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। 30 साल के दौरान इन परियोजनाओं का संचालन सौर ऊर्जा के जरिए होने से करीब 1 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। इससे करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का इमिशन प्रतिवर्ष कम होगा।

## राहुल की नागरिकता...

ओर से दलील दी गई है कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते। इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। इसके साथ ही याचिका में राहुल गांधी के इस प्रकार से दोहरी नागरिकता धारण करने को भारतीय न्याय संहिता और पासपोर्ट एक्ट के तहत अपराध बताते हुए, सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। याची का यह भी कहना है कि उसने दोहरी नागरिकता के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी को दो-दो बार शिकायतें भेजीं लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई है।

## मानसिक संतुलन...

कदम है। श्री सिंह ने कहा कि यह पहल मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सैनिकों के मन को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा, ल्ल अभियान का विषय 'आत्म-सशक्तिकरण - आंतरिक जागृति के माध्यम से' आज के समय में अत्यंत रोचक और प्रासंगिक है। ध्यान, योग, सकारात्मक सोच और आत्म-संवाद के माध्यम से आत्म-परिवर्तन हमारे बहादुर सैनिकों को मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करेगा। आत्म-परिवर्तन का बीज है और राष्ट्र का परिवर्तन इसका फल है। वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में, भारत यह संदेश दे सकता है कि आंतरिक-आत्म और सीमाओं की सुरक्षा एक साथ संभव है। रक्षा मंत्री ने आध्यात्मिकता और योग को भारतीय संस्कृति में समाहित बताते हुए कहा कि यह मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के साथ-साथ तनाव, चिंता और भावनात्मक उतार-चढ़ाव से निपटने का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने कहा कि एक सतर्क और मजबूत सुरक्षाकर्मी राष्ट्र के लिए प्रकाश स्तंभ बन जाता है, जो किसी भी तूफान का दृढ़ संकल्प के साथ सामना कर सकता है। उन्होंने आवासीय, क्षेत्रीय और ऑनलाइन कार्यक्रमों, विशेष अभियानों और बल-विशिष्ट परियोजनाओं के माध्यम से सुरक्षा बलों को मजबूत करने के लिए ब्रह्माकुमारी संगठन की सुरक्षा सेवा शाखा की सराहना की। श्री सिंह की उपस्थिति में, इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में पूर्व-सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा मंत्रालय और मुख्यालय एसएसडब्ल्यू, ब्रह्माकुमारी के राजयोग शिक्षा और अनुसंधान फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य पूर्व-सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लाभार्थियों को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने और दवाओं पर निर्भरता कम करने की दिशा में मार्गदर्शन करना है।

## पोप फ्रांसिस...

को इस वर्ष 14 फरवरी को एगोस्टिनो जेमेली पॉलीक्लिनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पोप फ्रांसिस की सेहत धीरे-धीरे बिगड़ती गई, और उनके डॉक्टरों को 18 फरवरी को निमोनिया से पीड़ित होने का पता लगा। करीब 38 दिनों तक अस्पताल में रहने के बाद, पोप अपनी रिकवरी जारी रखने के लिए कासा सांता मार्टा स्थित अपने वेटिकन निवास पर लौट आए थे। पोप फ्रांसिस को अक्सर सांस की बीमारियों का सामना करना पड़ा, यहां तक ??कि इन्फ्लूएंजा और फ़ेफड़ों की सूजन के कारण नवंबर 2023 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की पूर्व नियोजित यात्रा भी रद्द करनी पड़ी थी। ईसाइयों के पवित्र पर्व ईस्टर के अगले दिन उनके निधन से ईसाई जगत शोकाकुल है। अप्रैल 2024 में, पोप फ्रांसिस ने पोप के अंतिम संस्कार के लिए धार्मिक पुस्तक ऑर्डो एक्ज़ेक्विअरम रोमानी पोंटिफ़िसिस के दूसरे एवं अद्यतन संस्करण को मंजूरी दी थी, जो अंतिम संस्कार मास का मार्गदर्शन करेगा जिसकी घोषणा अभी तक नहीं की गई है। इस पुस्तक में अंतिम संस्कार के संबंध में कई नए तत्वों का परिचय दिया गया है जिसमें मृत्यु के बाद पोप के नश्वर अवशेषों को कैसे संभाला जाना है, यह भी शामिल है। मृत्यु का पता उस कमरे के बजाय चैपल में लगाया जाता है जहां उसकी मृत्यु हुई थी, और उसके शरीर को तुरंत ताबूत के अंदर रख दिया जाता है। अपोस्टोलिक समारोहों के मास्टर, आर्कबिशप डिएगो रवेली के अनुसार, पोप फ्रांसिस ने अनुरोध किया था कि अंतिम संस्कार को सरल बनाया जाए और ईसा मसीह के पुनर्जीवित शरीर में चर्च के विश्वास को व्यक्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। आर्कबिशप रवेली ने कहा, ल्लनए संस्कार का उद्देश्य इस बात पर और अधिक जोर देना है कि रोमन पोंटिफ का अंतिम संस्कार ईसा मसीह के एक पादरी और शिष्य का है, न कि इस दुनिया के किसी शक्तिशाली व्यक्ति का। इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जिया मेलोनी ने कहा, पोप फ्रांसिस परमपिता के घर लौट गये हैं। ऐसी खबर जो हमें बहुत दुखी करती है, क्योंकि एक महान व्यक्ति और एक महान पादरी हमें छोड़कर चले गए। मुझे उनकी मित्रता, उनकी सलाह और उनकी शिक्षाओं का आनंद लेने का सौभाग्य मिला, जो कठिनाई और पीड़ा के क्षणों में भी कभी विफल नहीं हुई। वाया क्रूसिस के ध्यान में, उन्होंने हमें उपहार की शक्ति की याद दिलाई, जो हर चीज को फिर से विकसित करती है और मनुष्य की नजर में जो असंगत है उसे समेटने में सक्षम है। और उन्होंने दुनिया से, एक बार फिर, रास्ता बदलने का साहस मांगा, उस रास्ते पर चलने के लिए जो नष्ट नहीं करता, बल्कि फिर से खड़ा करता है, साहस देता है, सुरक्षा करता है। हम इस दिशा में चलेंगे, शांति का मार्ग तलाशेंगे, सबकी भलाई के लिए प्रयास करेंगे और एक अधिक न्यायसंगत और न्यायसंगत समाज का निर्माण करेंगे। उनकी शिक्षा और उनकी विरासत नष्ट नहीं होगी। हम दुख भरे मन से पवित्र पिता को विदा करते हैं, लेकिन हम जानते हैं कि वह अब प्रभु के सान्निध्य में परमशांति में हैं।

## प्रशासनिक सेवाओं में ...

आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए अभूतपूर्व गति भी आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्ल हर सेक्टर में देखना होगा कि जो लक्ष्य हमने तय किए गए हैं, उनको पाने के लिए क्या हमारे काम की वर्तमान गति पर्याप्त है। अगर नहीं है तो, हमें उसे बढ़ाना है। हमें याद रखना है, आज जो टेक्नॉलॉजी हमारे पास है, वे पहले नहीं थी। हमें टेक्नॉलॉजी की ताकत के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, घरेलू और वाह्य पहलुओं के बीच बढ़ते पारस्परिक संबंधों को हमें समझते हुए हमें अपने रीति और नीति को बदलना होगा, हमें आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन हो, प्राकृतिक आपदाएं हों, महामारी हो, इंटरनेटजगत के अपराध के खतरे हों, सभी मामलों में कार्रवाई के लिए भारत को 10 कदम आगे रहना ही होगा। हमें स्थानीय स्तर, आंचलिक स्तर पर रणनीति बनानी होगी और क्षेत्रीय स्तर पर विकास करना होगा। वे युवा अधिकारी जो अपनी पेशेवर सेवाओं में कदम रख रहे हैं, आज उन सभी से मैं एक और बात कहूंगा, समाज में कोई भी ऐसा नहीं होता है, जिसके जीवन में, जिसकी सफलता में सोसायटी का, समाज का कुछ न कुछ योगदान न हो। उन्होंने कहा कि समाज के योगदान के बिना, किसी के लिए भी एक कदम भी आगे बढ़ना मुश्किल होता है। और इसलिए, हर कोई अपने-अपने सामर्थ्य के हिसाब से समाज को लौटाना चाहता है। उन्होंने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा, आप सभी तो बहुत भाग्यशाली हैं, कि आपके पास समाज को लौटाने का इतना बड़ा अवसर आपके पास है। आपको देश ने, समाज ने बहुत बड़ा मौका दिया है कि आप ज्यादा से ज्यादा समाज को लौटाएं। श्री मोदी ने अपने संबोधन के शुरू में 21 अप्रैल 1947 को प्रशासनिक अधिकारियों की ऐतिहासिक बैठक में प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के संबोधन का उल्लेख किया जिसके उपलक्ष्य में सिविल सर्विसेज (लोक सेवा दिवस) मनाया जाता है। उन्होंने याद दिलाया कि उस भाषण में सरदार पटेल ने लोक सेवकों को को भारत की इस्पात संरचना कहा था। उन्होंने स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक तंत्र की की नयी मर्यादायें तय की थीं। प्रधानमंत्री ने कहा, श्री पटेल ने कहा कि लोक सेवक एक ऐसा लोक सेवक हो, जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने। जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए। जो ईमानदारी से, अनुशासन से, समर्पण से भरा हुआ हो। जो देश के लक्ष्यों के लिए दिन-रात काम करे। आज जब हम विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो सरदार वल्लभभाई पटेल की ये बातें और ज़्यादा प्रासंगिक हो जाती है। मैं आज सरदार साहब के विजन को नमन करता हूं और उनको भावभीनी श्रद्धांजलि भी देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत का समग्र विकास तभी माना जाएगा जबकि एक भी गांव, एक भी परिवार और एक भी व्यक्ति विकास से अछूता न रहे। श्री मोदी ने कहा, समग्र विकास सिफ नारा नहीं, यह हमारी प्रतिबद्धता है, देश की जनता से हमारा वायदा है। उन्होंने अपने संबोधन में देश के विकास और जन कल्ण के लिए पिछले 10 वर्ष में अपनी सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी।

# पंजाब की सीमा पर तीन ड्रोन, हेरोइन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पर तैनात इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा उपायों से सीमा पार से तस्करी के प्रयासों और अवैध ड्रोनों की घुसपैठ को विफल करते हुए पिछले 24 घंटो दौरान पंजाब में अमृतसर, तरनतारन और फिरोजपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से तीन पाकिस्तानी ड्रोन और मादक पदार्थों की खेप बरामद की तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को बताया कि बीएसएफ जवानों द्वारा विशेष सूचना के आधार पर चलाए गए तलाशी अभियान के तहत रविवार सुबह करीब 11:50 बजे अमृतसर के राजाताल गांव से सटे एक कटे हुए खेत से टूटी हुई हालत में एक डीजेआई माविक-3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया। एक और डीजेआई माविक-3 क्लासिक ड्रोन को बीएसएफ के जवानों ने रविवार दोपहर करीब 03:30 बजे, विशेष इनपुट के आधार पर, फिरोजपुर जिले के गांव-गट्टी राजोके के निकट एक खेत से बरामद किया। इसी प्रकार तीसरा डीजेआई माविक-3 क्लासिक ड्रोन शाम करीब 06:00 बजे अमृतसर जिले के गांव-दाओके के निकट एक कृषि क्षेत्र से बरामद किया गया। माना जा रहा है कि ये सभी ड्रोन सीमा पर तैनात तकनीकी जवाबी उपायों द्वारा तकनीकी हस्तक्षेप के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। एक अन्य मामले में पिछले सप्ताह पकड़े गए एक तस्कर के खुलासे के आधार पर पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ द्वारा की गई संयुक्त तलाशी में रविवार की दोपहर करीब 03:05 बजे तरनतारन जिले के गांव-डल के निकट एक खेत से एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 545 ग्राम) बरामद की गई। इससे पहले बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने रविवार को फिरोजपुर जिले के सीमावर्ती गांव हबीबवाला में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 1.029 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की और एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया। सुबह करीब 03:30 बजे, बीएसएफ जवानों ने गांव- हबीबवाला के एक घर से एक संदिग्ध हेरोइन का पैकेट बरामद किया और उसके बाद पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त तलाशी में घर के पास एक गेहूं के खेत से सुबह करीब 06:20 बजे एक और पैकेट और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। मोटरसाइकिल के मालिक का पता लगाने पर जवानों ने उसी गांव के निवासी एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया जिसने पाकिस्तान स्थित तस्कर के साथ संपर्क होने की बात कबूल की। उसने पिछली रात ड्रोन से गिराई गई खेप को वापस लेने का प्रयास किया था लेकिन बीएसएफ जवानों की हरकत देखकर भाग गया।

# दिल्ली में आआपा नहीं लड़ेगी मेयर का चुनाव ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनना तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम महापौर का चुनाव आम आदमी पार्टी (आआपा) नहीं लड़ेगी। यह घोषणा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी तथा आआपा दिल्ली के संयोजक सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में की। उन्होंने कहा कि आआपा इस बार चुनाव में महापौर उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इससे स्पष्ट हो गया कि अब दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनने जा रही है। दिल्ली में महापौर का चुनाव 25 अप्रैल को होगा। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले भी दिल्ली नगर निगम का चुनाव रुकवाया और परिसीमन के दौरान वार्डों को इधर-उधर किया गया। उन्होंने कहा कि परिसीमन के दौरान जबरदस्त गड़बड़ी और भ्रष्टाचार किया गया। इसके बावजूद भाजपा चुनाव हारी और निगम में आआपा की सरकार बनी। इसके बाद भी दिल्ली नगर निगम बैठकों में भाजपा पार्षदों द्वारा खूब तमाशा किया गया। उसके बाद हमने फैसला किया कि इस बार महापौर चुनाव में हम अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। आतिशी ने कहा कि आआपा दिल्ली नगर निगम में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम चुनाव के दौरान भाजपा ने खूब गड़बड़ी की, इसके बावजूद वह बुरी तरह से हारी। इस पर भी भाजपा नहीं रुकी और आआपा के तमाम पार्षदों को पिछले ढाई सालों में किसी न किसी तरीके से तोड़ा गया। आतिशी ने कहा कि आआपा तोड़फोड़ और खरीद-फरोख्त की राजनीति नहीं करती, इसलिए इस बार हम दिल्ली नगर निगम महापौर का चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब भाजपा अपनी ट्रिपल इंजन की दिल्ली में सरकार बनाए और बिना किसी बहाने के दिल्लीवालों से किए वादों को पूरा करे। आआपा संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में दिल्ली नगर निगम चुनाव की तारीख तय होने के दिन से ही सत्ता के लिए भाजपा की बेताबी साफ नजर आ रही है।

# लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी ने 12 पुलिसकर्मी को किया निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। जिले के बहादुरगंज थाना से बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में एसपी ने 12 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जिसमें 05 अवर निरीक्षक, 02 कांस्टेबल व 05 चौकीदार को निलंबित किया गया है। निलंबित किए जाने वाले पुलिसकर्मियों में अवर निरीक्षक रामबाबू चौधरी, अवर निरीक्षक अंजनी तिवारी, अवर निरीक्षक जिकुल्लाह, अवर निरीक्षक सूरज कुमार, अवर निरीक्षक सावित्री कुमारी, सिपाही जितेंद्र झा, सुरेन्द्र कुमार सुमन शामिल है। इसके अलावा चौकीदार अर्पण कुमार, अशोक लाल, पांडव लाल, विष्णु प्रसाद व सुखदेव शामिल है। रविवार को बहादुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दो चोरी की बाइक के साथ कुल छह आरोपियों को बहादुरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों को थाना परिसर में नियमानुसार अभिरक्षा में रखा गया था। उक्त अवधि में बहादुरगंज थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति में उनमें से एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना की सूचना एसपी सागर कुमार को प्राप्त होते ही एसपी ने अंचल पुलिस निरीक्षक बहादुरगंज से तत्काल प्राथमिक जांच करवाई। सर्किल इंस्पेक्टर के जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि आरोपी को सिरिस्ता में बिना किसी प्रभावी सुरक्षात्मक व्यवस्था के लापरवाही पूर्वक रखा गया था। इस कर्तव्यहीनता व शिथिलता के लिए पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# ‘प्रवेशोत्सव’ के माध्यम से सभी सरकारी विद्यालयों में नये बच्चों को दाखिला दिया जाएगा : धन सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। स्कूल चलो अभियान के तहत ‘प्रवेशोत्सव’ के माध्यम से सभी सरकारी विद्यालयों में नये बच्चों को दाखिला दिया जायेगा। इसके साथ ही स्कूलों में शत-प्रतिशत छात्र नामांकन व मौजूद बच्चों को ठहरने पर भी जोर दिया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों सहित शिक्षक विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिलायेंगे। इसके साथ ही वह स्थानीय लोगों और अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के एडमिशन को लेकर प्रोत्साहित करेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय इंटर कॉलेज रानीपोखरी में आयोजित प्रवेशोत्सव के शुभारम्भ के मौके पर यह बातें कही। मंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छात्र नामांकन बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिये स्कूल चलो अभियान के तहत प्रत्येक राजकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव अनिवार्य रूप से मनाया जायेगा। जिसके तहत विद्यालय में नये बच्चों को दखिला दिया जायेगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा सरकारी विद्यालयों में बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिये प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 लागू कर सरकारी स्कूलों को सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है। सभी राजकीय विद्यालयों में बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्धता कराई जा रही हैं। इसके अलावा सरकार एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप स्कूलों के डिजिटलाइजेशन पर भी फोकस कर रही है। इसके लिये सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, वर्चुअल क्लास, अटल टिंकरिंग लैब, आधुनिक प्रयोगशालाएं आदि की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिससे बच्चे ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी पढ़ाई व प्रयोगात्मक कार्य कर सकेंगे। इसके अलावा विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर स्थाई शिक्षकों की भी नियुक्ति की जा रही है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। मंत्री ने बताया कि प्रवेशोत्सव को सफल बनाने के लिये सभी विभागीय अधिकारियों व शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर डॉ. रावत ने विद्यालय में 23 नव प्रवेशित बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें प्रवेश दिलाया। साथ ही उन्हें नई पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की। जिसमें कक्षा-6 में 16 छात्र-छात्राएं, कक्षा-9 में 5 और कक्षा-12 में 02 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसके उपरांत डॉ. रावत ने पौड़ी जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज सबदरखाल में आयोजित प्रवेशोत्सव में प्रतिभाग कर नवप्रवेशित बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# सरपंच की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तरनतारन। पंजाब में संगठित आपराधिक नेटवर्क पर चल रही कार्रवाई में एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने तरनतारन पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में सितंबर 2024 में सरपंच बचित्तर सिंह उर्फ बिक्कर की जघन्य हत्या के मुख्य आरोपी सुखबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति एक आदतन अपराधी है जिसका एनडीपीएस अधिनियम उल्लंघन, शस्त्र अधिनियम के मामलों और स्नैचिंग की घटनाओं का आपराधिक इतिहास है। आरोपी पुलिस थाना सरहाली, तरनतारन में दर्ज एक प्राथमिकी में वांछित था। उन्होने बताया कि बचित्तर सिंह के सहयोगियों की पहचान करने और उसकी आपराधिक गतिविधियों की पूरी हद तक पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

# चाय दुकानदार की गला रेतकर हत्या, मृतक के हाथ से चाकू बरामद

अररिया। अररिया नगर थाना क्षेत्र में 40 वर्षीय एक चाय दुकानदार मो. कलाम की गला रेत कर हत्या कर दी गई।शव को सोमवार की सुबह जीरो माइल और स्टेशन रोड के बीच एबीसी नहर के किनारे से पुलिस ने बरामद किया है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हत्या के पीछे एक दिन पहले पैसे लेन-देन को लेकर हुए विवाद में हत्या की धमकी मिलने की बात कही जा रही है।पुलिस इस बिंदु के साथ अन्य बिंदुओं पर हत्याकांड को लेकर मामले की जांच में जुट गई है। एबीसी नहर के किनारे शव मिलने की सूचना के बाद एएसपी रामपुकार सिंह, नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे।

# हरीश रावत ने क्षतिग्रस्त टनकपुर–सितारगंज मार्ग का किया निरीक्षण,जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोमवार को हल्द्वानी के गौलापुल के पास क्षतिग्रस्त टनकपुर-सितारगंज मार्ग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। बताते चले कि बीते साल आई भारी बारिश के चलते गौला पुल के पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा बह गया था। इसके चलते गौलापार, सितारगंज और टनकपुर जैसे क्षेत्रों को भारी आवाजाही की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क को दूसरी ओर से बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए 100 से अधिक शीशम के पेड़ भी काटे जा चुके हैं। हरीश रावत ने कहा कि यदि बरसात से पहले सड़क को ठीक नहीं किया गया, तो आगामी मानसून में हालात और भी भयावह हो सकते हैं और कई इलाकों का संपर्क पूरी तरह टूट सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस मुद्दे पर बात करने की बात भी कही। इसके अलावा, उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वह चंपावत के गोलूज्यू मंदिर के दर्शन के बहाने भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करने निकले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 2017 और 2022 के चुनाव में झूठ के सहारे सत्ता हासिल की और मुस्लिम यूनिवर्सिटी जैसे मुद्दों को लेकर राज्य में भ्रम फैलाया।

# तेजस्वी का बिहार में भ्रष्टाचार का आरोप राजनीति से प्रेरित : राजीव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का राज्य में क़ानून व्यवस्था एवं कथित भ्रष्टाचार का आरोप राजनीति से प्रेरित है। श्री प्रसाद ने सोमवार को कहा कि जदयू इतिहास के गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ना चाहता है लेकिन जब श्री तेजस्वी अनाप- शनाप बोलते रहेंगे तो उन्हें आईना दिखाना पड़ेगा। उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि उनकी मां एवं पिता के कार्यकाल में लोगों को क्या-क्या भोगना पड़ा है। लोमहर्षक नरसंहारों, फिरौती के लिए अपहरण, जातीय सेनाओं एवं अतिवादी संगठनों के बीच संघर्ष एवं इलाकाई समानांतर सरकारों एवं बाहुबलियों के कहर से त्रस्त राज्य नीतीश शासन में बदलने लगा ।अराजकता के स्थान पर सुशासन की सरकार स्थापित हुई ।थानों के जीर्णोद्धार,वैज्ञानिक अनुसंधान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सीधी मॉनिटरिंग के बदौलत बिहार प्रति लाख व्यक्तियों के आधार पर अपराध दर देश के ज्यादातर राज्यों से अत्यधिक कम हुआ है। जदयू नेता ने कहा कि भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले तेजस्वी जमीन दो नौकरी लो के बहुचर्चित घोटाले में लगातार एजेंसियों के सामने खड़े हो रहे हैं और उनके पिता लू प्रसाद कुख्यात चारा घोटाला के मामले में सजायफ़्ता होते हुए भी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष पद पर बने हुए हैं ।राजद शासन घोटालों एवं भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका था । पिछले बीस वर्षों के शासन काल में श्री कुमार ने राज्य में भ्रष्टाचार को समाप्त किया।

# शैक्षणिक सत्र आरंभ होते ही बाल संसद का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय खरबा में सोमवार को डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के अंतर्गत बाल संसद का गठन मतदान के द्वारा किया गया। चुने हुए बाल सांसदों को प्रधानाध्यापक शीला कुमारी के द्वारा शपथ दिलाया गया। साथ ही नवनिर्वाचित मंत्रियों को अपने अपने कर्तव्यों के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि रैकिट के सहयोग से हाइजीन एजुकेशन कार्यक्रम विद्यालयों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल्यावस्था से ही बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए जानकारी प्रदान करना एवं स्वच्छ गुणों का विकास करना है। इस कार्यक्रम में बाल सांसदों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। बाल संसद के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, स्वच्छता एवं सामाजिक दायित्व निर्वहन की प्रति जागरूकता सुनिश्चित की जा सकती है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं कुशल नागरिक बनने में सहायता की जा सकती है। नवनिर्वाचित मंत्रियों में प्रधानमंत्री राजीव, उप प्रधानमंत्री सीमा कुमारी, शिक्षा मंत्री बादल कुमार, उप शिक्षा मंत्री सोनी कुमारी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री अजीत कुमार, उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री शबनम कुमारी, जल एवं कृषि मंत्री- मुन्ना कुमार, उप जल एवं कृषि मंत्री साक्षी कुमारी, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री का चयन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक विनीत कुमार, सौरभ साकेत, मुकेश राम, निर्भय कुमार झा, नरेश मंडल, सहदेव पासवान सरिता कुमारी, अनिता कुमारी, पूनम कुमारी, सरिता कुमारी 2 एवं सुप्रिया रानी एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहयोग विद्यालय समन्वयक चंद्रकांत भारती एवं आनंदी प्रसाद सिंह ने किया।

# होशियारपुर की सब्जी मंडी में सफाई ठेकेदार की चाकू मारकर हत्या

होशियारपुर। पंजाब में होशियारपुर की सब्जी मंडी के रेहड़ी बाजार में सोमवार को सफाई ठेकेदार के रूप में काम करने वाले 24 वर्षीय एक व्यक्ति की एक साथी विक्रेता के साथ मामूली आर्थिक विवाद के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुरहिरन पुलिस चौकी के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि मृतक संजीत कुमार बाजार में रेहड़ी भी चलाता था और उसने इसकी सफाई का ठेका भी ले रखा था। वह कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर रात में इलाके की सफाई करता था और हर विक्रेता से 10 रुपये लेता था। उन्होंने बताया कि यह विवाद रविवार रात को हुआ जब पुरहिरन निवासी और संजीत का दोस्त एक विक्रेता ने 40-50 रुपये की बकाया राशि को लेकर उससे बहस की। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी ने कथित तौर पर संजीत पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें पहले स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में गंभीर हालत में उन्हें डी.एम.सी. लुधियाना रेफर कर दिया गया, जहां आज उनकी मृत्यु हो गई। एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063